

■ प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी : वैष्णव - 12




■ सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित - 12




■ होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस - 13



■ प्रतिबंध के बाद भी विनेश फोगाट राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने को तैयार - 14


आज का मौसम
39.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.23
सूर्यास्त 06.48

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी 02:52 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 12 मई 2026, वर्ष 4, अंक 265, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती, न दबाव में ला सकती : मोदी

## कहा- पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद पूरा विश्व भारत को दबोचने मैदान में उतरा, हम डटे रहे

- सोमनाथ अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर में की महा पूजा

सोमनाथ, एजेंसी



गुजरात के वेरावल स्थित सोमनाथ अमृत महोत्सव मंदिर में प्रार्थना करते प्रधानमंत्री मोदी।




सोमनाथ में संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव में नहीं ला सकती है। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। मोदी ने कहा कि सोमनाथ का 'अमृत महोत्सव' केवल अतीत का उत्सव नहीं है, यह अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। कहा कि 11 मई केवल सोमनाथ मंदिर के नए स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ही नहीं, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1998 में आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। उन्होंने कहा, 11 मई 1998, यानी आज के ही दिन, देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था।

हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया। मोदी ने कहा, कई देश इससे नाराज हो गए, वे पूछने लगे कि भारत कौन होता है, जो परमाणु परीक्षण करे। दुनिया की आंखें लाल हो गईं। दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए। संभावित आर्थिक संकट से बचने का हर रास्ता रोकने की कोशिश की गई। ऐसे हालात में कई देश हिल जाते, लेकिन भारत दृढ़ता से खड़ा रहा।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद को नेहरू के विरोध का करना पड़ा था सामना

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के अनेक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से विरोध का सामना करना पड़ा। कहा, हमें विरासत और धरोहर दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की अनदेखी ने दरअसल हमारी प्रगति को बाधित ही किया है। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर में महापूजा और अन्य अनुष्ठानों में भाग लिया।

### जड़ों से जुड़ा रहने वाला राष्ट्र लंबे समय तक रहता मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूत रह सकता है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे। मोदी ने इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने कहा, लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर का वैभव मिटाने का प्रयास किया, वे सोमनाथ को एक भौतिक ढांचा मानकर उससे टकराते रहे! बार-बार इस मंदिर को तोड़ा गया, ये बार-बार बनता रहा हर बार उठ खड़ा होता रहा।

# भारत की आत्मा है सनातन, कोई पराजित नहीं कर सकता : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- वाराणसी में 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में राज्यपाल के साथ शामिल हुए मुख्यमंत्री
- कहा, सनातन को मिटाने की कोशिश करने वाले आक्रांता इतिहास की धूल में मिल गए




**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सनातन संस्कृति को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि इसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता। विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक मंदिरों को तोड़ने और भारत की सांस्कृतिक पहचान मिटाने का प्रयास किया। लेकिन वे भारत की चेतना को नहीं तोड़ सके। जिन्होंने सनातन को मिटाने की कोशिश की, वे खुद इतिहास की धूल में मिल गए।

मुख्यमंत्री सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल हुए। यह आयोजन श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर स्थित त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में किया गया। लोगों ने सोमनाथ मंदिर गुजरात में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष महापूजा के साथ ही कुंभाभिषेक, ध्वजारोहण, पुष्पवृष्टि आदि का सजीव प्रसारण भी देखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन केवल किसी मंदिर, मूर्ति या इमारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की चेतना, जीवन दर्शन और सांस्कृतिक प्रवाह में रचा-बसा है। महमूद गजनवी और औरंगजेब जैसे आक्रांताओं ने मंदिर ध्वस्त किए, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं झुका सके। आज सोमनाथ और काशी विश्वनाथ दोनों भारत के पुनर्जागरण और स्वाभिमान के प्रतीक बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है।

काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राममंदिर, उज्जैन में महाकाल महालोक और सोमनाथ मंदिर का विकास भारत की गौरव यात्रा के नए अध्याय हैं। यह केवल धार्मिक स्थलों का विकास नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के पुनर्स्थापन का अभियान है। योगी ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ शक्तियां आज भी भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों का उत्थान नहीं देखना चाहतीं। यही लोग पहले सोमनाथ मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा और राममंदिर निर्माण के विरोध में खड़े थे, लेकिन अब देश सांस्कृतिक आत्मविश्वास के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

### काशी-सोमनाथ सभ्यता के दो ज्योति स्तंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और सोमनाथ भारत की सभ्यागत चेतना के दो अमर केंद्र हैं। एक ओर गंगा तट पर स्थित काशी ने सनातन की आध्यात्मिक धारा को जीवित रखा, तो दूसरी ओर सागर तट पर स्थित सोमनाथ ने राष्ट्र के स्वाभिमान और पुनर्जागरण की लौ जलाए रखी। उन्होंने कहा कि विनाश क्षणिक होता है, जबकि सृजन शाश्वत होता है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिवमय हुआ माहौल

'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में कथक नृत्यांगना अंकिता भट्टाचार्य ने शिव तांडव की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। डॉ. दिव्या श्रीवास्तव और उनकी टीम ने भगवान सोमनाथ की स्तुति प्रस्तुत की, जबकि बनारस घराने के अंशुमान महाराज के सरोद वादन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### हिमंत असम के सीएम के रूप में आज लेंगे शपथ



**गुवाहाटी।** असम में मंगलवार को हिमंत विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही राज्य में भाजपा नीत राजग सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

### नोएडा : 16 जून से उड़ानें शुरू करेगी अकासा एयर

**नई दिल्ली।** अकासा एयर 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। यह इस नए हवाई अड्डे से सेवाएं शुरू करने वाली दूसरी एयरलाइन होगी। हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को हुआ था और वहां से 15 जून से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने जा रहा है। अकासा ने सोमवार को कहा कि वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी।

# अमेरिका ने ईरान का शांति प्रस्ताव ठुकराया

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी उसके (ईरान) प्रस्ताव को पूरी तरह से अस्वीकार्य करार देते हुए खारिज कर दिया। ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि युद्ध को समाप्त करने में सफलता मिलेगी। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम, समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है जिससे कई देश ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया - यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, अब वे ज्यादा समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। उन्होंने नेतन्याहू से हुई बात को लेकर कहा, बातचीत बहुत अच्छी रही। हमारे संबंध अच्छे हैं। ईरान वार्ता अन्य किसी का नहीं बल्कि मेरा अपना मुद्दा है।

### संकट में संघर्ष विराम



- ट्रंप बोले- पूरी तरह अस्वीकार्य अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

### अवास्तविक मांगों पर अड़ा है अमेरिका : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव उदार और तार्किक था, जबकि अमेरिका अब भी इजराइल की सोच से प्रभावित अवास्तविक मांगों पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गयी, वह हद से ज्यादा नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था।

# वीबी जीरामजी अधिनियम 1 जुलाई से होगा लागू, मनरेगा निरस्त होगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के स्थान पर नया 'विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएगा। नए अधिनियम में एक नया ढांचा होगा जो ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का वैधानिक वैतनिक रोजगार देने का वादा करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इसे ग्रामीण विकास संरचना में एक ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है, जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप है।

# शुभेंदु के पीए का हत्यारोपी अयोध्या से गिरफ्तार

- 9 मई को मां के साथ आया था दर्शन-पूजन करने, होटल से निकलते समय कोलकाता व उप्र पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** कोलकाता व यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के एक आरोपी को अयोध्या से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नौ मई की बताई जा रही है। आरोपी को बंगाल पुलिस अपने साथ कोलकाता ले गई थी। इस संदर्भ में अयोध्या पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।

पं. बंगाल में चुनाव खत्म होने के बाद ही 6 मई की रात मध्यमग्राम के डोडरिया इलाके में चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। प्रारंभिक जांच में घटना के समय मोबाइल टॉवर के मोबाइल का डाटा एकत्र कर उसकी जांच की गई तो उसमें से दो नंबर उत्तर प्रदेश के निकले। इनमें से एक बलिया जिले के निवासी राज सिंह का निकला था।

उसकी गिरफ्तारी के लिए कोलकाता पुलिस ने उप्र पुलिस से सहयोग मांगा था। आरोपी के संबंध में पुख्ता जानकारी एकत्र करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए जाल बुना गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह सात मई को अपनी मां, एक दोस्त व एक अन्य के साथ लखनऊ में एक विधान परिषद सदस्य की पुत्री के विवाह में आया था। आठ मई को वहां से अंबेडकरनगर एक दरगाह पर पहुंचा। इसके बाद नौ मई को वह अयोध्या पहुंचा व अपनी मां के साथ राम मंदिर में दर्शन किया। इसके बाद एक होटल पर खाना खाने के बाद वापस बलिया के लिए रवाना होने के लिए होटल से बाहर निकला तभी उसे कोलकाता व उप्र पुलिस ने दबोच लिया।

### आरोपी की मां बोली, घटना वाले दिन बेटा घर पर था

हत्या आरोपी राज सिंह की मां जामवंती सिंह बलिया डाकघर में कार्यरत हैं। उन्होंने बलिया में पत्रकारों को बताया कि वह सात मई को अपने बेटे राज सिंह, उसके दोस्त मोनू सिंह व एक फोटोग्राफर के साथ अपनी गाड़ी से लखनऊ में एमएलसी की बेटी में शादी में शामिल होने के लिए निकली थी। लखनऊ में वह एक गेस्ट हाउस में रुकी। राज अपने साथियों के साथ शादी में शामिल होने गया। रात करीब 11 बजे वापस आकर सब सो गए। दूसरे दिन आठ मई को सभी लखनऊ से अंबेडकरनगर स्थित एक बाबा की दरगाह पर गए, जहां चादर चढ़ाई व बेटे के लिए मन्नतें मांगी। यहां से नौ मई की सुबह हम सभी करीब 7 :30 बजे अयोध्या पहुंचे। यहां 8 :30 से नौ बजे के बीच रामलला का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद एक होटल में खाना खाया। यहां से जब हम वापस बलिया के लिए निकलने वाले ही थे कि पुलिस ने हम सभी को पकड़ लिया। बताया कि पुलिस वाले मुझे महिला थाना में ले गए, मेरे बेटे राज को कहां ले गए, कुछ नहीं पता। कुछ देर बाद पुलिस वाले एक गाड़ी में उसे लेकर आए और बताया कि इसे कोलकाता लेकर जा रहे हैं। मां जामवंती ने बताया कि राज कभी भी बंगाल नहीं गया, जिस दिन की घटना बताई जा रही उस दिन वह घर पर ही था। मेरे घर में सीसीटीवी लगा है, उसे देखा जा सकता है। शादी के पहले उसने कुछ खरीदारी भी की थी, उसकी रसीद भी है, साथ जिस दुकान से खरीदारी की थी, वहां के भी सीसीटीवी फुटेज को देखा जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बेटे को न्याय दिलाने की अपील की।

### स्थानीय राजनीति में है अच्छी पकड़

राज सिंह की बलिया की स्थानीय राजनीति में अच्छी पकड़ थी। वह क्षत्रिय महासभा का महासचिव भी है। उसके पिता स्व. केशव सिंह थे। उसके आपराधिक इतिहास की बात करें तो वर्ष 2020 में उसके खिलाफ हत्या का एक केस दर्ज हुआ था, जिसमें वह जमानत पर है।

# लोकतंत्र को हाईजैक नहीं होने देंगे, बहाल की विधायकी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा की कर्नाटक विधानसभा सदस्यता फिलहाल बहाल कर दी है। न्यायालय ने तीन मई 2026 को हुई उन डाक मतपत्रों की दोबारा जांच के नतीजे पर भी रोक लगा दी है, जिसमें भाजपा के नेता डीएन जीवराज को विजेता घोषित किया गया था।

पीठ ने यह आदेश दिया है। पीठ ने गौर किया कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केवल 279 खारिज हुए मत पत्रों की जांच के आदेश दिए थे, लेकिन चुनाव अधिकारी ने उन 562 सही वोटों को भी दोबारा गिन लिया जो पहले ही श्री राजेगौड़ा के पक्ष में गिने जा चुके थे। न्यायालय ने पाया कि चुनाव अधिकारी ने राजेगौड़ा के उन 562 वोटों में से 248 वोट घटा दिए, जिससे मुकाबला भाजपा उम्मीदवार जीवराज के पक्ष में झुक गया। इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए पीठ ने कहा कि लोकतंत्र को इस तरह 'हाईजैक' करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। निर्देश दिया कि दोबारा गिनती के बाद उठाए गए सभी कदम तब तक रुके रहेंगे जब तक राजेगौड़ा की अपील पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता। मामला 2023 का है।

### एसआईआर पर ममता व अन्य को नई याचिकाएं दायर करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** कोटर् ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य व्यक्ति अपने इन दावों के संबंध में नई याचिकाएं दायर कर सकते हैं कि राज्य में हाल में हुए चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान हटाए (डिलीट किए) गए वोटों की तुलना में कम रहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के इस आरोप के बाद की कि 31 सीट पर जीत का अंतर 'डिलीट' किए गए मतों के मुकाबले कम रहा।

**आदेश** | पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार ने पहली बैठक में लिया बड़ा फैसला, केंद्र की कई योजनाएं राज्य में की शुरू

# बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी के लिए बीएसएफ को मिलेगी जमीन

- नए आपराधिक कानून लागू होंगे आयुष्मान पर भी काम शुरू

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और नीतिगत उपायों की घोषणा की, जिनमें राज्य को केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना में शामिल करना, सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि का हस्तांतरण और बीएनएस आपराधिक कानून को लागू करना शामिल है।

ये निर्णय पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक के दौरान लिए गए, जिसकी अध्यक्षता अधिकारी ने की और जिसमें शपथ लेने वाले पांच मंत्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ नौकरशाह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बंगाल अब आयुष्मान भारत योजना का हिस्सा बन जाएगा, साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, किसानों को फसल बीमा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सरकारी स्कूलों के उन्नयन के लिए पीएम श्री योजना और कारीगरों एवं शिल्पकारों को समर्थन देने वाली प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी कई अन्य केंद्रीय कल्याणकारी परियोजनाओं का भी हिस्सा होगा। महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना और रियायती दरों पर खाना पकाने के रसोई गैस प्रदान करने वाली उज्ज्वला 3.0 योजना भी लागू की जाएगी। आरोप है कि ममता बनर्जी के पूर्व शासनकाल में राजनीतिक कारणों से इन योजनाओं को राज्य के लोगों की पहुंच से बाहर रखा गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बांग्लादेश के साथ देश की खुली सीमाओं को सील करने और अवैध सीमा पार प्रवासन पर अंकुश लगाने के वादे को लागू करते हुए, अधिकारी मंत्रिमंडल ने अपनी पहली ही बैठक में सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दे दी। बांग्लादेश के साथ 2,216.7 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें से लगभग 569 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ नहीं लगी है।

### पश्चिम बंगाल में आईपीसी की जगह अब बीएनएस

एक महत्वपूर्ण आरोप में, अधिकारी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) - आपराधिक कानून जिन्होंने क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) अधिनियमों का स्थान लिया है - संसद के दोनों सदनों द्वारा बहुत पहले पारित किए जा चुके हैं, राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त कर चुके हैं और जिनके नियम पहले ही तैयार किए जा चुके हैं और भारत के अन्य हिस्सों में लागू किए जा चुके हैं, लेकिन बंगाल में इन अधिनियमों को अब तक आधिकारिक तौर पर लागू नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा, संविधान के इस उल्लंघन के बारे में जानकर हमें आश्चर्य हुआ। मंत्रिमंडल ने बंगाल में इसके तत्काल प्रभाव से लागू होने की मंजूरी दे दी है।

अमृत विचार

अयोध्या, मंगलवार, 12 मई 2026

प्रदेश

न्यूज ब्रीफ

## पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिले शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सत्र 2026-27 के लिए स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। लखनऊ, गोरखपुर, सैफई, फतेहपुर और सहारनपुर स्थित पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6, 9 और 11 की कुल 518 संभावित रिक्त सीटों पर दाखिले होंगे। खास बात यह है कि सहारनपुर और फतेहपुर के नए स्पोर्ट्स कॉलेजों में पहली बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रदेश सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है। अभ्यर्थी स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ वेबसाइट और खेल साथी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। इस बार आवेदन के लिए यूडाइस पोर्टल से जारी पर्मानेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पीईएन नंबर के आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। सरकार ने चयन प्रक्रिया को पूरी तरह मेरिट और प्रदर्शन आधारित रखा है। फतेहपुर और सहारनपुर के नए स्पोर्ट्स कॉलेजों में फिलहाल कक्षा 9 के लिए प्रवेश शुरू किए गए हैं।

## पांडुलिपियों की विरासत पर राष्ट्रीय मंथन 13 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राजकीय अभिलेखागार अपने 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 13 मई को राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय संगोष्ठी और अभिलेख प्रदर्शनी आयोजित करेगा। शहीद स्मृति भवन में होने वाले इस कार्यक्रम का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा में पांडुलिपियों का महत्व एवं भावी पीढ़ी के लिए उपयोगिता' रखा गया है। कार्यक्रम में प्रो. अजय तनेजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. अविनाश चन्द्र मिश्रा मौजूद रहेंगे। संगोष्ठी में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी समेत विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वान भारतीय ज्ञान परंपरा, पांडुलिपियों और अभिलेख संरक्षण पर अपने विचार रखेंगे।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 2654 का चालान

**अमृत विचार, लखनऊ :** शराब पीकर वाहन चलाने को लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर विगत शनिवार और रविवार को प्रदेश भर में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 69,683 वाहनों की जांच की गई। मद्यपान कर वाहन चलाते हुए पाये गये 2,654 वाहन चालकों का 2 करोड़ 65 लाख 40 हजार (2,65,40,000) रुपये चालान किया गया। अभियान जनपदीय नोडल अधिकारी यातायात एवं क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रदेश में कुल 135 टोल प्लाजाओं पर यातायात एवं नागरिक पुलिस के कुल 3,645 अधिकारी एवं कर्मचारी, जिनमें 135 निरीक्षक, 270 उपनिरीक्षक, 1,080 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी (पुरुष), 1,080 मुख्य आरक्षी/आरक्षी (महिला) एवं 1,080 होमगार्ड अभियान में तैनात रहे। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि विगत वर्षों में घटित सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में घटित कुल सड़क दुर्घटनाओं में क्रमशः 8.61%, 6.05% एवं 3.51% दुर्घटनाएं मद्यपान कर वाहन चलाने के कारण हुईं।

## किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मिलेंगे बीज : सूर्य प्रताप शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि खरीफ 2026 सीजन में किसानों को समय से



गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। किसानों को धान, उड़द, मूंग, तिल और मोटे अनाजों के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही दलहन और तिलहन फसलों के मिनी किट भी वितरित किए जाएंगे। कृषि भवन में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने बताया कि इस खरीफ सीजन में कुल 1,96,117 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें 15 मई से 80 हजार क्विंटल धान बीज का वितरण शुरू होगा। राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत 49,129 क्विंटल दलहन बीज तथा मूंगफली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 57,446 क्विंटल बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने साफ कहा कि खाद की कालाबाजारी और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा विश्वनाथ के दरबार में नतमस्तक हुई राज्यपाल और मुख्यमंत्री

## सोमनाथ के पवित्र जल से किया जलाभिषेक, लोकमंगल और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- शंखध्वनि, डमरू और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा काशी विश्वनाथ धाम

**अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह काशी पहुंचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से लाए गए पवित्र जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अंगवस्त्र और रुद्राक्ष की माला भी भेंट की।

'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, अटूट आस्था की गौरव गाथा' के अंतर्गत आयोजित 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में शामिल होने पहुंचे दोनों अतिथियों ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में माथा टेककर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना की। सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चकों ने संयुक्त रूप से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। सोमवार के कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, और जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### 'ॐ जप' में शामिल हुए अतिथि

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में सामूहिक 'ॐ जप' में हिस्सा लिया। इसके बाद सोमनाथ भवन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति के रूप में निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना और आरती की।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी देखी

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सोमनाथ भवन में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सोमनाथ मंदिर के इतिहास, पुनर्प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े चित्रों व जानकारियों को प्रदर्शित किया गया था।

## पीएम आवास योजना के तहत प्रदेश में बनेंगे 63,433 नए घर

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत प्रदेश के शहरी गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की बैठक में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) योजना के अंतर्गत 55 जिलों के 225 नगर निकायों के लिए 63,433 नए आवासों की डीपीआर को मंजूरी दी गई। नई स्वीकृतियों के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत बीएलसी घटक में अब तक स्वीकृत आवासों की कुल संख्या बढ़कर 3,68,138 हो जाएगी।

# खुले स्थलों के व्यावसायिक उपयोग पर हाईकोर्ट सख्त

## सरकार और प्राधिकरणों को व्यवस्था पर पुनर्विचार के आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

- रात 10 बजे के बाद तेज आवाज वाले आयोजनों पर भी रोक लगाने के आदेश

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पार्कों, खेल मैदानों और अन्य खुले स्थलों के व्यवसायिक इस्तेमाल पर नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार और संबंधित प्राधिकरणों को इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पर्यावरण, पक्षियों और आसपास रहने वाले लोगों पर प्रतिकूल असर पड़ता है।



कोर्ट ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पार्कों, खेल मैदानों और खुली जगहों का सर्वे कराने तथा उन्हें उत्तर प्रदेश पार्क, खेल मैदान और खुली जगह संरक्षण एवं विनियमन अधिनियम-1975 के तहत तैयार की जाने वाली सरकारी सूची में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने इन स्थलों का पूरा विवरण भी पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने यह आदेश धर्मपाल यादव की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क समेत अन्य पार्कों में होने वाली व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अधिनियम की धारा-6 के अनुसार सूचीबद्ध पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थलों का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जा सकता है, किसी अन्य गतिविधि के लिए संबंधित प्राधिकरण की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। इसी के साथ कोर्ट ने शादी-विवाह और अन्य समारोहों में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज और ध्वनि प्रदूषण पर भी सख्त रुख अपनाया।

कोर्ट ने राज्य सरकार, पुलिस, नगर निगम और विकास प्राधिकरणों को निर्देश दिया कि तय मानकों से अधिक शोर होने पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी कहा कि आम लोगों, बच्चों और बुजुर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण जरूरी है।

## डिग्री कॉलेजों को भी रैंकिंग दिलाने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊः** योगी सरकार ने प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में अब नया लक्ष्य तय किया है। अब सरकार डिग्री कॉलेजों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग दिलाने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए कॉलेजों के प्राचार्यों और शिक्षकों को विशेष कार्यशालाओं के जरिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार अब केवल विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि डिग्री कॉलेजों को भी उत्कृष्टता के नए मानकों तक पहुंचाने पर फोकस कर रही है।

# महिलाओं के सशक्तीकरण को 495 करोड़ रुपये की सौगात

## एनआरएलएम के तहत एससी-एसटी मद में धनराशि जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वयं सहायता समूहों, स्वरोजगार और आजीविका कार्यक्रमों को मिलेगी रफ्तार

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत ग्रामीण महिलाओं और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 495 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की है। ग्राम्य विकास विभाग ने सोमवार को दो अलग-अलग शासनादेश जारी कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मद में केंद्रांश के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि जारी करने की मंजूरी दी।

जारी शासनादेश के अनुसार, अनुसूचित जाति मद में 482.14 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें केंद्र सरकार का 289.28 करोड़ रुपये और राज्य सरकार का 192.85 करोड़ रुपये का अंश शामिल है। वहीं अनुसूचित जनजाति मद में 13.77 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिसमें 8.26 करोड़ रुपये केंद्रांश और 5.51 करोड़ रुपये राज्यांश के रूप में दिए जाएंगे। यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2026-27 में एसएनए स्पर्श प्रणाली के माध्यम से खर्च की जाएगी। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि राशि का उपयोग राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की गाइडलाइन और वित्तीय नियमों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। धनराशि के उपयोग, सत्यापन और लक्ष्य पूर्ति की जिम्मेदारी आयुक्त ग्राम्य विकास और मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को सौंपी गई है।

# माफिया कुंटू सिंह की बड़ी हवेली कुर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर सोमवार को माफिया ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुन्टू सिंह की लगभग डेढ़ करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया गया। कुर्क किया गया भवन बड़ी हवेली के नाम से चर्चित है। बता दें कि कुंटू सिंह पर कुल 78 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी के मुताबिक, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटु सिंह प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया है। जिसने अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, धोखाधड़ी एवं अन्य संगठित अपराधों के माध्यम से अवैध धन अर्जित किया है तथा ग्राम छपरा सुल्तानपुर स्थित लगभग 23 वर्ष पुराने भवन का अवैध धन से व्यापक जिर्णोद्धार व निर्माण कार्य कराया गया। "बड़ी हवेली" अपराधियों एवं गैंग के सदस्यों के जमावड़े, रंगदारी की रकम के बंटवारे तथा आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाने का प्रमुख केंद्र रही है।

# सरकार संरक्षित करेगी 40 ऐतिहासिक स्मारक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्रदेश के 40 स्मारकों और एतिहासिक स्थलों को संरक्षित घोषित करने का निर्णय लिया है। साथ ही तीन स्थलों को असंरक्षित घोषित किया गया है। संरक्षित किए जाने वाले कई स्मारक 2,500 से 3,000 वर्ष पुराने हैं, जबकि कुछ अवशेष कुषाण काल के प्रतीत होते हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जर्जर और खंडहर में तब्दील हो रहे इन स्मारकों को संरक्षित कर नया स्वरूप दिया जाएगा। पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे धार्मिक और विरासत पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

संरक्षित किए जाने वाले स्मारक सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी, कानपुर नगर, रायबरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, देवरिया, जालौन, ललितपुर, झांसी, महोबा, गाजीपुर, वाराणसी, आगरा, मैनपुरी, सहारनपुर और रामपुर में स्थित हैं।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में रामपुर फिर रहा अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनशिकायतों के निस्तारण में बरेली दूसरे व पीलीभीत तीसरे नंबर पर

**अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड की अप्रैल माह की रैंकिंग में रामपुर ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। जबकि बरेली को दूसरा और पीलीभीत को तीसरा स्थान मिला है। प्रदेश सरकार का सीएम डैशबोर्ड एक अहम मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म है। इसके माध्यम से सरकार को जिलों के प्रदर्शन की रीयल टाइम जानकारी मिलती है।

अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण, बेहतर फीडबैक और प्रशासनिक जवाबदेही के आधार पर रामपुर ने 10 में से 9.42 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि बरेली को 9.41 अंक और पीलीभीत 9.36 अंक मिले हैं। साफ है कि बरेली और रामपुर में अंतर बेहद मामूली है। अप्रैल माह की रैंकिंग में इटावा 9.35 अंक के साथ चौथे, हमीरपुर 9.33 अंक के साथ पांचवें और महराजगंज 9.31 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। इसके अलावा शाहजहांपुर सातवें, सीतापुर आठवें, हरदोई नौवें और औरैया दसवें स्थान पर रहे।

# स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण के लिए 17 तक खुला पोर्टल

- नियंत्रक अधिकारियों से अग्रसारित आवेदन ही होंगे मान्य, पुराने प्रार्थनापत्र पोर्टल से हटाए जाएंगे

**अमृत विचार , लखनऊ :** प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल 11 मई से 17 मई 2026 की मध्य रात्रि तक खोला जाएगा। यह निर्णय सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण की अध्यक्षता में लिया गया है।

महानिदेशक ने बताया कि बैठक में स्पष्ट किया गया कि पोर्टल पर केवल 5 मई 2026 या उसके बाद किए गए ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। इससे पहले किए गए सभी आवेदन स्वतः निरस्त माने जाएंगे और उन्हें पोर्टल से डिलीट कर दिया जाएगा। 5 मई से पहले स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को अब नया आवेदन नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर पुनः अपलोड करना होगा।

महानिदेशक कार्यालय ने निर्देश दिया है कि केवल वही आवेदन स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल किए जाएंगे, जिन्हें संबंधित नियंत्रक अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन अग्रसारित किया गया हो। बिना संस्तुति वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। पोर्टल पर आवेदन प्राप्त होने के बाद विभागीय स्तर पर पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानांतरण प्रक्रिया की आगे की कार्रवाई और अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## नकारात्मक राजनीति कर रहे राहुल और अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी



और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं की सोच इतनी नकारात्मक हो चुकी है कि वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर भी राजनीति करने से नहीं चूकते।

उप मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशहित में नागरिकों से सीमित संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील की थी, लेकिन राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने इसे भी राजनीतिक चश्मे से देखने का प्रयास किया। विपक्ष की यह प्रतिक्रिया उसकी राजनीतिक कुंठा और निराशा को दर्शाती है।

# चुनाव खत्म होते ही सरकार को याद आया 'संकट'

- देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा: अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊः** अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को अचानक संकट याद आ गया। अगर हालात इतने गंभीर थे तो चुनाव के दौरान हजारों चार्टर उड़ानें क्यों भरी गईं? उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट सिर्फ एक है और उसका नाम भारतीय जनता पार्टी है।



सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अगर इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं तो सरकार जिस 'पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' का दावा करती रही है, उसकी सच्चाई अब सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के हाथ से हालात की लगाम पूरी तरह छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और रुपया कमजोर होता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि आम जनता तो महंगाई के कारण सोना खरीदने की स्थिति में ही नहीं है, जबकि भाजपा से जुड़े लोग अपनी काली कमाई को सोने में बदलने में लगे हैं।

## कैबिनेट विस्तार का दिखना चाहिए असर : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊः** बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसका वास्तविक प्रभाव आमजन के हित में दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कैबिनेट विस्तार से गरीबों, मजदूरों, किसानों,



युवाओं और महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं दिखता, तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ मानेंगे। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर तबकों के जान-माल और धर्म की सुरक्षा सुनिश्चित होना सरकार और मंत्रियों की पहली संवैधानिक जिम्मेदारी है। लोगों को न्याय मिलता हुआ महसूस होना चाहिए और यह सरकार के कार्यों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित भी होना चाहिए।

सब्सिडी योजना — आकांक्षी जिलों में प्राथमिकता के आधार पर लागू होगी योजना

# बकरी पालन को मिलेगा 90 प्रतिशत अनुदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भूमिहीन, कृषि मजदूर, सीमांत किसान और निराश्रित व विधवा महिलाओं को मिलेगा लाभ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बकरी पालन सब्सिडी योजना शुरू की है। योजना के तहत लाभार्थी को केवल छह हजार रुपये जमा करने होंगे, जबकि शेष 54 हजार रुपये राज्य सरकार अनुदान के रूप में देगी। इस राशि से एक बकरा और पांच बकरियों की यूनिट खरीदी जाएगी।

आकांक्षी जिलों में इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। योजना से गरीब और



निराश्रित परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। इस संबन्ध में पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय ने सभी जिलाधिकारियों एवं पशुपालन विभाग के निदेशक आदेश जारी कर दिया है।

### एक यूनिट में क्या मिलेगा

योजना के तहत एक यूनिट में एक नर बकरा और पांच मादा बकरियां शामिल होंगी। इसके लिए लगभग 10 हजार रुपये का बकरा और नौ-नौ हजार रुपये की पांच बकरियां खरीदी जाएंगी। कुल लागत करीब 60 हजार रुपये होगी।

### इन्हें मिलेगी प्राथमिकता

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। भूमिहीन महिला-पुरुष, विधवा, निराश्रित महिलाएं और बेरोजगार परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को भी वरीयता मिलेगी। उपलब्धता के अनुसार तीन प्रतिशत लाभार्थी दिव्यांगजन होंगे।

### जिला स्तर पर होगी चयन प्रक्रिया

योजना के संचालन के लिए जिला स्तर पर तीन सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। इसमें उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अध्यक्ष, संबंधित क्षेत्र के पशु चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव और ग्राम प्रधान सदस्य होंगे। ग्राम प्रधान के अनुमोदन के बाद आवेदन समिति के पास भेजे जाएंगे।

# यूरोप की तरह अब हॉट वाटर ट्रीटेड आम ही खरीदेगा नेपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नेपाल ने आम के निर्यात में लागू की अनिवार्यता

**अमृत विचार :** अब नेपाल यूरोपीय देशों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश से उपचारित आम खरीदेगा। निर्यात के लिए फल का हॉट वाटर ट्रीटमेंट होगा। ये विधि फल को उपचारित करके रोग व कीट मुक्त करती है। हॉट वाटर ट्रीटमेंट से उपचारित फल व सब्जियां यूरोपीय देशों की अनिवार्यता है। इससे पहले नेपाल बिना कोई मानक के सीधे आम व सब्जियों की खरीद करता था।

नेपाल की मांग पर निर्यातकों ने ऑर्डर लेने के साथ अन्य प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो मलिहाबाद के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस में आम का हॉट वाटर ट्रीटमेंट कराएंगे और यहां से प्रमाणन लेकर निर्यात करेगा। पैक हाउस के संचालक अमित अग्रवाल ने बताया कि निर्यातक शुरुआती दौर में दक्षिण राज्यों से आम खरीदेंगे। जो मई अंत तक पैक हाउस में लाकर हॉट वाटर ट्रीटमेंट कराएंगे। जून शुरुआत से नेपाल निर्यात करेंगे। इसके बाद लखनऊ समेत अन्य जिलों से आम आने लगेगा, जो अन्य देशों में निर्यात किया जाएगा।

### 15 व 16 को मलेशिया से आएगा दल

15 व 16 को मलेशिया से अधिकारी और विशेषज्ञों का दल लखनऊ आएगा। जो एपिडा और उद्यान विभाग के साथ बागों का विजिट करेगा। मुख्य रूप से आम के बाग, उनका पंजीयन, पैदावार, गुणवत्ता, पेस्टिसाइड के इस्तेमाल की मात्रा आदि का परीक्षण करेगा। मानकों पर खरा उतरने पर मलेशिया के लिए आर्डर मिलने की उम्मीद है। पिछले सप्ताह दिल्ली से टीम भी बागों का भ्रमण कर चुकी है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे बनेगा गार्डन और खेल मैदान

## राज्य स्मार्ट सिटी के तहत करीब 3 करोड़ की लागत से होगा सौंदर्यीकरण

- दोनों तरफ के पिलर चिह्नित, अतिक्रमण मुक्त करने को बनाई है योजना

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो गई है। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे व्यर्थ पड़ी जगह को उपयोगी बनाते हुए आधुनिक गार्डन, खेल मैदान और पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी। इस परियोजना पर करीब तीन करोड़ रुपये का व्यय होना है। टेंडर हो गया।

प्रशासन ने दोनों तरफ के पिलरों को चिह्नित कर लिया है। इस क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर सुंदर पार्क, खेल सुविधाएं और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे स्थानीय निवासियों को न सिर्फ मनोरंजन का स्थान मिलेगा बल्कि यातायात की भी सुविधा बढ़ेगी।

फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे विकसित होने वाले गार्डन में हरे-भरे लॉन, आकर्षक फूलों की क्यारियां, वॉकिंग ट्रैक और बैठने की व्यवस्था होगी। बच्चों के लिए अलग से खेल क्षेत्र बनाया जाएगा। जिसमें झूले, स्लाइड जैसे आधुनिक खेल उपकरण लगाए जाएंगे। युवाओं के लिए बास्केटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां पर स्थानीय लोग सुबह और शाम को प्राकृतिक वातावरण में कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे।



फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ा स्थान। अमृत विचार

इसके अलावा पर्याप्त पार्किंग स्पेस बनाया जाएगा ताकि आसपास आने वाले वाहनों को पार्किंग की समस्या न हो। रात के समय पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने की योजना है। इससे पहले उदया ओवरब्रिज के नीचे भी इसी तरह की व्यवस्था की गई है। हालांकि अफसरों का दावा है कि फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे और अच्छी व्यवस्थाएं होंगी।

**अतिक्रमण से बचाने को बनाई थी योजना :** फतेहगंज ओवरब्रिज के नीचे की जगह लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी थी। खबरें अतिक्रमण को लेकर भी आती रही। कूड़ा फेंकने का भी मामला सामने आया था। इसे देखते हुए नगर निगम की ओर से कार्ययोजना शासन को भेजी गई थी। इसके बाद सहायक निदेशक लेखा स्मार्ट सिटी अखिल सिंह की ओर से नगर आयुक्त को पत्र भेजकर डीपीआर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। शासन स्तर पर प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम की ओर से डीपीआर की प्रक्रिया शुरू की गई।


> प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर निकाल दिया गया है। गार्डन, जिम, खेल मैदान व पार्किंग बनने के बाद जगह का प्रयोग किया जा सकेगा। स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत मिल जाएंगी।
> –जयेंद्र कुमार, नगर आयुक्त

# बाउंड्रीवॉल समेत अन्य काम दिसंबर तक करें पूरा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को राम मंदिर परिसर में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर उसे दिसंबर माह तक पूर्ण करने का निर्देश दिया है। राम मंदिर करा निर्माण काम पूर्ण हो चुका है, वर्तमान में बाउंड्री वॉल, ट्रस्ट भवन, ऑडिटोरियम और अतिथि गृह का निर्माण काम चल रहा है।

बैठक के अंतिम दिन सोमवार को अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि बाउंड्री वॉल 3.5 किमी. की है। सुरक्षा की दृष्टि से 25 वाच टॉवर बनाए जा रहे हैं। प्रयास है वर्ष 2026 के अंत तक सभी काम पूरे हो जाए। इसके लिए अलग-अलग शिफ्ट में कार्य करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**दिसंबर में भक्तों के लिए खुल जाएगा संग्रहालय:** अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामकथा संग्रहालय को दिसंबर में श्रद्धालुओं के लिए खोलने की तैयारी है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राम मंदिर के सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए एक अत्याधुनिक संरक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गई है। यह प्रयोगशाला दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सहयोग से तैयार की गई है। बताया कि आईजीएनसीए की ओर से दो अनुभवी विशेषज्ञ अयोध्या में तैनात किए गए हैं, जो अगले तीन वर्षों तक स्थानीय कर्मचारियों को संरक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण देंगे। कहा कि इस प्रयोगशाला का मुख्य उद्देश्य राम मंदिर परिसर में मौजूद पुरातात्विक और सांस्कृतिक विरासत को लंबे समय तक सुरक्षित और संरक्षित रखना है। मंदिर परिसर में बन रही भव्य हनुमान गैलरी का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।



श्रीराम मंदिर परिसर में निरीक्षण करते निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र। अमृत विचार

## जनपदीय जूनियर तैराकी प्रतियोगिता 14 मई को

**अयोध्या, अमृत विचार:** क्षेत्रीय खेल कार्यालय व उप्र खेल विकास प्रोत्साहन समिति के संयुक्त समन्वय से डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला स्तरीय तैराकी स्पर्धा 14 मई को आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया तीन बजे से आयोजित होने वाली जूनियर बालक व बालिका तैराकी स्पर्धा में खिलाड़ी पंजीकरण करा कर प्रतिभाग कर सकते हैं। बालिका वर्ग में फ्रीस्टाइल 50 मीटर व बैक स्ट्रोक 50 मीटर की स्पर्धा होगी। बालक वर्ग में फ्री स्टाइल 100 मीटर व बैक स्ट्रोक 100 मीटर स्पर्धा होगी। प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता तैराकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जानलेवा हमले में पांच आरोपियों को जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र में रंजिश को लेकर उमन्नी जंगल में ले जाकर रईसुद्दीन पर लाठी डंडा, लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने के मामले में पांच आरोपियों संजय यादव, विकास मिश्र, सुरजीत यादव, विशाल यादव व भल्लू उर्फ राजन की जमानत मंजूर हो गयी है। यह आदेश जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने सोमवार को दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरिओम दूबे ने तर्क दिया कि कथित घटना का कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है। वादी मुकदमा सैमुद्दीन भाई रईसुद्दीन संग उमन्नी पिपरी जंगल के पास बछड़ा पकड़ने गया था। इस दौरान लोगों के दौड़ाने पर व गिर गया था और उसे चोट आयी। घटना की रिपोर्ट घायल के भाई सैफुद्दीन की तहरीर पर संजय यादव समेत छह हमलावरों के विरुद्ध नामजद लिखाई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध किसान की मौत

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के लखौरी गोपीनाथपुर के पास बने अंडरपास मे बरसात का पानी भर गया। इसके कारण ट्रैक पार कर रहे वृद्ध की ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो इसी थाना क्षेत्र लखौरी सुखराम वर्मा (62) के रूप में पहचान हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज ने बताया कि मृतक पेशे से किसान था। शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवाया गया है। परिजनों के अनुसार सुबह घर से दवा लेने निकला था।

### हादसे में बाइक सवार भाई-बहन घायल

**इनायतनगर, अमृत विचार :** पुलिस चौकी कुचेरा अंतर्गत अयोध्या–रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह हुए डीडी पब्लिक स्कूल के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार शुकुलपुर खानपुर की संजना यादव (23) व उसके भाई चंद्रकांत यादव को टक्कर मार दी। हादसे में भाई–बहन घायल हो गये। लोगों ने हेल्पलाइन 1033 पर सूचना दी। पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष इनायतनगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### ऑटो सवार महिलाओं ने उड़ाई सोने की चेन

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में एक बार फिर महिला चोर गिरोह ने एक वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने ऑटो में सवार एक महिला के गले से सोने की चेन उड़ा दी। पीड़िता नंदनी निवासी देवकाली कोतवाली अयोध्या ने बताया कि वह नौ मई को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज से ऑटो से घर जा रही थी। ऑटो में पहले से ही चार महिलाएं बैठी थीं। जब वह घर पहुंची तो देखा कि उनके गले में पहनी सोने की चेन गायब है।

### अनुपस्थित डॉक्टर से स्पष्टीकरण तलब

**सोहावल, अमृत विचार :** पीएचसी बड़ागांव में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं आयुष डॉ .अनिल सिंह के सहारे चली। मरीजों की जांच और उपचार की जिम्मेदारी आयुष चिकित्सकों ने निभाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि विशेषज्ञ डॉ. संग्राम सिंह अनुपस्थिति थे। सीएचसी सोहावल की प्रभारी डॉ. आकांक्षा वर्मा ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में डॉ. संग्राम सिंह की ड्यूटी थी। उनके द्वारा किसी भी प्रकार की न पहुंचने कि सूचना दी गई। इसके लिए उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। स्पष्टीकरण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खजुरहट में बनेगा जिले का पहला उत्सव भवन

- विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने किया भूमि पूजन व शिलान्यास

बीकापुर, अयोध्या।

**अमृत विचार:** बीकापुर विधानसभा अंतर्गत खजुरहट ग्राम पंचायत में 1.41 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले उत्सव भवन के निर्माण कार्य का सोमवार को विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। अयोध्या-प्रयागराज हाईवे से कुछ दूरी पर प्रस्तावित यह भवन अयोध्या जनपद का इकलौता उत्सव भवन होगा। विधायक ने बताया कि खजुरहट ग्राम पंचायत में प्रस्तावित उत्सव भवन शासन द्वारा ग्राम पंचायत को दी गई सौगात है। कार्य योजना को मूर्ति रूप देने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय टीम निगरानी समिति बनाई गई है। इस उत्सव भवन में मांगलिक कार्यों के लिए शादी घर, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग सुविधा सहित सुविधाएं होंगी।



बीकापुर के ग्रापं में उत्सव भवन का शिलान्यास करते विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान।

ब्लॉक प्रमुख दिनेश शर्मा ने बताया कि खजुरहट ग्राम पंचायत में करीब 3000 वर्ग मीटर में निर्मित किया जा रहा उत्सव भवन दो मंजिला वातानुकूलित बनेगा। भवन का क्रियावन संचालन ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जाएगा।

इस मौके पर ग्राम प्रधान शकुंतला सोनी, संजीव सिंह, बीकापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, सुनील मिश्रा, तहसीलदार दिनेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, चाचा और भतीजा गंभीर

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार:** इनायत नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक तेज रफ्तार ऑटो ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे थाना क्षेत्र के परसवां गांव निवासी सूरज (18) पुत्र मोहनलाल उसके चाचा रामकृष्ण (29) पुत्र रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया गया, जहां डॉ. अवनीश तिवारी ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया। हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# पहलवान विनेश फोगाट ने रामलला व हनुमंतलला का लिया आशीर्वाद

**अयोध्या कार्यालय:** महिला कुश्ती में भारत का परचम लहराने वाली मशहूर महिला पहलवान विनेश फोगाट ने फिर से रिंग में उतरने की ठान ली है। हरियाणा के जुलाना से विधायक विनेश ने सोमवार को नंदिनीनगर में आयोजित नेशनल ओपन रेसलिंग रैंकिंग टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने से पहले अयोध्या में रामलला व हनुमंतलला का आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने जो मेहनत की है, हमें एक मौका मिलना चाहिए ताकि देश के लिए मेडल जीत सकें। कहा कि प्रभु राम ने उन्हें आशीर्वाद देने के लिए बुलाया है और वह रामलला का आशीर्वाद लेकर नंदिनी नगर जाएंगी। अपने ऊपर लगे प्रतिबंध के जवाब में कहा कि देखा जाएगा, खेलती हूं कि नहीं खेलती हूं। कारण बताओ नोटिस पर विनेश ने स्पष्ट किया कि उन्हें जवाब देने का मौका मिला है और वह अपना पक्ष जरूर रखेंगी। वहीं कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागिता पर उन्होंने कहा कि वहां जाना मानसिक दबाव वाला है, लेकिन खिलाड़ी को अपनी योग्यता प्रदर्शन के लिए खेल आयोजन में जाना ही पड़ता है।



सिविल लाइन स्थित एक होटल से बाहर निकलतीं महिला पहलवान विनेश फोगाट।

# छुट्टी पर इकलौता फिजिशियन, मरीज 550 पार

- सीएमएस ने एडी हेल्थ से फिजिशियन संबद्ध कराने की मांग की
- जिला अस्पताल में बढ़ता जा रहा चिकित्सकों का अकाल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में इकलौते फिजिशियन के छुट्टी पर जाते ही व्यवस्था लड़खड़ा गई है। मरीज भटक रहे हैं। आलम यह रहा कि सोमवार का 550 से भी अधिक मरीज सिर्फ फिजिशियन को दिखाने के लिए पंजीकृत हुए थे, लेकिन जब वे ओपीडी में गए तो उनमें से कई को बैरंग लौटना पड़ा। कई ने दूसरे चिकित्सक के पास जाकर दवाएं लीं। जिला अस्पताल में वर्षों से चिकित्सकों का टोटा चल रहा है। सृजित पद के भी अपेक्षित चिकित्सक नहीं हैं।



जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर जुटी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

कार्डियोलॉजिस्ट, ईएनटी विशेषज्ञ व चेस्ट फिजिशियन के मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिजिशियन में अभी तक डॉ. प्रशांत द्विवेदी व पूर्व सीएमओ डॉ. नानक सरन अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन विगत दिनों डॉ. नानक सरन के सेवानिवृत्त होने के बाद सारा भार डॉ. प्रशांत द्विवेदी के कंधों पर आ गया। इसके बाद उन्हें ओपीडी के साथ ही कॉल डे और राउंड भी करना पड़ता है। यही नहीं वीवीआईपी व प्रदेश सरकार के मंत्रियों के आगमन पर भी उनकी ड्यूटी लगाई जाती थी। ऐसे में आए दिन मरीजों को परेशान होना पड़ता था। इधर, डेढ़ दो महीने से सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था कि सोमवार से उनके छुट्टी पर जाते ही व्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। दूर-दराज से उन्हें दिखाने के लिए पहुंचे मरीज लौट गए। कुछ मरीज ओपीडी में मौजूद इंटर्न को अपना मर्ज बताते दिखे। रुदौली के कैलाश ने बताया कि वह अपनी मां को दिखाने आए थे, लेकिन पता चला है कि डॉक्टर छुट्टी पर हैं। अब बाद में ही आएंगे। क्योंकि वह नियमित उन्हीं से दवा करा रहे हैं। सोहावल के अब्दुल ने बताया कि उनके भाई का ब्लड प्रेशर का इलाज डॉक्टर कर रहे हैं, लेकिन अब दूसरी ओपीडी में जाकर दिखाऊंगा। बताया जाता है कि सोमवार को 995 मरीजों की ओपीडी हुई थी। इसमें अकेले 567 मरीज फिजिशियन को ही दिखाने पहुंचे थे।

> हमारे यहां फिजिशियन की कमी है। डॉ. प्रशांत छुट्टी पर गए हैं। एडी हेल्थ को पत्र लिखकर फिजिशियन को संबद्ध कराने की मांग की गई है।
> -डॉ. राजेश सिंह, सीएमएस

## दूसरी लैब से कराई जांच, लौटाई फाइल

**अयोध्या, अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बंद चल रही जांचों से मरीजों की परेशानी बढ़ने लगी है। ताजा मामला एक मरीज को लौटाने का सामने आया है। बताया जाता है कि नवाबगंज निवासी इंद्रजीत सिंह (70) को हर्निया का ऑपरेशन कराना था। वह सर्जरी डिपार्टमेंट में गया। चिकित्सकों ने उसे जांच लिखी। जांचें बंद होने के बाद वह दोबारा डिपार्टमेंट गया, जहां उसे किसी लैब पर जांच कराने के लिए भेजा गया, लेकिन मरीज उस लैब पर न जाकर दूसरी लैब से जांच करा आया। आरोप है कि उस रिपोर्ट को चिकित्सक मानने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने फाइल लौटा दी। इस संबंध में कार्यवाहक प्राचार्य से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं लगा।


## पंचायत भवन व डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण



पंचायत भवन एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण करते विधायक चंद्रभानु पासवान।

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** मिल्कीपुर ब्लॉक के ग्राम बसावां मुतालके ईटगांव में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक चंद्रभानु पासवान ने नवनिर्मित पंचायत भवन एवं डिजिटल लाइब्रेरी का विधिवत लोकार्पण कर इसे ग्रामवासियों को समर्पित किया। विधायक ने कहा कि पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन, जनसुनवाई और विकास योजनाओं के प्रभावी संचालन का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए बेहतर और सुगम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, विजय शुक्ला, अरुणोदय तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डॉ. आनंद संरक्षक व अध्यक्ष बनीं डॉ. आकांक्षा




कार्यक्रम में मौजूद डॉ. एमएस विष्णु, डॉ. आशीष श्रीवास्तव व अन्य। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** आयुर्वेद को आम जनमानस तक पहुंचाने व स्वस्थ रखने के संकल्प के साथ विश्व आयुर्वेद परिषद की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। मातृ दिवस के अवसर पर एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने संस्कृत भाषा में शपथ ग्रहण की। कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में डॉ. आनंद उपाध्याय व अध्यक्ष के रूप में डॉ .आकांक्षा सिंह को निर्वाचित किया गया है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एमएस विष्णु व विशिष्ट अतिथि आईएमए अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव मौजूद रहे। डॉ. विष्णु ने बताया कि परिषद में पदाधिकारियों में डॉ. विवेक श्रीवास्तव–सचिव, डॉ. गरिमा सिंह–उपाध्यक्ष, डॉ. पूजा त्रिपाठी–कोषाध्यक्ष, डॉ. हिमानी–सहसचिव, डॉ .रितेश–चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रभारी चुने गये। इसी तरह डॉ .अनुराग श्रीवास्तव–चिकित्सक प्रकोष्ठ सह प्रभारी, डॉ. समीक्षा श्रीवास्तव–महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, डॉ .आकांक्षा–सह प्रभारी, डॉ .हरीश सिंह–संपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी व डॉ. अंजली मौर्य ने सह प्रभारी के पद पर शपथ ग्रहण की है।

## फायरिंग अभ्यास 27 मई को

**अयोध्या, अमृत विचार :** डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्डस पर प्रशिक्षणरत 50 होम गार्डस जवानों का फायरिंग अभ्यास 27 को ईटीआर रेंज डोगरा रेजीमेंट सेन्टर में होनी प्रस्तावित है। इस तिथि को फायरिंग रेंज के आसपास के निवासियों को कोई जानवर/व्यक्ति न आए, जिससे कोई अप्रिय घटना न हों। यह जानकारी डिवीजनल कमांडेंट डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्ड अयोध्या कार्यालय ने दी।

कवायद | रामनगरी में नगर निगम उपवन स्थापित कर लगाएगा रामायण कालीन पौधे

# छात्र बहुलता वाले क्षेत्रों में स्थापित होगी डिजिटल लाइब्रेरी

- महापौर व नगर आयुक्त ने दिए परियोजना तैयार करने के निर्देश

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर निगम रामनगरी में जगह-जगह उपवन स्थापित कर रामायणकालीन पौधों लगायेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत डिजिटल लाइब्रेरी भी खोली जाएगी। इस संबंध में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने निर्देश दिए हैं। वह सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ अयोध्या तीर्थ विकास परिषद कार्यालय में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

महापौर ने कहा कि नगर क्षेत्र में 500 वर्ग मीटर से छोटे व बड़े उपलब्ध स्थानों का चयन कर वहां रामायण कालीन पौधों को रोपा जाए। इसके लिए जैन मंदिरों के आसपास जमीन तलाशने का भी निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने हीट एक्शन प्लान के मुताबिक अति संवेदनशील नौ वार्डों में इस योजना के तहत विशेष फोकस करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए छात्रों के बहुलता वाले इलाकों वशिष्ठ कुंड, चित्रगुप्त, मलिकपुर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि वार्डों में जगह तलाश करने का भी निर्देश दिया गया। तय किया गया कि नगर निगम निधि से नगर के पांच छोटे तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनकी बैरिकेडिंग कराई जाएगी।

उन्होंने कार्य में जानबूझकर छह माह से अधिक विलंब करने वाले ठेकेदारों को चिन्हित कर नोटिस दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्मित चार स्कूलों का लोकार्पण स्कूल खुलते ही कराने को कहा।

भजन संध्या स्थल के पास पार्किंग एवं शौचालय के निर्माण की योजना को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। समीक्षा बैठक में पाया गया कि स्वीकृत पांच तालाबों का निर्माण कार्य चल रहा है। इस परियोजना को समय से पूरा कराने की हिदायत दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि 32 निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि बाकी 30 परियोजनाओं को जल्द पूरा कराने को कहा गया। सीएम ग्रिड योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के 25 कार्य पूर्ण पाए गए। सीवरेज एवं जल निकासी के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत दो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, जबकि दो कार्य सीवर लाइन के कारण बाधित हैं। समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, मुख्य अभियंता सिविल पुनीत कुमार ओझा के अलावा संबंधित विभागों के अभियंता एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## विधायक को न बुलाना पड़ा महंगा, हटीं फातिमा

**रुदौली, अयोध्या:** सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया ने सीएचसी रुदौली में हैरिंग्टनगंज के अधीक्षक डॉ. रवींद्र शुक्ला को नया अधीक्षक नियुक्त किया है। रुदौली की अधीक्षक डॉ. फातिमा रिजवी को सीएचसी में प्रधानमंत्री जनऔषधि के उद्घाटन में क्षेत्रीय विधायक राम चंद्र यादव को नहीं बुलाना महंगा पड़ गया है। अधीक्षक के ट्रांसफर को इसी से जोड़ कर देखा जा रहा है। मालूम हो कि सीएचसी में एक सप्ताह पूर्व विस क्षेत्र रुदौली में विधायक की मौजूदगी के बाद भी पीएम जन औषधि केंद्र के उद्घाटन में विधायक को आमंत्रित नहीं किया। केंद्र का उद्घाटन अधीक्षक डॉ. फातिमा रिजवी ने कर दिया। सीएमओ ने आदेश में कहा डॉ. रविन्द्र शुक्ला को पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए और हैरिंगटनगंज सीएचसी में वरिष्ठतम चिकित्साधिकारी को वहां का पदभार सौंपने को निर्देश दिए हैं। सीएमओ के आदेश में डॉ. फातिमा को नए आदेश में किसी दूसरे अस्पताल में नहीं भेजा गया है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व: शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

## अयोध्या में निकली कलश यात्रा, शुजागंज स्थित प्राचीन महादेव मंदिर परिसर विधायक रामचंद्र यादव ने किया रुद्राभिषेक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति, आस्था और श्रद्धा का प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अंतर्गत सोमवार को जिले के सभी शिवालयों पर विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अयोध्या धाम में पूरा बाजार व मसौधा की समूह महिलाओं द्वारा लता मंगेशकर चौक से नागेश्वर नाथ मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गयी। महिलाओं ने कलश लेकर ओम नमः शिवाय के जयघोष के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। वहीं, रूदौली विधानसभा क्षेत्र के शुजागंज स्थित प्राचीन महादेव मंदिर परिसर में विधायक रामचन्द्र यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। जहां मंदिर परिसर में "ॐ नमः शिवाय" के उद्घोष और भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। आयोजन स्थल पर लगाए गए बैनर-पोस्टरों के माध्यम से सोमनाथ मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता को दर्शाया गया।


शुजागंज स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते विधायक रामचंद्र यादव।

कार्यक्रम में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा से जोड़ते हुए विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। विधायक ने बताया कि सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। मंदिर के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरे प्रदेश में स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

अयोध्या धाम में नागेश्वर नाथ मंदिर पर आयोजित समारोह में सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्ता, डीसी एनआरएलएम सरिता गुप्ता, डीएमएम सरिता वर्मा, रुदौली में खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्रा, एडीओ एसबी भगवान दीन, ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा, जगत नारायण पांडेय, आशीष कैलाश वैश्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराग जैन को मांग पत्र सौंपते व्यापार अधिकार मंच के संयोजक सुशील जायसवाल व अन्य। अमृत विचार

### व्यापारियों की समस्याओं को लेकर की वार्ता

**अयोध्या, अमृत विचार :** व्यापार अधिकार मंच का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराग जैन से मिला। मंच के संयोजक सुशील जायसवाल ने बताया कि इस दौरान उनसे रामपथ पर रामपथ निर्माण के दौरान भवनों, दुकानों को तोड़े जाने के बाद स्वयं मरम्मत, निर्माण कराए जाने के बाद प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिसों के स्थायी समाधान एवं निर्माण संबंधी कार्य में आ रही बाधा को लेकर वार्ता की गई। बताया कि उपाध्यक्ष ने प्रतिनिधि मंडल को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मंच के जिला प्रभारी कमल कौशल, महामंत्री विश्व प्रकाश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सोनी, रमेश जायसवाल, विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## डीएम को बताईं नागरिक समस्याएं

**अयोध्या, अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह के अगुवाई में जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी से मिलकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। निराकरण कराने का आग्रह किया। समस्याओं में प्रमुख रूप से पूरा ब्लॉक के गंगौली में गेहूं खरीद केंद्र पर 15 दिन से गेहूं खरीद न होने, नगर में प्रख्यात विद्वान व विचारक आचार्य नरेंद्र देव के नाम से नरेन्द्रालय प्रेक्षागृह बदहाल स्थिति में होने समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराया । प्रतिनिधिमंडल में पीसीसी सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, उपाध्यक्ष उमेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## सूफियाना कलाम से श्रोता रोमांचित

बारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर के मेहदौना गांव में हजरत जिंदानी शाह रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। उर्स के दूसरे दिन रविवार रात 10 बजे से सुबह तक जवाबी कव्वाली का आयोजन किया गया, जिसमें देश के मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए। इस जवाबी कव्वाली में मशहूर कव्वाल गुलाम हबीब पेंटर और कव्वाला उजमा नाज ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। दोनों कव्वालों ने बारी-बारी से हाजिर जवाबी भरे कलाम पेश किया।कव्वालों के कलाम से श्रोता खूब रोमांचित हुए। इससे पहले उर्स के पहले दिन तकरीर और जलसे का आयोजन हुआ। इसमें प्रख्यात उलेमाओं ने अपने विचार साझा किए और लोगों को दीन-ईमान के रास्ते पर चलने की नसीहत दी। उन्होंने मुल्क में अमन-चैन कायम रहने की दुआ भी मांगी। उर्स के संयोजक फिरोज खान ने बताया कि इस दौरान बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर पहुंचकर चादर चढ़ाई। इससे पहले गागर उठाने की रस्म अदा की गई, जिसमें जायरीनों ने गागर उठाकर गांव की अन्य मजारों तक जियारत की। बाद में हजरत जिंदानी शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर गागर चढ़ाई गई, चादरपोशी की गई, मन्नतें मांगी गईं और फातिहा पढ़ा गया। उर्स को सकुशल संपन्न कराने में इलाकाई पुलिस भी मुस्तैद दिखाई पड़ी। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर की अगुवाई में चौकी प्रभारी बारुन बाजार शिवेंद्र पाल, उप निरीक्षक देवव्रत लाल यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।


कार्यक्रम में कव्वाली करते कव्वाल। अमृत विचार

## डीपीओ को दी चेतावनी पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड से किया जवाब-तलब

दिखाए तेवर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सीएम पोर्टल पर फीड विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की सोमवार को समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा में डीएम ने आबकारी विभाग एवं मंडी परिषद के कार्यों की सराहना की। आगे भी प्रगति बनाए रखने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड से नई सड़कों के निर्माण में देरी पर जवाब-तलब किया। उन्होंने कई विभागों को अगेल ग्रेड में लाने का निर्देश दिया। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन कार्यों में सुधार के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-2 को निर्देश दिया कि निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के तहत विकास कार्यों की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी से पोषण अभियान में धीमी प्रगति का कारण पूछा।

चेतावनी दी कि प्रगति में सुधार न होने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। किसान सम्मान निधि एवं पीएम कुसुम योजना में बेहतर प्रगति पर विशेष जोर दिया। सीवीओ को पोल्ट्री क्षेत्र और मत्स्य विभाग को अपनी रैंकिंग में सुधार का निर्देश दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी को वृद्धावस्था पेंशन योजना में शत-प्रतिशत प्रगति का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (एफ/आर) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### आईजीआरएस में तय होगी जवाबदेही

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की अलग से समीक्षा की। अफसरों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। स्पष्ट कहा कि जिन विभागों से शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण नहीं किया जाएगा, उनकी जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने खंड विकास अधिकारी अमानीगंज, खंड विकास अधिकारी सोहावल, अधिशासी अभियंता नगर पालिका/नगर पंचायत, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बंदोबस्त अधिकारी, जिला कमांडेंट होमगार्ड, एआर कोऑपरेटिव, खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर, एबीएसए तारुन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बीकापुर, जिला आपूर्ति निरीक्षक बीकापुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी रुदौली को निर्देश दिया कि शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए आख्या समय से पोर्टल पर अपलोड की जाए।

## पुलिस के सामने चले लाठी-डंडे व ईट-गुम्मे, महिला समेत दस घायल

**इनायतनगर, अमृत विचार:** इनायतनगर थाना क्षेत्र के भदोखरा पूरे लोनियन गांव में दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एक पक्ष के मुन्नालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी पुरानी नींव पर मकान का निर्माण कर रहा था। गांव के राम सिंह, युवराज, अभय कुमार, शिवराजी, सूरज, फूलराजी और अर्चना मौके पर पहुंचे। दीवार गिराने लगे, मना किया तो वह लाठी- डंडे, ईंट-गुम्मे, सब्बल और कुदाल से हमलावर हो गए।

मारपीट में साधूराम, माला देवी, पन्नालाल, आंचल और मुन्नालाल घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल माला देवी को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरे पक्ष के राम सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के बाबादीन, मुन्नालाल, पन्नालाल, देवराज, हरिश्चंद्र, गंगाराम और अंकित आबादी की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे थे। जब उन्हें मना किया गया तो सभी ने मिलकर लाठी, डंडे और ईट-गुम्मे से हमला कर दिया। हमले में राम सिंह, फूलराजी, कुमकुम, कोमल और युवराज घायल हो गए। पीआरबी 112 पुलिस की मौजूदगी में ही दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। स्थिति बिगड़ती देख पीआरबी कर्मियों ने इनायतनगर थाने को सूचना दी। उप निरीक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच कर शांत कराया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर भेजा। यहां से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**मवई अयोध्या, अमृत विचार:** पटरंगा थाना क्षेत्र के उमापुर-दुल्लापुर संपर्क मार्ग पर सोमवार देर शाम दुल्लापुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।हाईवे चौकी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पटरंगा पुलिस ने घायलों को सीएचसी मवई पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने बाकरपुर मजरे रानीमऊ थाना पटरंगा निवासी संदीप कुमार (28) पुत्र विनोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। नेवरा गांव निवासी बाबूलाल (40) पुत्र जगजीवन और राज निषाद (15) पुत्र राजेंद्र की हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च केंद्र रेफर कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है।


चौकीदारों को साइकिल वितरित करते कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह। अमृत विचार

### सात चौकीदारों को दी गई साइकिल

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देशन में कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों में सुरक्षा के लिए तैनात चौकीदारों को सोमवार को साइकिल वितरित की गई। कोतवाली परिसर में सात चौकीदारों को प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा लड्डू खिलाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि चौकीदार सुरक्षा की पहली और महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इनके सहयोग से आपराधिक गतिविधियों के संबंध में घटना से पूर्व जानकारी संभव हो जाती है तथा घटना घटने के पूर्व नियंत्रण करना संभव हो जाता है। साइकिल पाने वाले चौकीदारों में इस्माइलपुर के अंबिका प्रसाद, कोडरा मुसलमीन के नंदलाल, कोछा ग्राम पंचायत के सहज राम, खजुरहट के वासुदेव, तरहरा के राम तीरथ, भीतर गांव के छोटेलाल प्रजापति शामिल हैं।

### कर्मियों को आउटसोर्सिंग निगम में करें शामिल

**अयोध्या, अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने मांग की है कि अत्यंत अल्प वेतन पर कार्यरत संविदा कर्मियों को मुख्यमंत्री द्वारा गठित आउटसोर्सिंग निगम के अंतर्गत तत्काल शामिल किया जाए। समिति के आह्वान पर चल रहे प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान के तहत सोमवार को अयोध्या व देवीपाटन में बिजली कर्मियों की विरोध सभाओं को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह , रणवीर सिंह, महेन्द्र राय व सुहेल आबिद ने संबोधित किया। साथ ही संघर्ष समिति ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान बिजली कर्मियों पर की गई सभी दमनात्मक एवं प्रताड़नात्मक कार्रवाइयों को वापस लेने की मांग की।

### पुलिस ने गुमशुदा महिला को ढूंढा

**शुजागंज, अयोध्या :** रुदौली कोतवाली क्षेत्र के शहबाजपुर गांव निवासी सोनी बानो पत्नी मोहम्मद मोसिम 9 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थीं, जिससे परिजन काफी परेशान थे। परिजनों द्वारा 10 मई को कोतवाली रुदौली में तहरीर देकर महिला की तलाश की गुहार लगाई गई। भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह व हमराही अभिषेक कुमार ने 24 घंटे के भीतर महिला को ढूंढ निकाला। जानकारी के अनुसार मामूली कहासुनी के बाद महिला नाराज होकर अपने रिश्तेदार के यहां चली गई थीं।

### गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं कार्य


निर्माणाधीन 300 शैय्या चिकित्सालय का निरीक्षण करते डीएम शशांक त्रिपाठी।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या में ईपीसी मोड पर जी-7 मॉडल के तहत निर्माणाधीन तीन सौ शैय्यायुक्त चिकित्सालय भवन का सोमवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल भवन और आवासीय भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। बोले कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-दो को निर्देश दिया निर्माण कार्य में आ रही सभी बाधाओं को समय रहते दूर किया जाए। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-दो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निर्माण कार्य से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।


रामपुर सरधा में गौशाला का निरीक्षण करते उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी।

### डिप्टी सीएमओ ने किया गौशाला का निरीक्षण

**पूराबाजार, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामपुर सरधा में संचालित गौशाला का सोमवार को उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरुणेंद्र सचान ने निरीक्षण किया। व्यवस्था संतोषजनक पाए जाने पर गौशाला का विस्तार और गौवंशों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए प्रधान और सचिव को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर, ग्राम विकास अधिकारी कोमल मिश्रा सहित केयर टेकर आदि मौजूद रहे। ऐमीआलापुर में भी गौशाला का निरीक्षण किया, यहां मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण किया।

## पिता के दफनाए गए शव को निकाल पीएम कराने की मांग

**तारुन, अयोध्या:** बीकापुर रजिस्ट्री कार्यालय में बहू के नाम अपनी संपत्ति का रजिस्ट्री वसीयतनामा कर घर लौटे वृद्ध ससुर की मौत को मृतक के बेटों ने संदिग्ध करार देते हुए दफनाए गए शव को निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग मुख्यमंत्री, एसएसपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों से की है। तारुन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांधरपुर निवासी भागीरथी निषाद, राम गरीब निषाद पुत्रगण भानू उर्फ़ भंन्नू निषाद ने तारुन थाना पुलिस व एसएसपी को संबोधित मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके तीसरे सगे भाई राम अचल निषाद ने उनके वृद्ध पिता भानू को 27 अप्रैल को दवा इलाज के बहाने बीकापुर रजिस्ट्री कार्यालय में ले जाकर उनकी समस्त चल अचल सम्पत्ति का अपनी पत्नी के नाम रजिस्ट्री वसीयतनामा करा लिया। उसी दिन घर वापस लौटने पर रात में खाना खाने के बाद उनके पिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। उन्होंने पिता के दफनाए गए शव को निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की।

## गलत खानपान से बढ़ रही दांत व मसूड़ों की बीमारियां : डॉ. सत्येंद्र

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** बदलती जीवनशैली और गलत खानपान की आदतों का असर अब लोगों के दांतों और मसूड़ों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में इन दिनों दांतों से जुड़ी समस्याओं के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।


डॉ. सत्येंद्र।

अस्पताल के दंत चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र ने बताया कि अनियमित खानपान, तली-भुनी चीजों का अधिक सेवन, मीठे पदार्थों की अधिकता और दांतों की सही तरीके से सफाई न करने के कारण लोगों में दांतों और मसूड़ों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि खाना खाने के बाद कुल्ला जरूर करना चाहिए, जिससे भोजन के कण दांतों में फंसे न रहें और संक्रमण की संभावना कम हो सके। दांतों में ठंडा या गर्म लगने की समस्या पर उन्होंने बताया कि दांतों की ऊपरी सुरक्षा परत यानी इनेमल घिस जाने के कारण दांत संवेदनशील हो जाते हैं, जिससे पानी या ठंडी-गर्म चीजें लगने लगती हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि दांतों को अधिक दबाव देकर नहीं साफ करना चाहिए।

आयोजन

कुटुंब मिलन समारोह, राष्ट्र विरोधी चैनलों को लाइक-सब्सक्राइब न करने का आह्वान

## नित्य मंगल संवाद व अनुशासित दिनचर्या से समृद्ध होगा परिवार : संजय

- **कारसेवकपुरम में हुए कार्यक्रम में दिया गया भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाने पर विशेष बल**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कुटुंब प्रबोधन गतिविधि अयोध्या महानगर के तत्वावधान में सोमवार को कारसेवकपुरम में कुटुंब मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें परिवार संस्था को मजबूत बनाने, पारिवारिक संवाद बढ़ाने और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही राष्ट्र विरोधी चैनलों को लाइक-सब्सक्राइब न करने का आह्वान भी किया गया।



कारसेवकपुरम में आयोजित कुटुम्ब मिलन समारोह में शामिल आरएसएस के पदाधिकारी।

मुख्य वक्ता अवध प्रांत के सह प्रांत प्रचारक संजय ने कहा कि परिवार में प्रतिदिन प्रेमपूर्वक मंगल संवाद होना चाहिए। घर के सदस्य प्रतिदिन कुछ अच्छा सीखें और उस पर चर्चा करें। कहा कि परिवार की अनुशासित एवं नियमित दिनचर्या ही समृद्ध और संस्कारित समाज की आधारशिला है।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर अत्यधिक अपेक्षाओं का बोझ न डालने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल बड़ों की निगरानी में ही दिया जाए। भोजन करते समय और अतिथियों के आगमन पर मोबाइल का प्रयोग पूरी तरह बंद रखा जाए। परिवार में भक्ति, अध्यात्म और राष्ट्रभक्ति विषयों पर चर्चा का वातावरण बने तथा धार्मिक और प्रेरणादायी साहित्य पढ़ने की परंपरा विकसित की जाए।

उन्होंने ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, वृद्धजनों की सेवा तथा समाजहित के कार्यों में तन, मन और धन से सहयोग करने का संदेश दिया। कहा कि किसी भी परिस्थिति में परिवार और स्वजनों के बीच संवाद समाप्त नहीं होना चाहिए। साथ ही राष्ट्र व समाज विरोधी चैनलों और सामग्री को लाइक व सब्सक्राइब न करने का आह्वान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर रील और सामग्री देखते समय सजग रहने की आवश्यकता है। आरोप लगाया कि वामपंथी विचारधारा भारतीय परिवार व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। अवध प्रांत के सह संयोजक कुटुंब प्रबोधन प्रो. रमापति मिश्रा ने मातृत्व दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय में महिलाएं भी परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भागीदारी निभा रही हैं, इसलिए पुरुषों को भी गृह कार्यों में सहयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विभाग सह संघ चालक मुकेश तोलानी, महानगर संघचालक प्रो. विक्रमा पांडेय, महानगर प्रचारक सुदीप कुमार, प्रो. रमापति मिश्रा, पवन पांडेय सहित अन्य पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

## प्रचार-प्रसार के अभाव में धान बीज से वंचित हो सकते किसान

**मिल्कीपुर, अयोध्या:** खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे मिल्कीपुर क्षेत्र के किसानों के सामने इस बार धान की नर्सरी तैयार करने को लेकर बड़ी समस्या खड़ी होती दिखाई दे रही है। किसान कल्याण केंद्र मिल्कीपुर पर पर्याप्त मात्रा में धान का बीज उपलब्ध होने के बावजूद बड़ी संख्या में किसान ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में आवेदन नहीं कर सके। ऐसे में अब उन्हें धान का बीज मिलने की संभावना कम नजर आ रही है। धान बीज वितरण के लिए कृषि विभाग द्वारा 22 अप्रैल से 10 मई तक ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया संचालित की गई थी। विभागीय नियमों के तहत केवल वही किसान बीज पाने के पात्र होंगे, जिन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। ई-लॉटरी के माध्यम से 15 मई के बाद किसानों को बीज आवंटित किया जाएगा। किसान कल्याण केंद्र मिल्कीपुर के प्रभारी राम सुभाय गौतम ने बताया कि केंद्र पर कुल 60 क्विंटल धान का बीज उपलब्ध है। इसमें सियाट्स-4 प्रजाति का 40 क्विंटल, सीओ-51 का 10 क्विंटल तथा एचयूआर-917 प्रजाति का 10 क्विंटल बीज शामिल है। क्षेत्र के किसान अवधेश, सुरेश कुमार, विजय बहादुर, आसाराम, रामनरेश और श्यामलाल समेत आदि ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन बुकिंग की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई।

# प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : मंत्री

## प्रशिक्षण में बूथ प्रबंधन, विचारधारा और योजनाओं पर मंथन

अयोध्या कार्यालय।



चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

**अमृत विचार:** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को उदासीन आश्रम रानोपाली में हुआ। मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार से गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण सत्र में प्रो. रंजन कुमार ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि भाजपा की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना और अंत्योदय के सिद्धांत पर आधारित है। प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर प्रशिक्षण दिया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने व्यावहारिक सत्र में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, संवाद शैली और जनसंपर्क के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। वहीं रायबरेली प्रभारी पीयूष मिश्र ने कार्य-संगठन विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रदेश सहसंयोजक ओम प्रकाश ने समापन सत्र में कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। संचालन बाल कष्ण वैश्य ने किया।

प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा, बूथ प्रबंधन, चुनाव संचालन एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। दूसरे दिन छह अलग-अलग सत्रों में कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद आयोजित क्विज प्रतियोगिता में 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। विभिन्न सत्रों में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, अमल गुप्ता समेत महानगर मोर्चा, प्रकोष्ठ व विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नैक मूल्यांकन की तैयारी से मिले उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान का दर्जा

**अयोध्या कार्यालय :** आने वाले समय में अवध विवि को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में गिना जाए इसके लिए सभी संयोजक नैक मानकों के अनुरूप डॉक्यूमेंट तैयार करें। किसी भी प्रकार की तैयारी अधूरी न रखी जाए। सभी एट्रीब्यूट के संयोजक कुलाधिपति के समक्ष नैक प्रस्तुतिकरण से पहले डॉक्यूमेंटेशन का सत्यापन अवश्य करें। मानदंडों के अनुरूप सुसज्जित करें। ये निर्देश डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने दिये। वो सोमवार को कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में एट्रीब्यूट एक से 11 तक के सभी मानदंडों की पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक कर रहे थे। कुलपति ने बताया कि राज्यपाल एवं विवि की कुलाधिपति द्वारा कल मंगलवार को नैक की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक होनी है।



स्वामी कुंज मोहल्ले में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

## संस्कार से होता व्यक्तित्व का निर्माण: महापौर

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्ति पीठ रामकोट से स्वामी कुंज देवकाली में पंच कुंडीय गायत्री एवं दीप यज्ञ और विभिन्न संस्कार संपन्न कराया गया। अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि संस्कार से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। संस्कार से ही हम व्यक्तित्व ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री अनिल कुमार तिवारी ने मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मीडिया प्रभारी नीलम मिश्रा ने बताया कि जनकल्याण, पर्यावरण परिष्कार और लोकमंगल की भावना से गायत्री परिवार के पूरे देश में यह वर्ष शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत शाखा देवकाली द्वारा स्वामी कुंज मोहल्ले में कार्यक्रम हो रहा है। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या की व्यवस्थापक राम केवल यादव, डॉ. एसबी सिंह, दीपू पांडे, मनीराम वर्मा, मारकंडे पाल आदि गायत्री परिजन मौजूद रहे यज्ञ का संचालन पंडित विजय शंकर पांडे ने किया।

## झाड़ियों में मिला अज्ञात महिला का शव

**इनायतनगर , अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रविवार को झाड़ियों में मिले अज्ञात महिला के शव की पहचान परसौली गांव की गयादेई के रूप में हुई है।पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सिपुर्द कर दिया। मृतका गयादेई पत्नी स्व. रमाकांत घर में अकेले रहती थी, तीनों बेटे रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहते है। ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर फोटो देख महिला की पहचान की। पुलिस ने सूचना मृतका के पुत्र विपिन को दी। पोस्टमार्टम के बाद शव को विपिन के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी इनायतनगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नही मिली है,तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल में चिकित्सक से अभद्रता

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रविवार रात इमरजेंसी ओपीडी में चिकित्सक डॉ.वीरेंद्र वर्मा से अभद्रता और सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का मामला सामने आया है। रात में 10 :20 बजे एक महिला आई थी। आरोप है कि उसके पति ने गाली-गलौच की। वीडियोग्राफी करने लगा व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। मौके पर फार्मासिस्ट उपेंद्र मणि त्रिपाठी भी मौजूद थे। इस सम्बन्ध में पुलिस चौकी रिकबगंज में शिकायत दी गई है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले प्रभारी व प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों और अफसरों के साथ समीक्षा बैठक शुरू की है। बताया गया है कि जिले की परियोजनाओं, कार्यों को लेकर यह बैठक की जा रही है। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक राम चंदर यादव, विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, विधायक चंद्र भानु पासवान, विधायक गोसाईगंज के साथ जिले वरिष्ठ अफसर भाग ले रहे हैं।

## युवक पर ईंट-पत्थर से हमला, तीन नामजद

**इनायतनगर, अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के तारडीह उर्फ तरौली गांव में दुकान का सामान उतरवा रहे युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। गांव के सलमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल को वह अपनी दुकान पर लाया गया सामान उतरवा रहा था। इसी दौरान गांव के ही सुलेमान, आदिल व हसीब वहां पहुंचे, भद्दी-भद्दी गालियां दी। विरोध पर आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। थाना प्रभारी इनायतनगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## कार्यशाला में कैनवास पर उतरी सृजनात्मकता

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग एवं राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 20 दिवसीय ''ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला'' के चौथे दिन सोमवार को विद्यार्थियों ने आधुनिक कला माध्यमों के साथ अपनी कल्पनाओं को जीवंत किया। मुख्य सत्र पूर्णत: एक्रिलिक कलर तकनीक और क्रिएटिव कंपोजीशन (सृजनात्मक संयोजन) पर केंद्रित रहा। शिविर की संयोजक डॉ. सरिता द्विवेदी ने प्रतिभागियों के कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा कि कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में यह कार्यशाला विद्यार्थियों के कौशल विकास में मील का पत्थर साबित हो रही है। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में मुख्य प्रशिक्षक व आयोजन सचिव डॉ. रीमा सिंह ने छात्र-छात्राओं को एक्रिलिक रंगों की विविधताओं से परिचित कराया। आज के सत्र में प्रो. सुरेंद्र मिश्र, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, प्रो. प्रिया कुमारी, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रचना श्रीवास्तव सहित 75 से अधिक प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# चौड़ीकरण की जद में आए निर्माण को तीन दिन में हटाने की मुनादी

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार:** भेलसर वाया रुदौली-रीछघाट मार्ग के चौड़ीकरण की जद में आने वाले निर्माण को तीन दिन में हटाने की मुनादी लोकनिर्माण विभाग ने कराई है। इसको लेकर व्यापारियों में नाराजगी है। भेलसर से इन्हौना मार्ग निर्माण के लिए 58.65 करोड़ की स्वीकृति प्रदान हुई है। जिसकी कुल लंबाई 22.50 किलोमीटर है। इसे दोनों तरफ 3.50 मीटर चौड़ा किया जाना है। मार्ग के चौड़ीकरण की जद में आने वाले वाले दुकान व मकान पर एक सप्ताह पहले लोकनिर्माण विभाग ने लाल निशान लगाया था व व्यापारियों को स्वयं इसे तोकड़ने का निर्देश दिया था। एक सप्ताह बाद भी अतिक्रमित क्षेत्र से निर्माण नहीं हटाने पर लोकनिर्माण विभाग ने शहर में सोमवार को तीन दिन में अवैध निर्माण हटाने के लिए मुनादी कराई। व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि तोड़फोड़ से सड़क चौड़ी तो हो जाएगी, आवागमन बढ़ जाएगा लेकिन व्यापार एवं व्यापारियों का नुकसान होगा। व्यापारी जैद आलम व गिरधारी लाल गुप्ता ने कहा कि चिन्हित दुकानों मकानों में तोड़ फोड़ की गई तो इसका खामियाजा प्रदेश की भाजपा सरकार को उठाना पड़ेगा। रुदौली नगर के व्यापारी अमरीश कुमार, संजय कुमार, पुष्कर गुप्ता, सरफराज अहमद, गुलजारी लाल आदि ने मुख्यमंत्री से मांग है कि रुदौली में रिंग रोड का निर्माण कर इसे चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग से जोड़ा जाए।

> भेलसर रुदौली वाया रिछघाट मार्ग के चौड़ीकरण को शहर में लाल निशान लगाए गए हैं। निर्माण कार्य व फुटपाथ बनाया जाना है। अतिक्रमित क्षेत्र न खाली होने से लाउडस्पीकर से मुनादी कराई गई है।
> -विकल्प यादव, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग

## पंचायत सूची से डुप्लीकेट वोटर खोजने का काम शिथिल

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनगणना 2027 शुरू होने के साथ ही ग्राम पंचायत के मतदाता सूची में डुप्लीकेट वोटर खोजने का काम शिथिल सा पड़ गया है। आंकड़े बताते हैं कि अब तक संभावित डुप्लीकेट चिंहित मे से 10 फीसदी वोटरों का भी सत्यापन नहीं किया जा सका है जबकि अंतिम तिथि में केवल 17 दिन शेष रह गए हैं। बीएलओ के जनगणना में लगाए जाने और शिथिलता इसका बड़ा कारण माना जा रहा है। ग्राम पंचायत की मतदाता सूची से एक बार फिर संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का टास्क सौंपा गया है। इसकी अंतिम तिथि 28 मई बताई गई है। 10 जून को पंचायत की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित है।

# दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में महिला की मौत

**मालीपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे दो बेटों को छोड़ गई हैं, जिनके सिर से मां का साया उठ गया।

आजमगढ़ जनपद के गोपालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भेदौरा गांव निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी संगीता के साथ बाइक से जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के सेठाकला गांव स्थित अपनी साली के घर जा रहे थे। जलालपुर-अकबरपुर मार्ग स्थित नवानगर मोड़ के पास पहुंचते ही अकबरपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर पीछे बैठी संगीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद दूसरा बाइक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल जलालपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अकबरपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

## चोरों ने घर से जेवरात और नकदी किए पार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** नगर के उसमापुर मोहल्ले में रविवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवरात, नगदी और मोबाइल फोन पार कर दिए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह होने पर परिवार में हडक़ंप मच गया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बता दें कि उस्मापुर निवासी अमर नाथ गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार रात परिवार के लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान चोर घर में घुस आए और कमरे में रखी एक सोने की चेन, दो सोने के लॉकेट, नथुनी, एक जोड़ी पायल समेत करीब दो लाख रुपए मूल्य के जेवरात तथा एक लाख बीस हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। चोर घर में रखे दो मोबाइल फोन भी उठा ले गए। कोतवाल जलालपुर ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द खुलासा किया जाएगा।

# माफिया ध्रुव की 1.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

संवाददाता,आजमगढ़

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन तथा क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी के नेतृत्व में जनपद पुलिस ने प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुन्टू सिंह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध संपत्ति कुर्क कर दी। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई। कुर्क की गई संपत्ति में जीयनपुर थाना क्षेत्र के छपरा सुल्तानपुर गांव स्थित चर्चित "बड़ी हवेली" शामिल है, जिसे अपराध से अर्जित धन से तैयार और पुनर्निर्मित कराया गया था। पुलिस के अनुसार ध्रुव सिंह उर्फ कुन्टू सिंह थाना जीयनपुर का हिस्ट्रीशीटर (138 ए) और गैंग नम्बर आईआर-36 का लीडर है।

पुलिस के मुताबिक माफिया ध्रुव सिंह पर हत्या, लूट, रंगदारी, अपहरण, धोखाधड़ी और संगठित अपराध समेत गंभीर धाराओं में वर्ष 1992 से अब तक कुल 78 मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ आजमगढ़, मऊ, जौनपुर और लखनऊ तक विभिन्न थानों में आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। पुलिस का दावा है कि "बड़ी हवेली" अपराध से अर्जित धन से तैयार की गई थी और इसका इस्तेमाल गैंग के सदस्यों के जमावड़े, रंगदारी की रकम के बंटवारे तथा आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाने के लिए किया जाता था। लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन के निर्माण और मरम्मत कार्य का मूल्यांकन कराया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर अवैध निवेश सामने आया। संयुक्त निदेशक अभियोजन, आजमगढ़ ने विधिक परीक्षण में यह माना कि संपत्ति के निर्माण और जिर्णोद्धार के लिए कोई वैध आय का स्रोत नहीं पाया गया। इसके बाद सक्षम प्राधिकारी ने संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया। तहसीलदार सगड़ी को संपत्ति का प्रशासक नियुक्त करते हुए जीयनपुर पुलिस और राजस्व विभाग को कुर्की की कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए।

# आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

- डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु की उपस्थिति में आईजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों और आवेदनों के निस्तारण की विभागवार समीक्षा किया। समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर आवेदक से संपर्क स्थापित करें और उसे निस्तारण की स्थिति की स्पष्ट एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर आख्या अपलोड करते समय सही श्रेणी का चयन अनिवार्य रूप से किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसकी समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशानुसार प्रत्येक शिकायत का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं शिकायतों की गुणवत्ता सुधारने के लिए निर्देश दिए हैं।

# श्रद्धा संग मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



कार्यक्रम में पूजा-अर्चना करते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व डीएम ईशा प्रिया।

- कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सजीव प्रसारण के माध्यम से गूंजा सनातन संस्कृति व राष्ट्र गौरव का संदेश

**अमृत विचार :** भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सोमवार को शिव बाबा धाम में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता रही। शिव बाबा धाम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनसमूह ने भारत की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपरा एवं राष्ट्र गौरव के प्रतीक सोमनाथ मंदिर की गौरवगाथा को स्मरण करते हुए सामूहिक रूप से आस्था एवं स्वाभिमान का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत सोमनाथ ज्योतिर्लिंग से प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व बनारस में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का भी श्रद्धालुओं को दिखाया गया, जिसे लोगों ने अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ देखा।

# कल्प सरोवर से जल संरक्षण और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : एमएलसी

- अशरफपुर किछौछा में 94 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा कल्प सरोवर

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा क्षेत्र में स्वर्गीय वासुदेव साव की स्मृति में निर्मित होने वाले कल्प सरोवर का सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय उपस्थित रहे।

इस दौरान एमएलसी ने कहा कि कल्प सरोवर के निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। एमएलसी ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार देश और प्रदेश के विकास के साथ नगर पंचायतों के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के वासुदेव नगर वार्ड में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के निकट स्थित पक्के पोखरे को कायाकल्प सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण नगर निधि से कराया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 94 लाख 72 हजार रुपए बताई जा रही है।

# पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर हुई कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



अकबरपुर में स्थित बीएन इंटर कॉलेज। ● अमृत विचार

- 10 लाख से अधिक के गबन का आरोप, वेतन से प्रतिमाह कटौती के डीआईओएस ने दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जनपद के बीएन इंटर कॉलेज के पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य विपिन कुमार सिंह के खिलाफ गबन के मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। कॉलेज प्रबंधतंत्र द्वारा पारित प्रस्ताव के बाद अब उनके वेतन से प्रतिमाह कटौती किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने भी इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

बता दें कि विपिन कुमार सिंह पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य के पद पर रहते हुए कॉलेज के धन के दुरुपयोग और 10 लाख 20 हजार 648 रुपए के गबन का आरोप लगा था। मामले की जांच और आरोपों के सामने आने के बाद उन्हें कार्यवाहक प्रधानाचार्य पद से हटा दिया गया था। वर्तमान समय में वह कॉलेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। कॉलेज प्रशासन ने मामले को गंभीर मानते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू कराई थी। कॉलेज प्रबंधक की ओर से दर्ज कराया गया मुकदमा वर्तमान में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीजेएम न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं कॉलेज प्रबंध समिति ने बकाया कि धनराशि की वसूली के लिए उनके वेतन से प्रतिमाह कटौती किए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भेजा गया, जिस पर कार्रवाई करते हुए डीआईओएस ने भी संबंधित निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग और कॉलेज प्रशासन में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

**फूटा गुस्सा**

सपा सांसद लालजी वर्मा के आवास का किया घेराव, महिलाओं ने विपक्ष पर लगाया आरक्षण विरोध का आरोप

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर




प्रदर्शन करतीं भाजपा नेत्री विद्यावती राजभर, अंजू पाण्डेय व अन्य महिलाएं।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लेकर सोमवार को जनपद में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। टांडा विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने सपा सांसद लाल जी वर्मा के आवास का घेराव करते हुए नारेबाजी किया।

धरना-प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस और सपा के नेताओं ने विरोध किया, जिससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का मार्ग बाधित हुआ। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह अधिनियम देश की लोकतांत्रिक यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हो सकता था। उनका कहना था कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह संवैधानिक संशोधन केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है। प्रप्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर महिलाओं के आरक्षण का विरोध कर आधी आबादी का अपमान करने का आरोप लगाया है। सपा सांसद लाल जी वर्मा के आवास के बाहर हुए इस प्रदर्शन में भाजपा नेत्री विद्यावती राजभर, लता श्रीवास्तव, सुमन गुप्ता, अंजू पाण्डेय, माधुरी राजभर, संगीता चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## सपा सांसद का भाजपा पर पलटवार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद सपा सांसद लाल जी वर्मा ने भाजपा पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके घर पर उस समय प्रदर्शन करने पहुंचे, जब वह स्वयं घर पर मौजूद नहीं थे। सपा सांसद ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता महिला आरक्षण के मुद्दे पर नारेबाजी कर राजनीतिक नाटक कर रहे हैं, जबकि देश की महिलाओं को पूरी सच्चाई मालूम है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लोकसभा में सभी दलों के समर्थन से पारित हुआ था। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के विभिन्न बड़े शहरों में महिलाओं द्वारा स्वागत भी कराया गया था। ऐसे में अब भाजपा द्वारा विरोध और प्रदर्शन कराए जाने का कोई औचित्य नहीं है। सपा सांसद ने कहा कि उनका मानना है कि महिला आरक्षण वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में ही लागू होना चाहिए। यदि इसके लागू होने में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसके लिए सिर्फ भाजपा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि कानून बनने के बाद भी सरकार उसे लागू करने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखा रही है।

# एग्रीजंक्शन योजना को आवेदन शुरू, 30 मई तक करें पंजीकरण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में किसानों को उनके फसल उत्पादों से संबंधित सभी सुविधाएं वन स्टॉप शॉप के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए एग्रीजंक्शन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए जनपद के पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बेरोजगार कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक, कृषि एवं सहबद्ध विषयों, उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन आदि विषयों में डिग्रीधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आईसीएआर, यूजीसी मान्यता प्राप्त संस्थानों से अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी एवं कृषि विषय से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों पर भी विचार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया कृषि विभाग की वेबसाइट कृषि विभाग उत्तर प्रदेश तथा एग्रीदर्शन पोर्टल पर प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मई सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। पात्र अभ्यर्थियों में अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपनी बेटी के साथ रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम सुरजीपुर निवासी मो. अशरफ पुत्र असलम ने उनकी बाइक रोक ली। आरोप है कि युवक ने पिता को धमकाते हुए किशोरी को जबरन अपने साथ ले गया। पिता का कहना है कि आरोपी पहले से उनकी बेटी को धमकाता था और काफी समय से परेशान कर रहा था।मामले की गंभीरता को देखते हुए कुड़वार पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और आरोपी मो. अशरफ को गिरफ्तार कर लिया। कुड़वार थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा था सोमवार को गिरफ्तार न्यायालय भेजा गया है।

### दो किलो से अधिक गांजा संग महिला बंदी

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद में नशे के कारोबार पर पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है। इसी अभियान के तहत थाना कूरेभार पुलिस ने सोमवार को एक महिला को गांजे के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बल्दीराय के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पुरखीपुर स्थित राज इंटर कॉलेज मोड़ के पास छापेमारी की। यहां से पूजा पत्नी हब्बू उर्फ दीपक, निवासी मीरपुर प्रतापपुर थाना अखण्डनगर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो 840 ग्राम अवैध गांजा और 64 कोन गांजा पीने वाला पेपर बरामद हुआ। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार महिला को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### पूर्व मंत्री पर लगे केस में 29 को दर्ज होगा बयान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह सहित अन्य के खिलाफ चल रहे हत्या के केस में आरोपियों का बयान दर्ज करने के लिए अब 29 मई की तारीख नियत की गई है। अमेठी जिले के जगदीशपुर के पूरे मतऊ गौरा निवासी शिवकुमार यादव ने सात अप्रैल 2001 को घटना बताते हुए अपने भाई राजकुमार यादव की साजिशन हत्या के आरोप में स्थानीय थाने में केस दर्ज कराया था। वादी ने पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह, राम विलास तिवारी, सह आरोपी अशोक कुमार व विजय कुमार को नामजद किया था, जिनके खिलाफ हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में ट्रायल चल रहा है।

# दो भाइयों को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, मौत

## परिवार में मचा कोहराम, पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी

अखण्डनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार अखण्डनगर-बेलवाई मार्ग पर अलाउद्दीनपुर गांव के पास रविवार रात करीब दो बजे खुटहन, जौनपुर से एक मांगलिक कार्यक्रम में डीजे बजाकर लौटे मजदूर वाहन से सामान उतार रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अचानक जोरदार टक्कर मार मौके से भाग निकली। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने



प्रदीप कुमार और अनिल कुमार की फाइल फोटो।

तुरंत पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. विष्णु स्वरूप यादव ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान प्रदीप कुमार और अनिल कुमार पुत्रगण अतिबल निवासी सरैया मुबारक, थाना अखण्डनगर के रूप में हुई। दोनों सगे भाइयों की एक साथ मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दोनों भाइयों के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय कुमार गौतम ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस टीम को जल्द से जल्द वाहन और चालक का पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक साथ उठीं दो अर्थियां गांव में पसरा मातम

परिवार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। हादसे में जान गंवाने वाले 28 वर्षीय प्रदीप कुमार विवाहित थे। उनकी पत्नी वंदना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मासूम एक साल की बेटी जो पिता को खोजती नजर आई। वहीं छोटे भाई अनिल 24 वर्ष की शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन विवाह से पहले ही उसकी मौत ने पूरे परिवार को तोड़ दिया। मृतकों के बुजुर्ग पिता अतिबल बेटे खोने के गम में बेसुध हो गए। परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम रहीं। प्रदीप और अनिल चार भाइयों में तीसरे और चौथे नंबर पर थे। बड़े भाई अजय कुमार और पिंटू किसी तरह खुद को संभाले दिखे। गांव में हर ओर सन्नाटा और चीख-पुकार का माहौल बना रहा।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर ग्राम प्रधान बनने का आरोप, केस

- न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सिंघनी गांव में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में बड़े घोटाले का मामला सामने आने के बाद पंचायत विभाग में हड़कंप मच गया है। कोर्ट के आदेश पर प्रधान विकास यादव समेत तीन लोगों के खिलाफ सरकारी धन के गबन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और मनरेगा भुगतान में धांधली के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता अवधेश प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रधान ने गलत जन्मतिथि दर्ज कराकर पंचायत चुनाव लड़ा। शिकायत के मुताबिक प्रधान पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चुनाव जीतकर पद हासिल किया। आरोप है कि आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में जन्मतिथि में हेरफेर कर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया। ग्राम प्रधान ने अपने नाबालिग भाइयों सुभाष यादव और अभिषेक यादव के नाम पर फर्जी जॉब कार्ड बनवाकर मनरेगा मजदूरी का भुगतान कराया। आरोप है कि बिना किसी कार्य के हजारों रुपये सरकारी खाते से निकाल लिए गए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पंचायत के विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। आरसीसी सड़क, नाली निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय मरम्मत जैसे कार्यों में मानकों की अनदेखी कर लाखों रुपये का भुगतान कराने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने पहले स्थानीय थाना और एसपी से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर अदालत की शरण ली। कोर्ट के आदेश के बाद बल्दीराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राहुल गांधी मानहानि मामले में बहस टली

- परिवादी ने सेशन कोर्ट जाने के लिए मांगा समय, सुनवाई 21 को

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान बहस नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हुई, जहां परिवादी पक्ष की ओर से वॉयस सैंपल की मांग खारिज किए जाने के आदेश को सेशन कोर्ट में चुनौती देने हेतु समय मांगा गया। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अदालत में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर रिवीजन दाखिल करने के लिए अवसर देने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि अदालत ने परिवादी को एक अवसर प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई एवं बहस के लिए 21 मई की तारीख नियत की है। मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि मामले में राहुल गांधी पूर्व में अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब अदालत में 21 मई को आगे की सुनवाई होगी।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दुष्कर्म और अन्य आरोपों में तय किए आरोप

अयोध्या जनपद के एक गांव निवासी युवती से दुष्कर्म, कुकर्म, गर्भपात, अपमानित करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश विजय गुप्ता की अदालत ने कोतवाली देहात के अहिमाने निवासी आरोपी लकी जायसवाल के खिलाफ सोमवार को आरोप तय कर दिए। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य पीड़िता को तलब कर सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा के अनुसार आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर एक साल तक दुष्कर्म, कुकर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता का गर्भपात भी कराया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर पर दर्ज हुए केस में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। अब मामले में कोर्ट ने आरोप तय कर अभियोजन साक्ष्य के लिए 6 अगस्त की तारीख नियत की है।

### हाईकोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित मूर्तियों का मांगा ब्यौरा

- शासन में आधे अधूरे ढंग से सत्यापित हलफनामे पर जताई आपत्ति

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुल्तानपुर जिले में सार्वजनिक भूमि और सड़कों पर स्थापित की गयी मूर्तियों का सर्वे कराने के आदेश दिए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में अनियमितता पाते हुए, नाराजगी भी जताई है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय तथा न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने स्वत: संज्ञान द्वारा दर्ज की गई जनहित याचिका "इन री इंस्टॉलेशन ऑफ स्टैच्यू आदि ऑन पब्लिक लैंड एंड देयर रिमूवल" पर सुनवाई करते दिया है। मामले में सुल्तानपुर में सड़क पर इंद्रभद्र सिंह की प्रतिमा लगाने का मामला उठाया गया है। इससे पहले कोर्ट के समक्ष स्वीकार किया गया था कि प्रथम दृष्टया जिन दो मूर्तियों का मामला उसके समक्ष आया है वे लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका की उस जमीन पर स्थापित की गई हैं जो सड़क के लिए चिन्हित थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा दाखिल हलफनामे में पाया कि 31 अक्टूबर 2025 को दाखिल उक्त हलफनामे में सरकार ने विभिन्न विभागों से रिपोर्ट मिलने के बाद विस्तृत हलफनामा दाखिल करने की बात कही थी, लेकिन छह माह बीतने के बाद भी ऐसा नहीं किया गया। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे का सत्यापन कॉलम और पहचान कॉलम खाली छोड़ दिया गया। जबकि उस पर शपथ आयुक्त के हस्ताक्षर और मुहर मौजूद हैं। कोर्ट ने इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए प्रदेश के विधि परामर्शी (एलआर) को मामले को देखने को कहा है।

### जेल में निरुद्ध आरोपित को कोर्ट से मिली राहत

जामो थाना क्षेत्र के आगजनी, मारपीट व धमकी के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी देव प्रताप सिंह को अदालत से राहत मिल गई। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राकेश पांडेय की अदालत ने आरोपी की जमानत मंजूर कर ली। अभियोजन के अनुसार बंधवा मजरे रेसी निवासी हुबराजी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ आगजनी, मारपीट व जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता रविवंश सिंह पंकज ने आरोपी की ओर से पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

### फरसे से हमला करने वाला गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को थाना कुड़वार पुलिस ने आरोपी सूरज चौहान निवासी रेन्केडीह को घटना में प्रयुक्त फरसे के साथ दबोच लिया। रविवार को आपसी विवाद के दौरान सूरज चौहान ने सुमित कुमार तिवारी पर फरसे से हमला कर दिया था। अचानक हुए हमले में सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। कुड़वार थाने में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सक्रियता दिखाई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया फरसा भी बरामद कर लिया है।

# पॉलिटेक्निक छात्र का लटका मिला शव

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा
- परीक्षा से दो दिन पहले हुई घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** केनौरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के एक छात्र का शव रविवार देर रात कॉलेज के पास आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। छात्र की आगामी परीक्षा दो दिन बाद होने वाली थी, जिससे घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब दस बजे ग्रामीणों ने कॉलेज के पास स्थित आम के बाग में एक युवक का शव गमछे के सहारे पेड़ से लटका देखा। इसके बाद तुरंत देहात कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित कालूराम पुरवा निवासी सचिन वर्मा (23) पुत्र राजेंद्र वर्मा के रूप में हुई। सचिन राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में मैकेनिकल का तृतीय वर्ष का छात्र था और कॉलेज के पास स्थित एक निजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के अनुसार छात्र का शव बनियान और हाफ पैंट में मिला। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मौके पर फील्ड यूनिट और पुलिस अधिकारियों ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के लोगों और हॉस्टल में रहने वाले छात्रों से भी पूछताछ कर रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक वृज नारायण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि छात्र की परीक्षा 13 मई को प्रस्तावित थी और पढ़ाई को लेकर तनाव की बात भी सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है।

# दुल्हापुर पंचायत भवन में लाइब्रेरी का उद्घाटन

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड लंभुआ की ग्राम पंचायत दुल्हापुर में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए पंचायत भवन में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। प्रधान संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान कैलाश चंद्र दुबे ने फीता काटकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्राम प्रधान कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कई बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों जैसे प्रयागराज और लखनऊ नहीं जा पाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत भवन में लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। यहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे छात्र गांव में रहकर ही अपनी तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का आधार है और इस लाइब्रेरी से क्षेत्र के विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। लाइब्रेरी का संचालन पंचायत सहायक प्रिया सिंह की देखरेख में किया जाएगा तथा इसका समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। उद्घाटन समारोह में कोटेदार दिनेश सिंह, महेश यादव, धर्मेंद्र सिंह, गोलू, पंचायत सहायक प्रिया सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

### राजीव गांधी पार्क में लगे शिलापट, दिया ज्ञापन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के तिकोनिया स्थित राजीव गांधी पार्क को लेकर सोमवार को राजनीति और जनभावनाएं दोनों एक साथ नजर आईं। पार्क के सौंदर्यीकरण और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम का शिलापट्ट स्थापित कराने की मांग को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पार्क को व्यवस्थित रूप से विकसित कराने और वहां आकर्षक शिलापट बोर्ड लगाए जाने की मांग उठाई। शहर अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनहित के मुद्दों को उठाती रही है और प्रशासन को पार्क विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पुत्र के पासपोर्ट पर मेरा घरेलू नाम छिटाना देवी अंकित है जो गलत है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम **छिटाना पत्नी स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम पूरे नौरंग सिंह मजरे व पोस्ट आलमपुर तहसील लालगंज जनपद रायबरेली** है। मैं छिटाना के नाम से ही जानी पहचानी जाती हूं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशुनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक मई 15/05/2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। **रेशमा पांडे ,ग्राम पंचायत किशुनपुर ब्लॉक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी मोबाइल नंबर 94506 87059**

**सूचना**

मैं **बीनू पुत्र नरवीर सिंह नि0 ग्रा0 सिसैया नगला पो0 कुंअरपुर बनवारी छिबरामऊ कन्नौज** जो क्रय किया है दिलीप कुमार पुत्र पूजन सिंह इनकी रजिस्टी वही सं0 1 जिल्द सं0 6008 पृष्ठ सं0 2 से 16 तक क्रमांक 126 पर दिनांक 27–12–2017 पंजीकृत उपनिबन्धक छिबरामऊ कन्नौज में दर्ज हुई है। जो वास्तव में खो गयी है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना ऑनलाइन के माध्यम से एफ0आई0आर0 नं0– 2026000113256 दिनांक 27–01–2026 को दर्ज करा दिया है।

**सूचना**

मैं **नाजिमा बानो पत्नी फारुख अली निवासी मनेरा, नवाबगंज, जिला– बाराबंकी** मेरे पति फारुख के नाम पालिसी नं0– 218713808 है। जिनकी मृत्यु दिनांक– 12/04/2018 हो गई है। उक्त पालिसी की जानकारी न होने के कारण उक्त पालिसी का दावा प्रस्तुत करने में देरी हो गई है, जो माफ़ी योग्य है मैं कम पढ़ी–लिखी होने के कारण पालिसी क्लेम देरी हुई है। मैं मृतक पति के उक्त पालिसी का देर से दावा स्वीकार किये जाने की अति आवश्यकता है।

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अनुज कुमार गुप्ता को उसके खराब आचरण और प्रताड़ना से तंग आकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अनुज कुमार गुप्ता के किसी कृत्य व लेन–देन से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है, न ही मेरी संपत्ति में वो हकदार होगा। **नन्दलाल गुप्ता सुत कंधई लाल निवासी मकान नंबर– 1697 डिहवा, थाना कोतवाली नगर, जिला सुलतानपुर**

**सूचना**

मैने अपना नाम AAFRA KHATOON निवासी –202, Farabi Foster Apartment, Sector-7 ,Vikas Nagar, LUCKNOW से बदल कर AFRA KHAN D/o MOHD SAKIM कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**NOTICE**

Important Notice It is hereby informed to the general public that I have changed my name from A. MOID to ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR. In the future, I shall be known and recognized by the ABDUL MOID, Address: VILL-HARHATA, POST-GUDRA, BALRAMPUR, UP. ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR Note: OLD NAME: A. MOID NEW / CHANGED NAME: ABDUL MOID

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि मैंने अपना नाम RAKESH DIXIT से बदल कर RAKESH KUMAR DIXIT रख लिया है। भविष्य में मुझे RAKESH KUMAR DIXIT के नाम से जाना व् पहचाना जाये। **राकेश कुमार दीक्षित पुत्र सुरेश कुमार दीक्षित निवासी 345, मनोहर नगर, बर्रा–2, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश– 208027**

**NOTICE**

Shivraji mother of JC-355913A Sub Mishra Jayshankar Shri Hosilaprasad presently residing at Village Dauri Faridpur, Post Mokalpur, Ps. Akhand Nagar,Teh. Kadipur District Sultanpur State Uttar Pradesh have changed my name and DOB form Shivraji to Shivraji Devi form and my DOB from 02 Sep 1936 to 15-05-1938 vide affidavit IN-UP-49966657765740Y date 07-05-2026 before Sadar Sultanpur


# अवधी लोक धुनों से गूंज उठा सभागार, कलाकारों ने बांधा समां

- पंडित दयाशंकर पाण्डेय सेवा संस्थान द्वारा दी गई प्रस्तुति

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के रिपर्टी अनुदान के अंतर्गत पंडित दयाशंकर पाण्डेय सेवा संस्थान द्वारा पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में एक दिवसीय भव्य अवधी लोक संस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवधी लोक संस्कृति, लोकगीत और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और लोकधुनों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सौरभ पाण्डेय ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से किया। इसके बाद उन्होंने आज घर अइहै दुनौ ललनवा हो राम लक्षिमन सेबरी के भवनवा लोकभजन की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा इसके बाद प्रसिद्ध लोक कलाकार अनीता शर्मा और उनकी टीम ने बधावा, नटका, सोहर सहित विभिन्न पारंपरिक लोकगीतों और लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की अदायगी व अवधी लोक संगीत की मिठास ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर ने किया। समापन अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ने सभी कलाकारों, अतिथियों व मौजूद संगीत प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोक संस्कृति हमारी पहचान व विरासत है, जिसे संरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी है।

# लंबे समय बाद मंचित हुआ 'ताजमहल का टेंडर'

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में लंबे अंतराल के बाद चर्चित नाटक ताजमहल का टेंडर का भव्य मंचन किया गया। जिले के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म निर्देशक डॉ. संजय श्रीवास्तव के प्रयासों से आयोजित इस प्रस्तुति ने जिले के रंगमंचीय आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। अभिनय के कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।



कलाकारों ने चर्चित नाटक ताजमहल का टेंडर का जीवंत मंचन किया।

- व्यंग्य, हास्य और सामाजिक संदेश से भरपूर प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा

कार्यक्रम का आयोजन पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। लगभग दो घंटे तक चले मंचन में हास्य, व्यंग्य और सामाजिक संदेश का प्रभावशाली समावेश देखने को मिला। कलाकारों ने विभिन्न पात्रों की भूमिकाओं को जीवंत अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। नाटक की कथा में भ्रष्टाचार और व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य किया गया, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। दृश्य संयोजन, प्रकाश व्यवस्था और गीत-संगीत ने प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। मंचन के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम में लायंस क्लब मिडटाउन की ओर से डॉ. संजय श्रीवास्तव को सम्मानित भी किया गया। अंत में कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय और सफल प्रस्तुति के लिए दर्शकों ने उनका उत्साहवर्धन किया।

**बार चुनाव** | सूचना पर पहुंचे एएसपी, एसडीएम, सीओ व तीन थाने की पुलिस

# हाईवे किनारे मिले 24 मृत और तीन जिंदा गोवंश, मचा हड़कंप

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की सुबह टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बड़ी संख्या में मृत और गंभीर हालत में जीवित पड़े गोवंश मिलने से सनसनी फैल गई। माधवपुर गांव के पास खेतों में करीब दो दर्जन से अधिक गोवंश मिलने की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा।

जानकारी के अनुसार सेमरी चौकी क्षेत्र के माधवपुर गांव के निकट हाईवे से लगभग 300 मीटर दूर खेत में गोवंश पड़े होने की सूचना पशु प्रेमियों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच शुरू की। घटनास्थल पर कुल 27 गोवंश मिले, जिनमें 20 गायों और 4 बैलों की मौत हो चुकी थी, जबकि 3 गायें गंभीर हालत में तड़पती मिलीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए जयसिंहपुर एसडीएम, नायब तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी और गोसाईंगंज थाना प्रभारी व मोतिगरपुर के उपनिरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। जीवित गोवंशों के उपचार के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद और अन्य चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल गोवंशों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं मृत गोवंशों



जयसिंहपुर कोतवाल से बात करते एसडीएम। गाय का इलाज करते पशु चिकित्सक। • अमृत विचार

के शवों का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया पूरी कराई गई, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वृज नारायण सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी लेते हुए स्थानीय पुलिस और क्षेत्राधिकारी को गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और गोवंशों को यहां लाने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्रीय हिंदू संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। अपर पुलिस अधीक्षक वृज नारायण सिंह ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए एसओजी सहित स्थानीय पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।

# सड़क हादसे के घायलों को अब निजी अस्पतालों में भी मिलेगा मुफ्त इलाज


शिव अंकम् ओझा, गोंडा,

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों के लिए अब आर्थिक तंगी इलाज में बाधा नहीं बनेगी। भारत सरकार की सीटीआरएवी 2025 योजना के तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्तियों को सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ जिले के चयनित निजी अस्पतालों में भी एक सप्ताह तक अथवा अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी।

इसके लिए जिले के हाईवे से जुड़े एक दर्जन अस्पतालों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निजी व सरकारी चिकित्सालयों को योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में सड़क दुर्घटना के बाद के गोल्डन ऑवर को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा गया कि घायल को दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया जाना अनिवार्य होगा। इसके अंतर्गत मरीज को पुलिस, एंबुलेंस, गुड सेमेरिटन अथवा किसी अन्य माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जा सकता है। दुर्घटना के दौरान अक्सर देखा जाता है कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को इलाज मिलने में काफी समस्या आती है। इसके अलावा अस्पताल ले जाते समय भी गंभीर रूप से घायल मरीज की मौत भी हो जाती है इसको देखते हुए मुख्य मार्गों से सटे निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा गया है। सभी को आवश्यक जानकारी दे दी गई है। लापरवाही न करने की भी नसीहत दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने कहा कि सड़क हादसों में कई बार इलाज शुरू होने में देरी सिर्फ आर्थिक कारणों से होती थी, जिससे गंभीर परिणाम सामने आते थे। अब ऐसी स्थिति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नामित अस्पताल किसी भी घायल को इलाज देने में लापरवाही न बरतें। यदि किसी स्तर पर उदासीनता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस योजना के तहत 254 उपचार पैकेज उपलब्ध हैं। अस्पतालों को ई -डीएआर आईडी के माध्यम से एनएचए के टीएमएस पोर्टल पर क्लेम प्रस्तुत करना होगा।

## सुविधा

- हाईवे से सटे 12 निजी अस्पताल नामित, डेढ़ लाख रुपये तक का होगा नि:शुल्क इलाज
- सीटीआरएवी योजना के तहत गोल्डन ऑवर में उपचार पर जोर
- हादसे के 24 घंटे के भीतर घायल को अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी



सड़क पर चिह्नित हास्पिटल।

## इन निजी अस्पतालों में होगा उपचार

जिले में नामित अस्पतालों में ये हैं शामिल :- ● गोण्डा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, ● सद्भावना मेडिकल सेंटर, ● सनराइज हॉस्पिटल, ● एस-2-एम हॉस्पिटल, ● नारायण हॉस्पिटल, ● लाइफ लाइन हॉस्पिटल, ● अवध हॉस्पिटल, ● सुधा न्यूरो एवं ट्रॉमा सेंटर, ● आरबी राव मेमोरियल हॉस्पिटल, ● गायत्री हॉस्पिटल, ● एससीपीएम हॉस्पिटल, ● आरएन पाण्डेय मेमोरियल हॉस्पिटल शामिल हैं। यह पहल न सिर्फ सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए राहत लेकर आई है, बल्कि समय पर इलाज सुनिश्चित कर अनमोल जिंदगियां बचाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# मैट पर वापसी को तैयार विनेश फोगाट ने अनुमति न मिलने पर जताई नाराजगी

## नंदिनी नगर में चल रही कुश्ती प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं पर खड़े किये सवाल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** हरियाणा की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला पहलवान विनेश फोगाट सोमवार शाम अपने पति सोमवीर राठी के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नंदिनी नगर महाविद्यालय पहुंचीं। उनके आगमन को लेकर पूरे परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

नंदिनी नगर पहुंचते ही विनेश फोगाट सीधे महाविद्यालय परिसर में बने डब्ल्यूएफआई कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर प्रतियोगिता में भागीदारी को लेकर चर्चा की। करीब 17 मिनट तक चली बातचीत के बाद बाहर निकलीं विनेश ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें प्रतियोगिता में खेलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान विनेश फोगाट ने नंदिनी नगर में चल रही कुश्ती प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और मुकाबले देर रात तक कराए जा रहे हैं, जिसका सीधा असर पहलवानों की फिटनेस और प्रदर्शन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय बाद मैट पर वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और बीते दिसंबर माह में ही कुश्ती संघ को पत्र लिखकर प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छा जता चुकी थीं। इसके बावजूद लगभग छह महीने बाद उन्हें नोटिस भेजकर 14 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा दी गई नोटिस का जबाब उनके तरफ से मिलने तक उन्हें किसी भी कम्पीटीशन मे खेलने का इजाजत न होने की बात अध्यक्ष द्वारा बताई गई। विनेश ने बताया की डोपिंग टेस्ट नहीं कराए जाने के कारण की जानकारी उनके द्वारा वाडा और नाडा को लिखित तौर पर दे दी गई है और दोनों संस्थाओं के तरफ से उन्हें खेलों मे भाग लेने की अनुमति भी मिली है। विनेश फोगाट ने आरोप लगाया कि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की साजिश के तहत उन्हें प्रतियोगिता में खेलने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें अनुमति मिलती है तो वह मंगलवार को मैट पर उतरकर मुकाबले में हिस्सा लेंगी। इस दौरान विनेश फोगाट कुश्ती संघ के प्रशिक्षण हॉल में भी पहुंचीं, लेकिन वहां हॉल बंद मिला। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि वह अभ्यास करना चाहती थीं, लेकिन खिलाड़ियों के लिए समुचित व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं कराई गई। करीब एक घंटे तक नंदिनी नगर परिसर में रहने के बाद विनेश फोगाट बैरंग अयोध्या के लिए रवाना हो गईं। उनके दौरे और बयान के बाद प्रतियोगिता को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।


मीडिया से बात करतीं पहलवान विनेश फोगाट। ● अमृत विचार

# प्रधान की हर्ष फायरिंग में किशोर को लगी गोली

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के घुनाही मजरा बुधियापुर गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हर्ष फायरिंग के दौरान एक किशोर गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। घायल किशोर के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी ललित कुमार वर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के प्रधान मनोज कुमार वर्मा लंबे समय से ग्रामीणों को धमकाते आ रहे हैं। पीड़ित के अनुसार प्रधान ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि वह असलहे का लाइसेंस बनवा रहे हैं और पिस्टल खरीदकर विरोध करने वालों को जान से मार देंगे। रविवार की शाम करीब छह से सात बजे के बीच गांव में अचानक गोली चलने की तेज आवाज गूंज उठी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक प्रधान द्वारा की जा रही हर्ष फायरिंग के दौरान उनके 17 वर्षीय भतीजे अजीत वर्मा को पेट में गोली लग गई। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और घायल किशोर को तत्काल गोंडा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बाद में लखनऊ रेफर किए जाने की बात सामने आई है। पीड़ित ने दिए प्रार्थना पत्र में आशंका जताई है कि उनके पिता जमुना प्रसाद वर्मा और परिवार पर कभी भी जानलेवा हमला किया जा सकता है। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि पीड़ित की ओर से पुलिस को तहरीर प्राप्त हुई है। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## अफरा-तफरी

- निजी अस्पताल से गंभीर हालत में रेफर किया गया लखनऊ



सोमनाथ स्वाभिमान कलश यात्रा में शामिल डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर हनुमानगढ़ी से दुःखहरण नाथ मंदिर तक निकाली कलश यात्रा

**गोंडा, अमृत विचार :** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमवार को सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, जलाभिषेक, भजन-कीर्तन, महाआरती एवं पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव का पूजन कर जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमानगढ़ी मंदिर मालवीय नगर से बाबा दु:खहरण नाथ मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बाबा दु:खहरण नाथ मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डीएम प्रियंका निरंजन एवं सीडीओ दयानन्द प्रसाद ने पहुंचकर कलश यात्रा में सहभागिता की तथा भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों, जिनमें बाबा दु:खहरण नाथ महादेव मंदिर गोण्डा, बाबा पृथ्वी नाथ महादेव मंदिर खरगूपुर, बाबा बरखण्डी नाथ महादेव मंदिर करनैलगंज, बाबा बालेश्वर नाथ महादेव मंदिर वजीरगंज तथा महादेव शिव मंदिर मनकापुर सहित अन्य शिवालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, महाआरती, जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी तथा पूरे जनपद में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## घर से निकली किशोरी लापता

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** घर से निकली किशोरी संदिग्ध परिस्थितयों में लापता हो गयी। पिता की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र निवासी युवक ने नवाबगंज थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह थाना क्षेत्र के एक गांव में किराए का कमरा लेकर परिवार सहित रहता है। रविवार की सुबह करीब नौ बजे उसकी 15 वर्षीया बेटी घर से निकली थी। काफी समय गुजरने के बाद भी वापस नहीं आने पर उसकी तलाश की गई लेकिन पता नहीं चला। युवक ने बताया कि बहराइच के नानपारा निवासी शिवा नाम का लड़का उसकी बेटी से फोन पर बातचीत करता था। उसी ने उसकी बेटी को शादी करने की नीयत से अगवा किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश की जा रही है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा, सुपरवाइजर घायल

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। उसमें सवार सीएचसी में तैनात हेल्थ सुपरवाइजर गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

शुभावती शुक्ला (57) सीएचसी में हेल्थ सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह सीएचसी से ई-रिक्शा द्वारा अपने घर मसकनवा रानीजोत जा रही थी। ई-रिक्शा में उनके अलावा चार अन्य सवारियां भी मौजूद थीं। बताया गया कि मसकनवा मार्ग स्थित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा दो से तीन बार पलट गया। हादसे में शुभावती शुक्ला गंभीर रूप से घायल होकर रिक्शा के नीचे दब गईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं ई-रिक्शा में बैठी अन्य सवारियों को मामूली चोटें आईं, जिनका उपचार कर घर भेज दिया गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से किशोर घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** मरहमपुर मिश्रौलिया गांव में निर्माणाधीन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक के पिता ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मरहमपुर मिश्रौलिया निवासी शिवकुमार मिश्र के अनुसार, गांव के समीप 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। बीती 28 अप्रैल को करीब 11 बजे सड़क निर्माण कार्य में लगे कुछ मजदूरों ने उनके 10 वर्षीय बेटे शिवांश से पीने के लिए पानी लाने को कहा था। शिवांश घर से पानी लेकर निर्माण स्थल की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा चलाए जा रहे लोडर ट्रैक्टर ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। हादसे में शिवांश सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

## घर में घुसकर पुजारी के परिवार पर हमला

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** रघुनाथपुर में रंजिश को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है।

हरिकृष्ण मिश्रा हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी हैं। हरिकृष्ण मिश्रा ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे जगदीश समेत नौ लोग उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट में हरिकृष्ण मिश्रा, उनकी पत्नी, भतीजी नंदिनी और ममता घायल हो गईं। आरोप है कि उनकी पत्नी व भतीजी का मंगलसूत्र छीन लिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के जगदीश ने आरोप लगाया कि मंटू, अमर, हरिकृष्ण मिश्रा और हौसिला प्रसाद ने उन पर हमला कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। हरिकृष्ण मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जानलेवा हमले के दोषी को 15 वर्ष की सजा

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना मोतीगंज क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुए जानलेवा हमले के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने मुख्य आरोपी को 15 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 18 फरवरी 2019 को वादी छठ्ठीराम वर्मा ने थाना मोतीगंज में तहरीर देकर बताया था कि पट्रैनिया चौराहे स्थित उनकी दुकान पर उनके पिता लेटे हुए थे। इसी दौरान सुरेन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा और दीनानाथ वर्मा ने पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली उनके पिता के पेट में लगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह की अदालत ने सुरेन्द्र वर्मा को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष की सश्रम कैद और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, साक्ष्यों के अभाव में सह-अभियुक्त वीरेन्द्र वर्मा और दीनानाथ वर्मा को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया।

राम कथा

**कार्यक्रम में गोरखपुर सांसद और अयोध्या के महापौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद**

# विजय के लिए शौर्य, धैर्य, सत्य व शील के रथ की आवश्यकता

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबरा गांव में हो रही श्री राम कथा में राजन जी महाराज ने कहा कि रामायण में शौर्य, धैर्य, सत्य और शील जैसे रथ को विजय का पर्याय बताया गया है।

कथा व्यास राजन जी महाराज ने कहा कि भगवान राम माता सीता व भाई लक्ष्मण के साथ चित्रकूट से आगे बढ़ते हैं तब उनका सामना तमाम व्यभिचारियों से होती है जो तप करने वाले ऋषि-मुनियों को तंग करते हैं। कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम दंडकारण्य पहुंचे राक्षसों का संहार शुरू किया। रावण की बहन शूर्पणखा ने पंचवटी में राम-लक्ष्मण को मोहित करने का प्रयास किया। शूर्पणखा अपने भाइयों खर और दूषण के पास पहुंची और राम ने अकेले ही खर-दूषण सहित सभी राक्षसी सेना का संहार कर दिया।

कथा व्यास ने धर्म रथ को समझाया। राम रावण के युद्ध को लेकर विभीषण को संशय हुआ कि रावण रथ पर है और प्रभु नंगे पांव, तब राम जी ने उन्हें समझाया सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका। अर्थात विजय के लिए भौतिक रथ नहीं, बल्कि शौर्य, धैर्य, सत्य और शील के रथ की आवश्यकता होती है। अंत में विभीषण के बताने पर भगवान राम ने रावण की नाभि में अग्नि बाण मारा और लंका का उद्धार किया। राजन जी महाराज ने कहा कि लंका कांड केवल रावण को मारने की कथा नहीं है, बल्कि हमारे भीतर के दशानन (दस इंद्रियों के विकार) को राम नाम के बाण से समाप्त करने की प्रेरणा है। सिया राम मय सब जग जानी, करह प्रनाम जोरि जुग पानी। जब भगवान राम वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटते हैं, तो महाराज बड़े ही सुंदर ढंग से गुरु वशिष्ठ द्वारा उनके राजतिलक का वर्णन करते हैं।

महाराज जी ने कहा कि राम का राज्य केवल इतिहास नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था है जहां दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि ब्यापा अर्थात् किसी को भी शारीरिक,मानसिक या दैवीय कष्ट नहीं होता। राम कथा में सांसद गोरखपुर रवि किशन शुक्ल, विधायक प्रदीप शुक्ल, भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल, कुलदीप मिश्र, उमापति त्रिपाठी, उमेश तिवारी, राजेश तिवारी, शिव शरण पाण्डेय, कृष्ण भगवान शुक्ल, शिव भगवान शुक्ल, विपिन बिहारी तिवारी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



श्री राम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास के साथ गोरखपुर सांसद रवि किशन व अन्य। ● अमृत विचार

## शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक आयोजित


बैठक करते शक्ति केंद्र संयोजक। ● अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** शक्ति केंद्र संयोजकों एवं प्रभारियों की बैठक नगर पंचायत कार्यालय बेलसर में संपन्न हुई। अध्यक्षता बेलसर मंडल अध्यक्ष राकेश भारती ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल बेलसर प्रवासी दीपक अग्रवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन के मेरुदंड हैं। आप सभी के बल पर ही केंद्र व प्रदेश की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बूथ समितियों एवं शक्ति केंद्र की बैठकें नियमित रूप से प्रत्येक माह करते रहें, जिससे संगठन की सक्रियता बनी रहे। पूर्व प्रमुख बेलसर एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री अजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही चुनाव जीता जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर जिला समिति सदस्य संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र सिंह, विजय दुबे, अजीत प्रताप सिंह, विक्की कनौजिया, राहुल तिवारी, आसाराम मौर्य, राहुल सिंह, रक्षा राम भारती अमरेश शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, आलोक पंचम मौर्य, सतराम सिंह, ऋषि कुमार तिवारी, शिवम दुबे, अंकित सिंह कृष्ण पाल सिंह, जीवन लाल पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता आज उपस्थित रहे।

## रींवा में इंटर कॉलेज में वाटर कूलर का लोकार्पण

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** रींवा गांव स्थित जंग बहादुर लाल बनवारी लाल इंटर कॉलेज में सोमवार को मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे ने किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने आभार जताया। प्रधानाचार्य पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में आनंद श्रीवास्तव, पिंकू सिंह, विनोद कुमार सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, सुशील कुमार, इंद्रजीत मिश्रा, अफजाल अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संतुलित उर्वरकों के प्रयोग से बढ़ेगी उपज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** किसानों को वैज्ञानिक तरीके से सब्जियों की खेती अपनाने और संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से विकासखंड के ग्राम अशरफपुर में कृषक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक तकनीक से सब्जी उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए गए।कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान डॉ. राम लखन सिंह ने किसानों को सब्जियों की खेती में संतुलित उर्वरकों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान मृदा परीक्षण की संस्तुति के आधार पर ही खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करें, जिससे फसल की बेहतर वृद्धि के साथ अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। डॉ. सिंह ने किसानों को सलाह दी कि सब्जी फसलों में रासायनिक कृषि रसायनों का अत्यधिक प्रयोग मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक है। कीट एवं रोग प्रबंधन के लिए जैविक उत्पादों तथा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन तकनीक को अपनाना चाहिए, जिससे सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन संभव हो सके।इस दौरान प्रगतिशील कृषक अमित कुमार मौर्य द्वारा की जा रही तोरई एवं अरवी की खेती का भी निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में विकास मौर्य, अभिषेक मौर्य, भगवानदीन, अहमद अली सहित कई किसानों ने प्रतिभाग कर आधुनिक खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

## एक माह बाद हटाई गई सड़क पर लटकी पेड़ की डाल

**तरबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** तरबगंज-डुमरियाडीह मार्ग पर सिगहा चौराहे के पास एक महीने से अधिक समय से सड़क पर लटकी पेड़ की मोटी डाल को सोमवार को वन विभाग की टीम ने हटवा दिया। 4 अप्रैल की आंधी-पानी में डाल टूटकर सड़क पर लटक गई थी, जिससे राहगीरों को परेशानी और दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग ने करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद डाल काटकर मार्ग साफ कराया। ग्रामीणों ने सड़क से समस्या हटने पर राहत जताई है।

## चांदी के सिक्कों से भरा मटका मिलने की अफवाह

**करनैलगंज, अमृत विचार :** शनिवार देर शाम सकरौरा पूर्वी स्थित अंसारी मस्जिद के सामने 19वीं शताब्दी के चांदी के सिक्के मिलने की खबर नगर में तेजी से फैल गई। चर्चा होने लगी कि सभासद परवेज आलम के घर के पास सिक्कों से भरा मटका मिला है, जिसे तत्काल मिट्टी से पाट दिया गया। अफवाह फैलते ही मौके पर तमाम लोग जुट गए और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। लोगों की भीड़ और चर्चाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। हालांकि पुलिस ने मटके में चांदी के सिक्के मिलने की बात से इनकार किया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि यह सिर्फ अफवाह है। बच्चों को खेलते समय कुछ पुराने सिक्के मिले थे, लेकिन मटके में चांदी के सिक्के मिलने जैसी कोई बात सामने नहीं आई है।


वायरल वीडियो में बच्चे के हाथ में पुराना सिक्का।

## गैस सिलेंडर लीक होने से घर में लगी

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** खोड़ारे थाना क्षेत्र के भानपुर गांव में सोमवार दोपहर गैस सिलेंडर लीक होने से एक घर में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरे रसोईघर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़िता अनीता देवी ने बताया कि वह दोपहर करीब 11 :30 बजे खाना बनाने के लिए रसोई में गई थीं। जैसे ही उन्होंने गैस चूल्हा जलाया, सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव होने लगा और अचानक आग भड़क उठी। तेज लपटें उठती देख वह शोर मचाते हुए बाहर भागीं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टी व टुल्लू पाइप की मदद से छत के ऊपर से पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक घर में रखा दो फ्रिज, वाशिंग मशीन, किराने का सामान, आरओ, शीतल पेय पदार्थ, अनाज और करीब 20 हजार रुपये की नकदी सहित लगभग तीन लाख रुपये का सामान जल चुका था। गनीमत रही कि परिवार के सभी सदस्य समय रहते घर से बाहर निकल गए।


आग से नष्ट घर का सामान।

## क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध का पैर कटा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग स्थित समपार फाटक संख्या-282 स्पेशल पर रविवार दोपहर बाद एक हादसे में बुजुर्ग का पैर कट गया। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी करनैलगंज से गोंडा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर सेमरा निवासी अब्दुल मजीद (70) पुत्र मोहम्मद युसूफ रविवार दोपहर करनैलगंज बाजार आ रहे थे। बताया जाता है कि उन्होंने सेमरा में अपनी साइकिल खड़ी की थी और ई-रिक्शा से बाजार के लिए निकले थे। हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर गेट बंद होने के कारण वह ई-रिक्शा से उतरकर पैदल फाटक पार करने लगे। इसी दौरान ट्रैक के पास उन्हें चक्कर आ गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनका दाहिना पैर कट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और वह खून से लथपथ होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए गोंडा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के बेटे वहीद ने बताया कि उनके पिता का इलाज चल रहा है और स्थिति फिलहाल सामान्य बनी हुई है।

# वाहन की टक्कर से बहू भोज के दिन दूल्हे की मौत, पसरा मातम

## बीती 8 मई को हुआ था विवाह, अगले दिन हुई थी विदाई, गम में बदलीं शादी की खुशियां

महराजगंज तराई, बलरामपुर



दूल्हे की मौत के बाद उसके घर पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैनहवा में शादी की खुशी मातम में उस वक्त बदल गई जब बहु भोज के दिन सड़क दुर्घटना में दूल्हे की मौत की सूचना घर पर पहुंची। इस हादसे से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। सहज राम यादव निवासी मैनहवा ने बताया कि उनके पुत्र प्रमोद कुमार यादव (26) की शादी आठ मई को कुसुम यादव निवासी बरदहा नानकार जिला सिद्धार्थ नगर से हुई है। शनिवार को बारात वापस लौट कर आई थी। रविवार दस मई को घर में बहू भोज का कार्यक्रम चल रहा था। रात लगभग आठ बजे प्रमोद यादव अपनी मोटरसाइकिल से घर से बाहर किसी काम से सेमरी जा रहे थे। तभी अचानक गांव के बाहर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल बलरामपुर ले गए जहां पर उनकी हालत गंभीर होते देख डाक्टर ने उन्हें बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बहराइच जिला अस्पताल में इलाज के दौरान प्रमोद यादव की मौत हो गई। प्रमोद यादव की मौत सुनकर घर में कोहराम मच गया। खुशी के घर में मातम छा गया। मृतक प्रमोद तीन भाइयो में सबसे बड़ा था। परिवार में उनकी पत्नी सहित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है छानबीन की जा रही है।



प्रमोद फाइल फोटो।

## नहर में गिरी बेकाबू बाइक, युवक की मौत

● शादी वाले घर में पसरा मातमी सन्नाटा, परिजनों में कोहराम

**गैसड़ी, बलरामपुर अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत गैसड़ी के राजाबाग डीह निवासी करन गौतम (21) की नहर में बाइक गिरने से मौत हो गई। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। करन अपने बड़े भाई पंकज के ससुराल बंजरिया सुगांव जा रहे थे। मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। करन के सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उसे गैसड़ी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. संतोष सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मां सरस्वती, भाई मोनू, पंकज, जयचंद्र, फूलचंद और अर्जुन का रो-रोकर बुरा हाल है। भाई मोनू ने बताया कि मंगलवार को परिवार में शादी थी और बारात जानी थी, लेकिन यह हादसा हो गया।

## 28 विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों से मांगा जवाब

संवाददाता, बलरामपुर

● नामांकन अभियान में सुस्ती पर बीएसए के तेवर सख्त

● लापरवाही मिलने पर कार्रवाई तय तीन दिन में देना होगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में चल रहे छात्र नामांकन अभियान की धीमी रफ्तार पर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिले के हरैया सतघरवा शिक्षा क्षेत्र के 28 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शुभम शुक्ल ने संबंधित प्रधानाध्यापकों, इंचार्ज प्रधानाध्यापकों और संकुल शिक्षकों से जवाब तलब किया है।

बीएसए ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संबंधित शिक्षक तीन दिन के भीतर अपना संतोषजनक स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएं। निर्धारित समय में उचित जवाब न मिलने अथवा जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत शिक्षकों को घर-घर सर्वे कर विद्यालय से बाहर और ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यालय स्तर पर हुई समीक्षा में सामने आया कि कई विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास नहीं किए गए। जबकि इस संबंध में पहले भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके थे। नामांकन की कमजोर स्थिति को गंभीर मानते हुए विभाग ने संबंधित विद्यालयों से जवाब मांगा है।

बीएसए ने सभी शिक्षकों से गांव-गांव संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि जिले में शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य समय से पूरा किया जा सके।

## सीएमओ ने ग्राम कटिया पहुंचकर परखी स्वास्थ्य योजनाओं की हकीकत, ग्रामीणों से लिया फीडबैक



स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेते सीएमओ व अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शुक्रवार को विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम कटिया का दौरा कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। सीएमओ ने बच्चों के नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने के साथ बच्चों का नियमित टीकाकरण कराया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों के उपचार में नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अरविंद मिश्रा, राजेश पाण्डेय सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम में 800 विद्यार्थियों ने किया योगासनों का अभ्यास



विद्यार्थियों को योगाभ्यास करते योग गुरु वीरेंद्र विक्रम सिंह। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम के 41वें दिन सिटी मानटेश्वरी इंटर कॉलेज, बलरामपुर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग गुरु डॉ. वीरेन्द्र विक्रम सिंह ने योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम की शुरुआत यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं से हुई, जिसके बाद ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन एवं अर्ध चक्रासन सहित कई आसनों का अभ्यास कराया गया। वहीं भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांक आसन और वक्रासन जैसे बैठकर किए जाने वाले योग भी सिखाए गए। कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली एवं भ्रामरी प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। कॉलेज के प्राचार्य के. पी. यादव ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में 800 से अधिक विद्यार्थियों सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## 18 तक भरे जाएंगे द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म

● मां पाटेश्वरी विवि ने जारी किया परीक्षा फार्म भरने का कार्यक्रम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विवि द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा फार्म भरने एवं कोर्स चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विवि प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (स्नातक एवं परास्नातक) के छात्र-छात्राएं 11 मई से 18 मई 2026 तक समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपने परीक्षा फार्म एवं कोर्स चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं से निर्धारित समयावधि के भीतर परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। परीक्षा फार्म भरने एवं कोर्स चयन से संबंधित जानकारी फ्लोचार्ट के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि परीक्षा फार्म भरते समय परीक्षा शुल्क एवं अन्य देय शुल्क विवि के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से जमा किए जाएंगे। शुल्क जमा रसीद की सत्यापित प्रति परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से सावधानीपूर्वक सही जानकारी भरने तथा अंतिम तिथि से पूर्व सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने का अनुरोध किया है।

## गल्ला व्यापारी के घर लाखों की चोरी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** हरैया क्षेत्र में रविवार रात चोरों ने गल्ला व्यापारी विनोद गुप्ता के घर के पीछे की दीवार में नकब लगाकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, कपड़े और करीब 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। पीड़ित विनोद गुप्ता ने बताया कि रात में पूरा परिवार सो रहा था। सुबह उठने पर घर के अंदर का सामान बिखरा मिला। अलमारी और बक्सों के ताले टूटे हुए थे तथा दीवार में नकब लगी थी उन्होंने बताया कि एक वर्ष पहले भी उनके घर चोरी हुई थी। पीड़ित ने मामले की लिखित सूचना हरैया थाने में दी है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

## किशोर की हत्या के दो आरोपी बंदी

संवाददाता, बलरामपुर



हत्या के गिरफ्तार आरोपियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस टीम।

**अमृत विचार :** थाना गौरा चौराहा क्षेत्र में अनार तोड़ने के मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पुरानी रंजिश और गाली-गलौज से नाराज आरोपियों ने एक किशोर की हत्या कर दी। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

त्रिलोकपुर निवासी सावित्री देवी का पुत्र राजकुमार घर के सामने खेलते समय अचानक लापता हो गया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की। अगले दिन किशोर का शव गांव के पास एक गड्ढे में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए जांच तेज कर दी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री एवं थानाध्यक्ष हरीश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए महेश यादव और आकाश को गिरफ्तार किया।

मुख्य आरोपी महेश यादव ने बताया कि अनार तोड़ने को लेकर राजकुमार से विवाद हुआ था। आरोप है कि किशोर ने उसकी मां से गाली-गलौज भी की थी। इसी बात को लेकर आरोपी के मन में गहरा आक्रोश था और पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी आकाश हत्या के बाद महेश को मोटरसाइकिल से फरार कराने का प्रयास कर रहा था।

## टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर दिलाई शपथ



टीबी मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय पचपेड़वा में सोमवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों को टीबी बीमारी के प्रति जागरूक किया तथा टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई। इस दौरान लोगों को बताया गया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। इस अवसर पर नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक सगीर अहमद सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एसटीएलएस अमित कुमार पांडे, महेंद्र सिंह रावत, शोभित श्रीवास्तव एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई।

## उच्च शिक्षा को सही संस्थान जरूरी

● उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने विद्यालयों में पहुंची एमएलके पीजी कॉलेज की टीम

संवाददाता, बलरामपुर



विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बारे में जानकारी देती शिक्षकों की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र-छात्राओं के नामांकन को बढ़ाने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को एमएलके स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलरामपुर की प्राध्यापकों की टीम ने तहसील तुलसीपुर क्षेत्र के विभिन्न इंटरमीडिएट विद्यालयों का भ्रमण किया। यह अभियान उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज के निर्देशन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

दल के समन्वयक एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. मोहिउद्दीन अंसारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के लिए सही संस्थान और विषय का चयन जीवन की दिशा तय करता है। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने स्नातक एवं परास्नातक के बाद राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, जूनियर रिसर्च फेलोशिप तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजहरुद्दीन ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। टीम ने कई विद्यालयों का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## ट्रांसफार्मर जलने से बिजली गुल

**गैसड़ी, बलरामपुर अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जिगनीहवा के पुरवा पिपरी में रविवार को 100 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर जल जाने से करीब 100 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली कटने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पंखा-कूलर बंद होने से लोग परेशान हैं, वहीं मच्छरों के प्रकोप और पेयजल संकट ने समस्या बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। अवर अभियंता अजय कुमार ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर मंगाया गया है और जल्द बदलने की कार्रवाई की जाएगी।

## ढाबों पर हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग



रेस्टोरेंट पर हो रहा घरेलू गैस का प्रयोग।

**गैंडासबुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग होने से आम उपभोक्ताओं के सामने गैस संकट गहराता जा रहा है। होटल, ढाबों और ठेलों पर सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडर धड़ल्ले से इस्तेमाल किए जा रहे हैं,। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग के बाद भी 7 से 10 दिन तक सिलेंडर नहीं मिल रहा।

पिड़िया बुजुर्ग गैस एजेंसी पर रोज लंबी कतार लग रही है। क्षेत्र के मुन्ना ने 27 अप्रैल को बुकिंग कराई, लेकिन कई दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिला। वहीं एजेंसी प्रबंधन का दावा है कि प्रतिदिन 250 सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अतिरिक्त रकम लेकर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने की भी चर्चा है। लोगों का कहना है कि सस्ते घरेलू सिलेंडरों का उपयोग ढाबों में होने से किल्लत बढ़ रही है। उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## दबंग ने दंपति की कर दी पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** टेंट के सामान को उठाने को लेकर एक दिन पूर्व दम्पत्ति की पिटाई कर घायल कर दिया गया। पेड़ारे गड़वा मटेरा के संजनी पांडेय पत्नी श्यामबाबू पांडेय ने बताया कि टेंट के सामान को उठाने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर बनकटवा गांव के सूरज पाठक ने लाठी-डंडे से उसकी व उसके पति की पिटाई कर दिया और मोबाइल छीनकर पटक दिया। जिससे मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि दम्पत्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को स्थानीय सी एच सी भिजवाया गया है।

## उद्योग लगाने पर मिलेगा सरकारी अनुदान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजना के अंतर्गत उद्योग और सेवा क्षेत्र में अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए युवाओं को बैंक ऋण के साथ सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उपायुक्त उद्योग रवि कुमार शर्मा ने बताया कि योजना के तहत उद्योग क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को शामिल किया गया है। पात्र अभ्यर्थियों को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी अनुदान के रूप में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं निवेश करना होगा जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए यह अंशदान पांच प्रतिशत है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल रखी गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो पहले किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभ ले चुके हैं उन्हें इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। आवेदन के दौरान आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर और परियोजना रिपोर्ट जमा करने होंगे। इच्छुक युवक-युवतियां एमएसएमई उत्तर प्रदेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

निर्देश | खरीफ सीजन से पहले एक्शन में जिलाधिकारी, हरैया सतघरवा में परखी नहरों की व्यवस्था

# किसानों को समयबद्ध उपलब्ध करायी जाए सिंचाई सुविधा

संवाददाता, बलरामपुर



राप्ती नहर का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने सोमवार को विकासखंड हरैया सतघरवा क्षेत्र में राप्ती मुख्य नहर का निरीक्षण कर सिंचाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किलोमीटर 45 से 50 के मध्य नहर से संचालित कुलाबों और गुलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए किसानों को समयबद्ध सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नहरों की साफ-सफाई, जल प्रवाह और अंतिम छोर तक पानी पहुंचने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कुलाबों की सिल्ट सफाई शीघ्र कराने के निर्देश दिए, ताकि टेल तक पानी सुचारु रूप से पहुंच सके और किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने खरझार पहाड़ी नाले पर प्रस्तावित सिंचाई परियोजना का भी जायजा लिया।

उन्होंने असिंचित क्षेत्रों को सिंचाई सुविधा से जोड़ने के लिए विशेष परियोजना तैयार कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान डीएम ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। मौके पर अधिशासी अभियंता राप्ती नहर संतोष कुमार सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गौ संरक्षण केंद्र की बदहाल व्यवस्था पर डीएम सख्त :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने सोमवार को विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत मोतीपुर कला स्थित गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, हरे चारे, भूसा भंडारण, पेयजल एवं चिकित्सीय सुविधाओं की समीक्षा की।

गौ संरक्षण केंद्र में साफ-सफाई संतोषजनक न मिलने पर डीएम ने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और नियमित सफाई व गोबर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी को देखते हुए शेड के ऊपर पुवाल रखने, छायादार पौधों का रोपण कराने तथा पर्याप्त पेयजल व्यवस्था बनाए रखने को कहा।

डीएम ने पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सहभागिता योजना के तहत दुधारू गौवंश चिन्हित कुपोषित बच्चों के परिवारों को उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मां-बेटी को लाठी डंडों से पीटा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के पंडित हाता निवासी रासज कुमारी ने गांव के ही एक युवक व उसके परिजनों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। घटना रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है।

पीड़िता रासज कुमारी के अनुसार गांव के एक युवक की बेटी घर से कहीं चली गई थी। इसी बात को लेकर नाराज युवक अपने परिवार के दो अन्य लोगों के साथ उनके घर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची रासज कुमारी की बेटी मधु को भी आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में मां-बेटी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। आरोप है कि जाते समय हमलावर जान से मारने की धमकी भी देकर गए।

**डा० पुष्पेंद्र सिंह स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
ग्राम - घाटमपुर पो - पश्चिम दुआरा, अमेठी

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.) पाठ्यक्रम में अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, सैन्य विज्ञान, चित्रकला, भूगोल एवं बी.एससी. पाठ्यक्रम में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 01-01 पद। परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृहविज्ञान एवं एम. एससी. पाठ्यक्रम में प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 02-02 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान -** यू.जी.सी. एवं राज्यविश्विद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 कार्य दिवस के भीतर अपने शैक्षिक अभिलेख की छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते संपर्क करें।

प्रबंधक
मनोरमा सिंह

न्यूज ब्रीफ

## दुर्घटना में बाइक सवार दम्पति घायल

**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार :** सिरसिया क्षेत्र के ग्राम हर्रैया तराई के मजरा जिगरिया निवासी प्रभुनाथ पांडेय पत्नी दीपा पांडेय के साथ सोमवार बाइक से बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय घोघवा कला परीक्षा देने जा रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर सेमरहना-बेचईपुरवा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी बाइक अनियंत्रित होकर मवेशी से टकराकर पलट गई। हादसे में दंपती गम्भीर रूप घायल हो गए। दंपति को एम्बुलेंस से सीएचसी सिरसिया लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## कुत्ते से टकराकर बाइक सवार घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेरिया कुंडा निवासी रामकुमार (30) सोमवार को सुबह बाइक से भिनगा आ रहे थे। भिनगा-बहराइच मार्ग पर एसएसबी कैंप के निकट पहुंचते ही सामने कुत्ता आ जाने से रामकुमार बाइक से नियंत्रण खो बैठे और सड़क पर गिर गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कैसरगंज (बहराइच), अमृत विचार :** सोमवार को कैसरगंज तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार और न्यायिक अव्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन कर कोर्ट का बहिष्कार भी किया। तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। तहसील परिसर अधिवक्ता संघ जिंदाबाद, भ्रष्टाचार बंद करो, और वादकारियों को न्याय दो जैसे नारों से गूंज उठा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में फाइलों की बंदरबांट की जा रही है। नामांतरण वादों में अनावश्यक देरी, सीमांकन आख्याओं को लंबित रखना और शासनादेशों की अनदेखी आम बात हो गई है। इसके अलावा असंक्रमणीय भूमिधरों को समय पूरा होने के बाद भी संक्रमणीय भूमिधर घोषित नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों और भूमिधरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान महामंत्री वीरेंद्र कुमार पांडे बृजेश कुमार मिश्रा, शौकत अली एडवोकेट, बालक राम सरोज, संतोष सिंह, वीरेंद्र कुमार अवस्थी, बृजेश शर्मा, पंकज श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र गुप्ता, मनोज अवस्थी, इन्द्रसेन सिंह, राजमणि यादव, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार :** किशोरी को शादी के लिए बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोपी को रविवार सोनवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सोनवा विसुनदेव पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर के मजरा सेमरा पुरवा निवासी अशोक कुमार पुत्र लोधे के विरुद्ध किशोरी के पिता ने 28 अप्रैल को केस दर्ज कराया था। पिता का आरोप था कि 27 अप्रैल को उसकी पुत्री खेत की तरफ गई थी, जिसको अशोक, बांके, सहजू व कन्टू लाल बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गए। चारों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर अशोक को अपहृता के साथ नेवरिया गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# शिकायतों का अविलंब करें निराकरण: सीडीओ

## सिंहपुर में लगी सीडीओ की रात्रि चौपाल, विकास की हकीकत परख कर अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** 'सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत विकास खंड हुजूरपुर की ग्राम सभा सिंहपुर में शुक्रवार की रात सन्नाटा नहीं, बल्कि विकास की गूंज सुनाई दी। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में आयोजित रात्रि कालीन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का अंबार लगा, तो वहीं लंबित शिकायतों को लेकर सीडीओ ने कड़े तेवर दिखाए। चौपाल की शुरुआत आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा से हुई। विभिन्न विभागों के पुराने लंबित मामलों को देख सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता की शिकायतों को लटकाना बंद करें, वर्ना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। चौपाल में सीडीओ ने अधिकारियों को शिकायतों का अविलंब करें निराकरण करने के निर्देश दिए।

चौपाल में तहसीलदार अम्बिका चौधरी की मौजूदगी में राजस्व और विकास कार्यों की फाइलों को खंगाला गया तो सिर्फ बातों तक सीमित न रहकर सी डीओ



चौपाल में बैठक करते सीडीओ सुनील कुमार धनवंता व मौजूद अन्य अधिकारी।

सुनील कुमार धनवंता खुद गांव की गलियों में निकल पड़े। उन्होंने गांव में बने पंचायत भवन की रंगाई-पुताई और वहां रखी सामग्री की जांच की आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषण आहार के वितरण की स्थिति पूछी तथा सार्वजनिक शौचालय खुलवाकर वहां सफाई और पानी की व्यवस्था देखी मुख्य विकास अधिकारी श्री धनवंता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि गांव की समस्या का समाधान गांव में ही हो। आईजीआरएस के निस्तारण में पारदर्शिता और तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं इस चौपाल में गांव की छोटी-बड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान राजस्व टीम से कानूनगो राम लाल, लेखपाल विनय मिश्रा और लेखपाल हिमांशु पांडे मौजूद रहे। वहीं विकास कार्यों का ब्योरा लेकर वीडिओ हुजूरपुर भी पूरी टीम के साथ तैनात रहे।

**पैदल मार्च निकालकर व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, श्रावस्ती:** भिनगा में सोमवार को व्यापारियों ने पैदल मार्च निकाला। इसके बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध की निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया। बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के आह्वान पर जिले के व्यापारियों ने संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष सत्या के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट चौराहे से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर अधिनियम का विरोध करने वालों के विरुद्ध नारेबाजी की। इसके बाद डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रामकिशोर गुप्ता, कन्हैया कसौंधन, मिठाईलाल गुप्ता, राजेश शुक्ला, अनुपम मिश्रा सहित काफी संख्या में व्यापारी आदि मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर भाकियू ने दिया धरना

**पयागपुर (बहराइच)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने सोमवार को ब्लॉक परिसर में विभिन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने गांव में खराब पड़े हैंडपंपों और नाली-खड़ंजा की बदहाली पर रोष जताते हुए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचंद रावत व सभा अध्यक्ष सीताराम शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित धरने में वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप हैं। रायडीह ग्राम पंचायत में नाली और खड़ंजा न होने से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। साथ ही, गांव में लगे सरकारी हैंडपंप अरसे से खराब हैं, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है यही हाल पिपरा पदारथ का भी है, जहां खराब हैंडपंपों को ठीक कराने के लिए कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि हैंडपंपों की मरम्मत व अन्य विकास कार्यों की जांच कराकर त्वरित निस्तारण कराया जाएगा इस मौके पर राम नारायण पांडेय, प्रेम जयसवाल, धनदेही, बेबी सिंह, रानी सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, रानू, सुनीता सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।



बीडीओ को मांगपत्र सौंपते भाकियू के नेता।

# मलमास मेले को लेकर जिला प्रशासन हुआ अलर्ट

जरवल रोड (बहराइच)

- संजय सेतु की मरम्मत व पीपा पुल की व्यवस्था पर हुई बैठक

**अमृत विचार।** बाराबंकी-बहराइच-गोंडा मार्ग पर स्थित घाघरा नदी के ऊपर बने संजय सेतु पुल के मरम्मत कार्य तथा वैकल्पिक पीपा पुल व्यवस्था को लेकर घाघरा घाट स्थित डाक बंगले में उच्च अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, पीडब्ल्यूडी तथा एनएचआई के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आगामी मलमास मेले के दौरान यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में बताया गया कि बाराबंकी जनपद के रामनगर थाना क्षेत्र स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में मलमास के अवसर पर लाखों श्रद्धालु एवं कांवरिया जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में बहराइच और गोंडा की ओर से आने वाले शिवभक्तों की भारी भीड़ को नियंत्रित करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रहेगा। संजय सेतु पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए शासन-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। अधिकारियों ने बताया कि पुल की मरम्मत तेजी से कराई जा रही है। एनएचआई के इंजीनियर अनंत मौर्य ने जानकारी देते हुए कहा कि पुल पर चार टीमें दिन-रात कार्य कर रही हैं। उनका प्रयास है कि घाघरा नदी का जलस्तर जून माह में बढ़ने से पहले मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि कार्य पूर्ण होने में लगभग 15 से 20 दिन का समय लग सकता है।

बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने कांवरियों के आवागमन को लेकर मंथन किया। तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए फिलहाल कांवरियों को संजय सेतु पुल से पैदल गुजरने की अनुमति देने पर सहमति नहीं बन सकी। हालांकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर लगातार विचार किया जा रहा है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक यातायात, प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड, प्रभारी निरीक्षक रामनगर, पीडब्ल्यूडी एवं एनएचआई के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध राहगीर की मौत

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** नवीन मार्डन श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया निवासी सनाउल्ला ने बताया कि उनकी रमवारपुर चौराहे पर उसकी दुकान हैं। शाम को उनके पिता समीउल्ला (65) घर से दुकान की ओर पैदल ही जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनके पिता की टक्कर हो गई। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ कर पाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं, बाइक सवार पिंटू (25) को भी गंभीर चोटे आई हैं, जिसका इलाज इकौना सीएचसी में चल रहा है। साथ ही बाइक पर सवार दो अन्य युवक मौके से भाग गए। थानाध्यक्ष जयहरी मिश्रा ने बताया कि पुत्र की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही अन्य बाइक सवारों की तलाश की जा रही है।

**कुएं में गिरे युवक की डूबने से मौत, इकौना (श्रावस्ती):** सोनरई गांव में रविवार देर शाम एक व्यक्ति घुइया का पत्ता काटते समय कुएं में गिर गया। इससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सोनरई निवासी निर्मल कुमार मौर्य ने बताया कि उनका भाई पेशकार मौर्य (45) रविवार को साग बनवाने के लिए घर के बाहर बने कुएं के निकट लगे घुइया के पत्ते काट रहे थे। इसी बीच उनका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह कुएं में गिर गए। पेशकार जब काफी देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश की। तब पता चला कि वह कुएं में फिसल कर गिर गए हैं। आनन-फानन में गांव के कुछ तैराकों ने कुएं में छलांग लगा दी और उन्हें बाहर निकाला। परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी ही कर रहे थे कि उनकी मौत हो गई।

# हादसे के बाद कार में लगी आग, 6 घायल

संवाददाता, बहराइच

- हाईवे पर दो कारों की टक्कर के बाद हुआ हादसा

**अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर स्थित फखरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर दो कारों की आमने सामने टक्कर हो गई, हादसे के बाद एक कार में आग लग गई। आस पास के लोगों ने दोनों कारों में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, दुर्घटना में वाहन सवार छह लोग घायल हुए है। सभी को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित रुकनापुर में मदरसे के सामने आज एक अर्टिगा व स्विफ्ट कार में आमने सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद स्विफ्ट कार में आग लगने से हड़कंप मच गया। इस दौरान इलाके के रहने वाले हाफ़िज़ शफ़ीउद्दीन, हाफिज इस्लामुद्दीन, हाफिज शहीदुद्दीन समेत अन्य लोगों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए वाहन सवार सभी यात्रियों को बाहर निकाल लिया।



धू-धूकर जलती कार।

सूचना पर कुंडासर चौकी प्रभारी पी.एन. पांडे पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए कैसरगंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। हादसे में अर्टिगा सवार जितेंद्र, मिथलेश, मीणा, अगम्य समेत छह लोग घायल हुए है।

**स्टैंड के पास खड़ी बस में अचानक लगी आग, दमकल कर्मियों ने बुझाया:** जिले के रामगांव इलाके में स्थित निजी बस स्टैंड के पास खड़ी एक बस में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग में विकराल रूप ले लिया, जिसके चलते मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों में आग पर काबू पाया।

नगर कोतवाली इलाके के रहने वाले लईक यात्री बस का संचालन करते हैं। सोमवार की सुबह चालक शरिक नवाबगंज से यात्रियों को लेकर नानपारा बस स्टैंड पहुंचा जिसके बाद उसने बस को स्टैंड के पास खड़ा कर दिया।

दोपहर करीब तीन बजे खड़ी बस में अचानक आग लग गई, जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसके चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्टैंड के लोगों ने मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल सका है।

## डॉ. दीपक केसरवानी हुए सम्मानित

**सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक समागम में जिले के शिक्षक डॉ. दीपक केसरवानी को सम्मानित किया गया। उनको अम्बर होटल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक समागम में उनके उत्कृष्ट शैक्षिक एवं साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके लिखित आलेख "विज्ञान विषय में हिन्दी भाषा की चुनौतियाँ" को "हिन्दी हमारी पहचान" शीर्षक अंतर्गत प्रकाशित किया गया। इस पर हिन्दी भाषा एवं विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। अपने आलेख में उन्होंने विज्ञान शिक्षा में हिन्दी भाषा के प्रयोग से जुड़ी चुनौतियों, तकनीकी शब्दावली की जटिलताओं तथा मातृभाषा आधारित शिक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक इग्नू लखनऊ डॉ. जयप्रकाश वर्मा, निदेशक एसीईआरटी लखनऊ गणेश कुमार, स्वतन्त्र प्रकाश गुप्ता सहित अन्य अतिथि व शिक्षाविद मौजूद रहे।



डॉ. दीपक को सम्मानित करते अधिकारी।

## भारत-नेपाल सीमा पर सख्ती से बढ़ी सीमावर्ती लोगों व गरीब नेपालियों की परेशानी

**रूपईडीहा (बहराइच)।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में नई सरकार के गठन के बाद भारत-नेपाल सीमा पर कस्टम नियमों को लेकर सख्ती काफी बढ़ गई है। नेपाल सरकार के आदेश पर भारत से नेपाल ले जाए जाने वाले 100 नेपाली रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम शुल्क लागू किए जाने से सीमावर्ती नेपाली क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इस फैसले के बाद नेपाल के सीमावर्ती नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार इससे पहले नेपाल सरकार द्वारा नेपाली नागरिकों को भारत से दैनिक उपयोग के सामान लाने में पर्याप्त छूट दी जाती थी। लेकिन नई सरकार बनने के बाद पुराना नियम सख्ती से लागू कर दिया गया, जिसके तहत मात्र 100 रु0 नेपाली तक के सामान को ही बिना शुल्क ले जाने की अनुमति है। बताया जाता है कि यह नियम करीब 35 वर्ष पहले बनाया गया था, जब 100 नेपाली रुपये की क्रय शक्ति काफी अधिक थी। वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई के बावजूद इस सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सीमावर्ती नेपाली नागरिकों का कहना है कि अब उन्हें रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं नेपाल में कई गुना अधिक कीमत पर खरीदनी पड़ रही हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है।



भारत-नेपाल सीमा पर बने रास्ते निकलते राहगीर।

## छात्रों ने सीखे आपदाओं से बचाव के तरीके

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर आपदा मित्र स्कूलों व सामुदायिक स्थानों पर जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम मे सोमवार को जमुनहा क्षेत्र के ददौरा स्थित राजकीय इंटर कालेज मे आपदा मित्र पेशकार यादव व विवेक श्रीवास्तव ने शिक्षकों व छात्रों को विभिन्न आपदाओं से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों को विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नही करना चाहिए इसकी जानकारी दी। डीएम ने बताया कि विभिन्न आपदाओं से होने वाले नुकसान को जनसमुदाय की जागरूकता से कम किया जा सकता है। डूबकर होने वाली मृत्यु, हीटवेव, कोल्डवेव, बाढ़, अग्निकांड आदि आपदाओं में सावधानी बरती जाए तो जन धन की हानि नियंत्रित हो सकती है। इसलिए आपदा मित्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इस बीच सीडीओ शाहिद अहमद ने आमजन को डूबने से बचाने के लिए संवेदनशील स्थलों पर जनजागरूकता होर्डिंग और बैनर लगाने के निर्देश दिए हैं। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया जिले मे डूबकर होने वाली मृत्यु की घटनायें घटित हो रही हैं, जिनसे आम जनमानस को बचाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है।

## दर्ज नहीं हुई एफआईआर तो अधिवक्ता देंगे धरना

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा महंथ में अधिवक्ता परिवार पर हुए हमले के विरोध में माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओ ने सोमवार से आन्दोलन शुरू कर दिया है। एफआईआर न दर्ज होने पर मंगलवार को अधिवक्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री सतीश कुमार मौर्य ने बताया कि ग्राम टंड़वा महंथ की अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा व उनके ससुर पर रविवार को उनके गाँव के कुछ लोगों ने जानलेवा हमला करते हुए मारपीट की। इस घटना की तहरीर देने के बाद भी इकौना थाने में एफआईआर नहीं दर्ज की गई। इस पर प्रियंका मिश्रा ने अधिवक्ता संघ से न्याय दिलाने के लिए प्रतिवेदन दिया। प्रियंका मिश्रा की एफआईआर न लिखने के विरोध में सोमवार को माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सामूहिक अवकाश पर रहे। इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने एसपी राहुल भाटी से मिलकर कार्यवाही की मांग की। एसपी से आश्वासन न मिलने पर अधिवक्ताओं की आमसभा की बैठक की। इसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता की एफआईआर दर्ज न होने के विरोध में मंगलवार को सभी अधिवक्ता सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 11 बजे सभी अधिवक्ता सिविल कोर्ट परिसर के गेट नंबर एक पर शान्तिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करेंगे। मामले में कार्रवाई न होने पर आगे उग्र आन्दोलन किया जाएगा। बैठक में रामचन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश शुक्ला, अशोक सिंह, अरुण मिश्रा, केके तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, मोहम्मद नफीस, अभिषेक त्रिपाठी व वेद प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में रविवार को सीएमओ डॉ. एके सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय एनआरपी दिवस पर एक दिवसीय नवजात पुनर्जीवन की मूल प्रक्रिया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के साथ स्वास्थ्य कर्मियों को आपात परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी उपचार के लिए प्रशिक्षित करना था।

प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक डॉ. ध्रुव कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रसव के बाद का पहला एक मिनट यानी 'गोल्डन मिनट' नवजात के जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसी दौरान नवजात को गर्म रखना,



प्रशिक्षण में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी।

शरीर को तुरंत सुखाना, सांस और हृदय गति की जांच करना तथा आवश्यकता पड़ने पर पुनर्जीवन प्रक्रिया शुरू की जाती है। डॉ. माला मुनि स्वामी ने बताया कि यदि नवजात स्वयं सांस नहीं ले रहा हो या उसकी सांस धीमी हो, तो सबसे पहले उसके वायुमार्ग को साफ किया जाता है। इसके बाद बैग एंड मास्क (एंबू बैग) की सहायता से कृत्रिम श्वास देकर फेफड़ों तक ऑक्सीजन पहुंचाई जाती है। हृदय गति कम होने पर छाती पर नियंत्रित दबाव देकर कार्डियक सपोर्ट दिया जाता है। गंभीर स्थिति में ऑक्सीजन सपोर्ट बढ़ाने, विशेषज्ञ टीम को सक्रिय करने और जरूरत पड़ने पर उच्च केंद्र रेफर करने जैसे निर्णय तुरंत लिए जाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को आधुनिक उपकरणों के उपयोग की भी जानकारी देते हुए रेडिएंट वार्मर, सक्शन मशीन, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पल्स ऑक्सीमीटर, नवजात पुनर्जीवन ट्रॉली और सीपैप मशीन के उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि ये उपकरण नवजात की सांस, हृदय गति, ऑक्सीजन स्तर और शरीर का तापमान नियंत्रित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# मानव तस्करी की शिकार युवती का एसएसबी ने किया रेस्क्यू

जमुनहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** एसएसबी 62वीं वाहिनी भिनगा के सीमा चौकी ककरदरी की स्पेशल पेट्रोलिंग टीम ने गस्त के दौरान एक युवती को रोका। पूछताछ में पता चला कि युवती मानव तस्करी का शिकार हुई थी, जिसे बाद में मल्हीपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

एसएसबी जवानो ने रविवार रात सीमा स्तम्भ संख्या 640/05 के नजदीक नेपाल की ओर से आती एक संदिग्ध युवती को रोका। पूछताछ में उसने अपना पता ग्रेटर नोएडा के साकीपुर बताया। उसने बताया कि चार माह पूर्व उसकी मौसी के गांव में रहने वाली भाभी के भाई ने शादी का झांसा देकर उसे मल्हीपुर थाना क्षेत्र में लाकर बंधक बना लिया। बाद में उसने शोषण कर किसी अन्य व्यक्ति को सौंप दिया, जिसने भी उसके साथ शोषण किया। एक माह पूर्व उसे नेपाल के मटेहिया गाँव में बेच दिया गया, जहाँ उसके साथ लगातार मारपीट एवं शोषण किया गया। रविवार को वह आरोपी के चंगुल से भागने में सफल रही। इस पर कंपनी कमांडर व सहायक कमांडेंट अमित शर्मा ने महिला के भाई से फोन पर संपर्क किया। बाद में जवानों ने मामला मानव तस्करी से संबंधित होने पर युवती को देहात इंडिया संस्था व एएचटी पुलिस की उपस्थिति में मल्हीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

प्रेस वार्ता

## नगर पालिका प्रशासन के पक्ष में आया व्यापार मंडल व समाजसेवी वर्ग, सामाजिक संघठनों के आरोपों को निराधार बताया

# व्यापार मंडल बोला-विकास कार्यों से बदल रही नगर की तस्वीर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बीते दिनों एक राजनीतिक दल के नेता की ओर से नगर पालिका प्रशासन पर लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोपों पर सोमवार को उद्योग व्यापार मंडल और शहर के कई सामाजिक संगठनों ने इस पर आक्रोश व्यक्त किया। इन संगठनों ने लगाये गये आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए नगर पालिका की ओर से कराये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विकास की जो इबारत बहराइच शहर में लिखी जा रही है वह नगर की तस्वीर को बदलने को पर्याप्त है।

इस संबंध में शहर के थोक कपड़ा कमेटी में आयोजित प्रेस वार्ता में उद्योग व्यापार मंडल, स्वर्ग धाम सेवा समिति, गौशाला समिति एवं रामलीला कमेटी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि बीते कुछ वर्षों में नगर में सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क निर्माण और सार्वजनिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। स्वर्ग धाम सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मातनहेलिया ने कहा कि नगर के स्वर्गधाम एवं आसपास के क्षेत्रों में कराए गए विकास कार्यों से श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि पहले जहां अव्यवस्थाएं रहती थीं, वहीं अब साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



कपड़ा कमेटी के अतिथि भवन में पत्रकारों से बात करते व्यापार मंडल के नेता।

उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल तथा नगर अध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि शहर के प्रमुख बाजारों में सड़क, सफाई और प्रकाश व्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ है, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को सुविधा मिल रही है। रामलीला कमेटी के महामंत्री राहुल राय ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के आसपास विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के कराए जा रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल एवं प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विकास कार्यों की गति लगातार दिखाई दे रही है। प्रेस वार्ता में उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जिला महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया, नगर अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊजी, संरक्षक अशोक मातनहेलिया, चेयरमैन कुलभूषन अरोरा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बिपिन अग्रवाल, गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद डालमिया, महामंत्री दुर्गेश पांडे, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बहराइच चैप्टर के अध्यक्ष अमर नाथ अग्रवाल, रामलीला कमेटी महामंत्री राहुल राय, गुल्लाबीर मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी, कमल शेखर गुप्ता, रवि कोठारी, विनय जैन, राकेश मित्तल, अमित टंडन, संतोष अग्रवाल, लायन सरदार कुलदीप सिंह, गणेश पूजा समिति के अंशुमान यज्ञसेनी आदि रहे।

## बिना भेदभाव हो रहा हर तरफ विकास: स्वामी रवि गिरी महराज

**बहराइच, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर सिद्धनाथ पीठ के महामण्डलेश्वर स्वामी रवि गिरी महाराज ने सिद्धनाथ मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बीते तीन वर्षों में शहर में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पालिका प्रशासन की ओर से शहर में हर तरफ विकास के कार्य किये जा रहे हैं। वह चाहे किसी भी वर्ग से हों, कहीं भी कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। महामंडलेश्वर ने कहा कि जब से नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल ने पदभार संभाला है, इन सभी स्थानों पर विद्युत व्यवस्था, सफाई, पेयजल एवं सड़कों के निर्माण कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चेयरमैन प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल स्वयं दिन-रात खड़े होकर विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, जिसका परिणाम आज पूरे शहर में दिखाई दे रहा है। स्वामी रवि गिरी महाराज ने इस दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह की कार्यशैली की भी सराहना की।



पत्रकारों से बातचीत करते रवि गिरी महाराज।



जब हौसले बुलंद हों, तो पहाड़ भी एक मिट्टी का ढेर लगता है।
–छत्रपति शिवाजी



# विस्तार के संदेश

उत्तर प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद हुआ मंत्रिमंडल विस्तार आगामी विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा की व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री की टीम में छह नए चेहरों को शामिल करना और दो मंत्रियों को पदोन्नति देना इस बात का संकेत है कि भाजपा चुनाव से पहले संगठन, सरकार और सामाजिक समीकरणों के बीच नया संतुलन स्थापित करना चाहती है। यह विस्तार ऐसे समय हुआ है जब राज्य में चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं और हर राजनीतिक दल अपने सामाजिक आधार को मजबूत करने में जुटा है।

2017 से ही योगी सरकार स्थिर और प्रभावी काम कर रही है फिर भी विस्तार की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कोई भी सरकार चुनाव से पहले उपलब्धियों के भरोसे रहने के साथ सामाजिक प्रतिनिधित्व, क्षेत्रीय असंतोष और संगठनात्मक संदेशों को भी संतुलित करने का प्रयास करती है। भाजपा समझती है कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल और विविध राज्य केवल प्रशासनिक प्रदर्शन से नहीं, बल्कि जातीय, क्षेत्रीय और राजनीतिक सहभागिता के संतुलन से भी संचालित होता है। विस्तार का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि इसमें विभिन्न सामाजिक समूहों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास है। गैर-यादव पिछड़ा वर्ग, गैर-जाटव दलित समुदायों और क्षेत्रीय जातीय समूहों के बीच आधार मजबूत करती जा रही, भाजपा ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए इन वर्गों को यह संदेश दिया गया कि सरकार में उनकी भागीदारी बनी हुई है। यह केवल सत्ता-साझेदारी नहीं, बल्कि चुनावी मनोविज्ञान का भी हिस्सा है। नए मंत्री अगले नौ महीनों में नई नीतियां बनाने, लागू करने, उनके परिणाम जमीन पर दिखाने का विकासात्मक चमत्कार संभवतः नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इस विस्तार का उद्देश्य तत्काल प्रशासनिक बदलाव से अधिक राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा करना लगता है।

नए मंत्री अपने विभागों के जरिए स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाएंगे, संगठन और सरकार के बीच संपर्क मजबूत करेंगे और चुनाव से पहले सरकार के पक्ष में वातावरण बनाएंगे, हालांकि इस प्रक्रिया का एक दूसरा पक्ष भी है। जिन मंत्रियों के विभागों का कार्यभार कम किया जाएगा, उनके बारे में यह संदेश जा सकता है कि वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन राजनीति में यह केवल 'असफलता' का संकेत नहीं होता; कई बार यह चुनावी संतुलन साधने की अनिवार्यता भी होती है। भाजपा नेतृत्व संभवतः यह संदेश देना चाहता है कि सरकार गतिशील है और समय-समय पर बदलाव करने को तैयार है। मंत्रियों की संख्या और गुड गवर्नेंस में कोई सीधा संबंध नहीं है। अधिक मंत्री बना देने से शासन बेहतर नहीं हो जाता। प्रशासनिक दक्षता अंततः निर्णय क्षमता, नौकरशाही के साथ समन्वय और नीतियों के क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। फिर भी बड़े मंत्रिमंडल कई बार बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व तो देते हैं, हालांकि समन्वय की जटिलताएं भी बढ़ाते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार से सरकारी खर्च बढ़ता है। नए मंत्रियों के कार्यालय, स्टाफ, सुरक्षा और सुविधाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, लेकिन भारतीय राजनीति में इसे अक्सर 'राजनीतिक निवेश' के रूप में देखा जाता है, खासकर चुनावी वर्ष में।

## प्रसंगवश

# गंभीर चेतावनी हैं खुदकुशी के बढ़ते हुए आंकड़े

भारत जैसे युवा और संभावनाओं से भरे देश में आत्महत्या के बढ़ते मामले केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और व्यवस्था के सामने खड़े गहरे संकट का संकेत हैं। जब कोई व्यक्ति जीवन से हार मानकर इतना कठोर कदम उठाता है, तो यह केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती, बल्कि परिवार, समाज और पूरे देश के लिए चिंतन का विषय बन जाती है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्टें लगातार यह संकेत दे रही है कि देश में आत्महत्या के मामलों में कमी आने के बजाय कई वर्षों से बढ़ोतरी देखी जा रही है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इन मामलों में युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, छोटे कारोबारियों और नौकरीपेशा और गृहणियों की संख्या भी उल्लेखनीय है। यह स्थिति बताती है कि समस्या किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लगभग हर हिस्से को प्रभावित कर रही है।



संजीव मेहरोत्रा
रिटायर्ड बैंककर्मी

आत्महत्या के पीछे कारण अनेक हैं। आर्थिक असुरक्षा, बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, कर्ज़ का बोझ, नौकरी का तनाव, पारिवारिक विवाद, सामाजिक दबाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता— ये सभी मिलकर व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर कर सकते हैं। इसके साथ ही अकेलापन और डिप्रेशन जैसी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां भी बड़ी भूमिका निभाती हैं। दुखद यह है कि आज भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में खुलकर बात करने की संस्कृति पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी है।

विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, परीक्षा और करियर का दबाव, सामाजिक तुलना और डिजिटल दुनिया में सफलता की कृत्रिम छवि कई बार मनोवैज्ञानिक दबाव को और बढ़ा देती है। दूसरी ओर किसानों और मजदूरों के सामने आय की अस्थिरता, बढ़ती लागत और सामाजिक सुरक्षा की कमी जैसी समस्याएं हैं। यह स्पष्ट है कि आत्महत्या केवल मानसिक स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय से जुड़ा प्रश्न भी है।

सरकार ने मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 जैसे कदमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को अधिकार के रूप में स्वीकार किया है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अभी बहुत काम बाकी है। जिला स्तर तक काउंसलिंग सेवाएं, हेल्पलाइन, स्कूल-कॉलेजों में मनोवैज्ञानिक सहायता, कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन और संकटग्रस्त परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना समय की मांग है।

समाज को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। परिवारों में संवाद, मित्रों के बीच संवेदनशीलता, कार्यस्थलों पर मानवीय माहौल और समुदाय स्तर पर सहयोग की संस्कृति कई जिंदगियां बचा सकती हैं। किसी व्यक्ति की चुप्पी, उदासी या व्यवहार में बदलाव को नजरअंदाज करना कभी-कभी भारी पड़ सकता है।

आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े हमें यह याद दिलाते हैं कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि से नहीं मापा जा सकता। वास्तविक विकास वही है, जिसमें हर नागरिक को सम्मान, सुरक्षा, अवसर और उम्मीद मिले। यह समय आंकड़ों पर हैरान होने का नहीं, बल्कि उन कारणों को दूर करने का है, जो लोगों को जीवन से निराश कर रहे हैं। तभी एक स्वस्थ, संवेदनशील और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण संभव होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत-रूस व्यापार में अवसर और अवरोध





विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध के कारण व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इसी बदलाव के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा मौका और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

भारत निकट भविष्य में रूस के साथ अपने आपसी व्यापार को सालाना 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों ही इस लक्ष्य के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता स्पष्ट कर चुके हैं। इस बीच, दुनिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और युद्धों के कारण वैश्विक व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इन्हीं बदलावों के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा अवसर और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 23 मार्च 2026 को कहा, 'दोनों पक्ष वर्तमान वार्षिक व्यापार को 68.7 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन संतुलित तरीके से।' उन्होंने गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने, नियामक अड़चनों को समाप्त करने, भारत की कुशल कार्यशक्ति का लाभ उठाने और भारत-यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति पर जोर दिया।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी कंपनियां रूस से लगभग पूरी तरह दूर हो गई हैं। इसके परिणामस्वरूप वहां मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, रसायन, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान और औद्योगिक उपकरणों की भारी कमी पैदा हो गई है। रूसी खरीदार अब भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को सक्रिय रूप से बुला रहे हैं। कम प्रतिस्पर्धा, अच्छी मांग और ज्यादा मुनाफे की संभावना साफ नजर आ रही है।

वाणिज्य मंत्रालय के जानकारों के अनुसार, इस आकर्षण के पीछे एक गंभीर मसला भी छिपा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों का जाल, भुगतान व्यवस्था में आने वाली जटिलताएं, छिपे हुए अंतिम उपयोगकर्ता और कंपनी की प्रतिष्ठा को लगने वाला लंबा नुकसान किसी भी निर्यातक के लिए भारी पड़ सकता है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें भारतीय निर्यात करीब 4.9 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात-जो मुख्य रूप से कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, खाद और अन्य वस्तुओं से बना है- 63.8 अरब डॉलर रहा। दोनों देशों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य तय किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच दिसंबर 2025 को आशावादी स्वर में कहा कि भारत और रूस को 2030 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे इससे पहले ही 100 अरब डॉलर के लक्ष्य को पार कर सकते हैं। उन्होंने रूस से ज्यादा निवेश आमंत्रित किया और दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में चल रही तेज रफ्तार को रेखांकित किया।

भारत के रूस राजदूत विनय कुमार ने भरोसा जताते हुए कहा, 'भारत और रूस 2030 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह लक्ष्य पूरी तरह संभव है।' उन्होंने उर्वरक, कृषि, इंजीनियरिंग क्षेत्र में नई वस्तुओं के निर्यात और दोनों देशों की अपनी मुद्राओं के ज्यादा उपयोग पर विशेष जोर दिया। यह बढ़ता व्यापार भारतीय निर्यातकों को स्वाभाविक रूप से आकर्षित कर रहा है। जब हम रूस से इतना ज्यादा सामान खरीद रहे हैं, तो निर्यात बढ़ाकर संतुलन क्यों न बनाया जाए? यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना बहुत जरूरी है।

2022 के बाद रूस एक सामान्य बाजार नहीं रहा है। सामान अक्सर सिविलियन उपयोग के नाम पर भेजा जाता है, लेकिन मध्यस्थों के जरिए उसे दूसरी दिशा दी जा सकती है। भुगतान घुमावदार रास्तों से होता है और अंतिम उपयोगकर्ता अक्सर छिपे रहते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का असर भी भारतीय कंपनियों पर पड़ चुका है। 30 अक्टूबर 2024 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (OFAC) ने रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़े प्रतिबंधों के उल्लंघन के आरोप में 21 भारतीय संस्थाओं (19 कंपनियां और 2 व्यक्ति) पर प्रतिबंध लगा दिए। भारत सरकार ने इन घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया। संसद में इस पर चर्चा हुई।

28 नवंबर 2024 को राज्यसभा में अनस्टार्ड प्रश्न संख्या 412 के जवाब में विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इसकी पुष्टि की। 20 दिसंबर 2024 को लोकसभा में भी इस संबंध में जानकारी दी गई। सितंबर 2025 में अमेरिकी उद्योग और सुरक्षा ब्यूरो ने एक भारतीय कंपनी को काली सूची में डाल दिया, क्योंकि वह अमेरिकी मूल की वस्तुएं रूस भेज रही थी। ये उदाहरण साफ बताते हैं कि भारतीय कंपनियों को रूस के साथ काम करते समय बहुत सोच-समझकर कदम उठाना होगा।

भारत एकतरफा प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देता और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। जैसा कि राजदूत विनय कुमार ने कहा, भारत अपने 1.4 अरब नागरिकों की सेवा के लिए जहां बेहतर सौदा मिले, वहां से सामान खरीदेगा। फिर भी निजी क्षेत्र के लिए संदेश बहुत स्पष्ट है। ड्यू डिलीजेंस सिर्फ इनवॉइस या बुनियादी रजिस्ट्रेशन जांच तक सीमित नहीं होनी चाहिए। कम जोखिम वाले उपभोक्ता सामान, कुछ दवाइयां और खाद्य उत्पाद सामान्य सावधानी के साथ भेजे जा सकते हैं, लेकिन बड़े औद्योगिक सामान या संवेदनशील उत्पादों में अंतिम उपयोगकर्ता की पूरी जांच, भुगतान की पारदर्शिता और कानूनी अनुपालन अनिवार्य है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर कहते हैं कि भारत रूस के साथ गहरे और टिकाऊ संबंध चाहता है, लेकिन लंबे समय के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। जो निर्यातक सख्त नियमों का पालन करेंगे, वे मौजूदा समय में अच्छा फायदा उठा सकते हैं। जो बिना सोचे-समझे कदम उठाएंगे, वे खुद को नुकसान पहुंचा सकते हैं। गंभीर भारतीय व्यवसायी रूस को अवसर और परीक्षा दोनों की तरह देख रहे हैं। वे जहां सुरक्षित हो, वहां लाभ कमाएंगे और पूरे उद्यम को प्रतिबंधों के जाल से बचाकर रखेंगे। बढ़ी हुई जांच के इस दौर में सतर्कता कोई विकल्प नहीं, बल्कि टिकाऊ वैश्विक व्यापार की अनिवार्य शर्त है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



ममता बनर्जी की हार देखकर भी अखिलेश यादव को सबक नहीं मिल रहा है। पंजाब में अकाली दल, महाराष्ट्र में शिव सेना जैसे क्षेत्रीय दलों का हश्र क्या हुआ है। बीजेपी उन्हें भी खा जाएगी। देश में राहुल गांधी ही एकमात्र नेता हैं, जो भाजपा से मुकाबला कर सकते हैं।

–इमरान मसूद
कांग्रेस सांसद

कांग्रेस नेता को सपा को नसीहत देने से बचना चाहिए। ऐसे बयान का सीधा लाभ भाजपा को मिलता है। 37 वर्षों तक समाजवादियों ने ही भाजपा और सांप्रदायिक शक्तियों से मुकाबला किया है। सपा ने हमेशा लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

–हाजी फजलुर्रहमान
सपा नेता



# क्रूज कल्चर: जितना रोमांच उतनी ही चुनौतियां



अजय दयाल
हल्द्वानी

भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के पीछे बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है।

मध्यप्रदेश के जबलपुर (बरगी बांध) में हुए हादसे के बाद भारत में तेजी से बढ़ता क्रूज कल्चर सवालों के घेरे में है, दरअसल तैयारी भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने की है। इस बीच ऐसा हादसा वाकई सचेत करने वाला है, जिसमें 13 पर्यटकों की जान चली गई और तमाम यात्रियों की जिंदगी जैसे-तैसे बची। अब सवाल यह है सुरक्षा की नजर से क्रूज के मानक क्या तय किए गए हैं। जैसे- उसमें लोगों को बैठाने की संख्या, सेफ्टी जैकेट या अन्य उपकरण, मेनटेनेंस, जिसमें उसके संचालन की समय सीमा भी तय हो? बीस साल पुराने क्रूज में अगर यह सबकुछ तय था, तो दुर्घटना के बिंदुओं को चिह्नित करना ही होगा।

अब इस संबध में सरकारी नीतियों पर गौर करें, तो पाएंगे कि सरकार द्वारा बंदरगाह शुल्कों को तार्किक बनाना, ई-वीजा की सुविधा देना और आधुनिक क्रूज टर्मिनलों का निर्माण करना, जैसे कदम इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी कड़ी में पर्यावरण के अनुकूल विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। जैसे दिल्ली और अन्य जगहों पर अब सोलर और इलेक्ट्रिक हाइब्रिड क्रूज भी उतारे जा रहे हैं, लेकिन क्रूज कल्चर के विस्तार के साथ ही सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना एक गंभीर विषय बना हुआ है। यह विषय और भी संजीदा हो जाता है, जबकि हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी बांध में क्रूज हादसा हुआ। यह हादसा इस सेक्टर में कड़े सुरक्षा नियमों पर मंथन करने पर विवश करता है। गंगा जैसी पवित्र नदियों पर व्यावसायिक क्रूज के संचालन को लेकर कुछ स्थानीय और धार्मिक असंतोष की बातें भी सामने आती रही हैं।

हम पर्यटन इंडस्ट्री में बूम लाने को समुद्र के ग्लैमर को छोटी नदी तक उतारने को आमादा हैं, दरअसल इसमें दो राय नहीं कि भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के प्रमुख कारण बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। खासकर मध्यम वर्ग और युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है। पहले यह धनवान कहे जाने वालों तक सीमित था। इस क्षेत्र को समझें तो पाते हैं कि भारत क्रूज भारत मिशन (सीबीएम), मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी-2030) और आईडब्ल्यूएआई के नेतृत्व वाली नई साझेदारियों के माध्यम से क्रूज पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका लक्ष्य नदियों और तटों पर एक वैश्विक केंद्र बनना है।

इस कल्चर का उद्देश्य भी समझ लीजिए। यह छुट्टियों में घूमने का आनंद उठाने एक विकल्प है, जो समुद्री क्रूज और नदी क्रूज (अंतर्देशीय जलमार्गों पर) के माध्यम से यात्रा, आतिथ्य और दर्शनीय स्थलों को जोड़ने के साथ एक अनूठा सुखद अनुभव देता है। भारत का प्राकृतिक विस्तार इस इंडस्ट्री का आधार है, दरअसल भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, 12 प्रमुख और लगभग 200 छोटे बंदरगाह हैं और 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो 20,000 किलोमीटर से अधिक नौगम्य नदियों और नहरों को कवर करते हैं। 1,300 से अधिक द्वीप और तटीय राज्य भारत की समुद्री और अंतर्देशीय क्रूज पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

जमीनी तौर पर समझें तो पाते हैं कि दिल्ली में यमुना के लिए इलेक्ट्रिक-सोलर हाइब्रिड नावों का उपयोग करके चार किलोमीटर लंबी पर्यावरण-अनुकूल क्रूज विकसित करने के लिए आईडब्ल्यूएआई और दिल्ली सरकार के बीच मार्च 2025 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, वहीं उसी समय जम्मू और कश्मीर के चेनाब, झेलम और रावी पर क्रूज विकास के लिए समझौता किया गया। इसी तरह मध्य प्रदेश और गुजरात में त्रिपक्षीय समझौते के तहत कुक्षी-सरदार सरोवर मार्ग पर क्रूज सेवाएं शुरू की गईं।

सच पूछिए तो क्रूज कल्चर के माध्यम से पर्यटन इंडस्ट्री को बूस्ट करना नदी क्रूज पर्यटन रोडमैप 2047 के तहत है। इसे समुद्री अमृत काल विजन 2047 के हिस्से के रूप में भी हम समझ सकते हैं। इसी कारण भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने के उद्देश्य से 2024 में सीबीएम की शुरुआत की गई थी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के नेतृत्व में इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2023-24 में 4.71 लाख से क्रूज यात्री यातायात को 2029 तक दोगुना करना है। इस मिशन को 3 चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा, जिसमें टर्मिनल विकास, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और क्षेत्रीय गठबंधन (यूएई, मालदीव, सिंगापुर) शामिल हैं।

वहीं, एमआईवी, 2030 का लक्ष्य अगले दशक में आठ गुना वृद्धि के लक्ष्य के साथ भारत को एक प्रमुख वैश्विक क्रूज पर्यटन केंद्र बनाना है। यह महासागरीय, तटीय, द्वीपीय और अंतर्देशीय क्रूज विकास पर केंद्रित होगा, जबकि, 2047 के लिए एक राष्ट्रीय क्रूज अवसंरचना मास्टर प्लान और ई-वीजा और ई-क्लियरेंस जैसी पहल का उद्देश्य कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## सोशल फोरम

# जो 'मृत' है वही स्मृति है

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

किसी के जाने पर सबसे पहले कौन सी स्मृति सामने आती है?

स्मृति....'स्मृत' में जो 'मृत' है वही स्मृति है... इसमें अच्छा या बुरा कुछ नहीं होता, हो ही नहीं सकता, सिर्फ उदासी के लिबास में लिपटी स्मृति होगी।



डॉ. शोभा जैन
लेखिका

फिर

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

मृत्यु तो मौन सत्य है उस पर मौन ही रहा जा सकता है। या फिर कोई ऐसा शोक गीत जो मेरी अनुभूति में केवल स्मृति प्रधान बन सके।

कुछ लोगों की मृत्यु एकल नहीं होती, उनके साथ बहुत कुछ अंतिम रूप ले लेता है। उनकी मृत्यु का कोई समय नहीं लिख सकती मैं। वे जब भी जाते उनका जाना 'असमय' ही लिखा जाता मेरी ओर से...।

मिलान कुंदेरा के शब्दों में-

'विस्मृति के विरुद्ध स्मृति का संघर्ष है।'

इसे लिखने का अर्थ समय की अनंत अवधारणा में उतरना। यह समय-मीमांसा है। देखने में जितनी व्यावहारिक अनुभव होती है उतनी है नहीं।

मेरे लिए इस शोक को शब्दों में उतारने का अर्थ एक ऐसा अनुवाद करना, जो मेरे जैसे एकल भाषा-भाषी के लिए संभव ही नहीं।

दुख या शोक का कोई अनुवाद भला कैसे करे?

कौन सी भाषा के सांचे में ढालूंगी उसे.. क्या वे शब्द उस देह को कंपन दे सकेंगे?

लिखते हुए कुछ भ्रम और सच साथ-साथ चलेंगे। जो उनकी स्मृतियों के साथ जुड़े रहे। ये अलग बात है केवल शब्द ही हैं, जिसके साथ हम वहां लौट सकते हैं, जहां कदम कभी पहुंच भी नहीं सकते।

सिर्फ इतना ही कह सकती हूं, वे एक तारा थे, जो सहसा बुझ गया। कभी-कभी उन्हें याद कर हम अचानक से चौक जाते हैं। फिर अब कुछ तनाव में कुछ कड़ियां जोड़ने लगती हूं, जो इधर-उधर थी।

भले ही दिवंगत आत्मा के साथ कुछ मतभेद रहे हों, लेकिन उनकी मृत्यु के प्रति पूरी निष्ठा से लिखा जाना चाहिए।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# नेपाल: उल्टे न पड़ जाएं बालेन के ये फैसले

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह एक साथ कई मोर्चों पर जूझते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसका असर उनके राजनीतिक भविष्य पर पड़ सकता है। सत्ता संभालने के बाद उनका पहला बड़ा कदम सुकंबासी (बेघर व भूमिहीन) लोगों को बेदखल करना था। इससे नेपाल के करीब 15 लाख लोग नाराज़ हो गए और बालेन के खिलाफ सड़कों पर आ गए। नाराज़ लोगों में सर्वाधिक वह परिवार भी थे, जिसके युवा अमेरिका में रह रहे हैं। चुनाव के समय अमेरिका में रह रहे नेपाली युवाओं ने अपने परिजनों को फोन कर बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को वोट देने की अपील की थी।

नेपाल के ऐसे लाखों परिवार अब निराश हैं, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के बुलडोजर पर ब्रेक लगाने के आदेश दिए हैं। यह आदेश जबतक आया तब तक बालेन का बुलडोजर लाखों परिवारों पर तबाही की इबारत लिख चुका था। हैरत है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद लोगों को यह यकीन नहीं हो पा रहा कि सरकार उनके पुनर्वास के बारे में कुछ सोचेगी? प्रभावित लोगों का कहना है कि सरकार ने उनके लिए किसी भी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है, जिससे वे भारी चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों का मानना है कि यदि सरकार ने इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता और रणनीति के साथ हल नहीं किया, तो यह आंदोलन और उग्र हो सकता है तथा देश के अन्य हिस्सों में फैलने की आशंका है। इस बीच नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए सरकार को निर्देश दिया है कि सुकंबासी बस्तियों को फिलहाल न हटाया जाए और वर्तमान स्थिति को यथावत रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश सुकंबासी लोगों के लिए राहत भरा है, लेकिन लोगों की चिंता यह है कि सरकार इस आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए कोई और तरकीब न ढूंढ ले।

न्यायाधीश कुमार रेग्मी और न्यायाधीश नित्यानंद पांडे की दो सदस्यीय पीठ ने गोपाल रनपहेली समेत 11 लोगों द्वारा दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक संबंधित अधिकारी किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई से परहेज करें। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि प्रभावित लोगों के लिए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अदालत ने इस मामले को अगली सुनवाई तक विचाराधीन रखते हुए मानवाधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

बालेन सरकार के काठमांडू का मेयर रहते यह कार्रवाई उनकी प्राथमिकता में थी लेकिन तब उनका कार्य क्षेत्र सीमित था, प्रधानमंत्री बनने के बाद वे सुंदरीकरण के नाम पर पूरे नेपाल में सुकंबासियों को उजाड़ने का अभियान शुरू कर दिए हैं। नेपाल के अन्य राजनीतिक दल मानते हैं कि शहरों को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए यह जरूरी था, लेकिन सरकार की प्राथमिकता में वह होना चाहिए था, जनता ने जिसके लिए उन्हें चुना है। नेपाल में बेरोज़गारी बड़ा मुद्दा है, लेकिन यह भी सच है कि नेपाल में ऐसी कोई फैक्ट्री नहीं लगाई जा सकती, जिससे रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हो। इसके लिए उन्हें नेपाल के टूरिस्ट उद्योग को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। नेपाल में सबसे अधिक भारतीयों का आना-जाना होता है, लेकिन नेपाल सरकार के कस्टम ड्यूटी में बदलाव के कारण भारतीयों का नेपाल आना-जाना प्रभावित हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

न हन्यते हन्यमाने शरीरे अर्थात शरीर के नष्ट होने पर भी आत्मा नष्ट नहीं होती। श्रीमद्भगवद्गीता के इस श्लोक में निहित भाव और भारतीय सभ्यता की सनातन चेतना का सबसे जीवंत स्वरूप गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र के दक्षिणी तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर में दिखाई देता है। बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माने जाने वाले सोमनाथ ने इतिहास में अनेक आक्रमणों और विनाश को सहा, लेकिन हर बार फिर खड़ा हुआ और उसकी आरती, घंटियों और श्रद्धा की ध्वनि कभी थमी नहीं।



गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

# सोमनाथः आस्था संकल्प और पुनर्जागरण की अनंत धारा



## प्राचीन काल से प्रभास पाटन महान तीर्थभूमि

भारतीय इतिहास के हजारों वर्षों में सनातन धर्म ने कई तरह की चुनौतियों का सामना किया। राजनीतिक परिवर्तन, आक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर में मंदिरों, मठों और ज्ञान केंद्रों को नुकसान पहुंचाया गया, उनकी संरचनाएं बदली गईं और उन्हें संरक्षण देने वाली व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद भारतीय आध्यात्मिक परंपरा न केवल जीवित रही, बल्कि समय के साथ स्वयं को पुनर्स्थापित भी करती रही। इसकी सबसे बड़ी शक्ति यही रही कि संस्थागत क्षति और राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद इसकी आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई।

प्राचीन और मध्यकालीन भारत में मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं थे, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के भी केंद्र थे। राजसत्ता से उनके गहरे संबंध के कारण वे युद्ध और संघर्ष के समय सबसे पहले निशाने पर आए। महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ पर किया गया आक्रमण इतिहास की सबसे चर्चित घटनाओं में से एक है। फारसी ग्रंथों में इसे विजय के रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि भारतीय परंपरा में इसे पीड़ा, संघर्ष और पुनर्निर्माण की कथा के रूप में याद किया गया, लेकिन ऐतिहासिक सत्य यह है कि सोमनाथ कभी श्रद्धा से विलुप्त नहीं हुआ। चालुक्य शासकों सहित अनेक राजाओं ने इसका पुनर्निर्माण कराया और यह निरंतर आस्था का केंद्र बना रहा। ऐसी अनेक घटनाएं भारत के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलती हैं। सोमनाथ का इतिहास केवल एक आक्रमण की कहानी नहीं है। प्राचीन काल से ही प्रभास पाटन एक महान तीर्थभूमि रहा है। इसे विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में प्रभास-पट्टन, शिव-पट्टन और प्रभास-तीर्थ जैसे नामों से जाना गया। यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है और यही वह स्थान माना जाता है, जहां भगवान श्रीकृष्ण के देहत्याग के बाद उनका अंतिम संस्कार हुआ। निकट ही वैराग्य क्षेत्र और गोपी तालाब स्थित हैं, जहां से गोपी चंदन प्राप्त होता है। इस संपूर्ण क्षेत्र की यात्रा को भारतीय तीर्थ परंपरा में अत्यंत पवित्र माना गया है। काठियावाड़ और गुजरात की प्राचीन धरोहरों पर आधारित कई ऐतिहासिक अभिलेखों और पुरातात्विक रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है।

## शैव और वैष्णव परंपराओं का केंद्र

सोमनाथ भारत की समावेशी सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक है। यह शैव और वैष्णव परंपराओं के अद्भुत संगम का केंद्र है और हमें यह याद दिलाता है कि भारतीय संस्कृति हमेशा से बहुलतावादी और समावेशी रही है। स्वतंत्र भारत में सोमनाथ के पुनर्जागरण का आधुनिक अध्याय 12 नवंबर 1947, दीपावली के दिन आरंभ हुआ, जब देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस पवित्र स्थल का दौरा किया। विभाजन की पीड़ा के बीच सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। यह केवल एक मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था। इसके बाद सोमनाथ को एक सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हुआ। 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में प्रातः काल संपन्न हुई प्राण-प्रतिष्ठा ने पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक स्मृति और आत्मविश्वास को नई शक्ति प्रदान की।



## आधुनिक समाज को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास

आज जब भारत 'भारत @ 2047' की ओर बढ़ रहा है, तब सोमनाथ से जुड़े ये सभ्यतागत मूल्य और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। तकनीकी बदलाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत दुनिया को यह संदेश देता है कि विकास का अर्थ करुणा को त्यागना नहीं है और शक्ति का अर्थ संयम को छोड़ देना नहीं है। सोमनाथ हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सामर्थ्य से नहीं, बल्कि स्मृति, विवेक और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से निर्मित होता है। इसी दृष्टि से "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026-27" की परिकल्पना की गई है। यह वर्षभर चलने वाला राष्ट्रीय आयोजन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की आध्यात्मिक शक्ति, सांस्कृतिक निरंतरता और सभ्यतागत चेतना को समर्पित है। सदियों तक अनेक बार विध्वंस झेलने के बाद भी जिस प्रकार समाज के सामूहिक संकल्प से सोमनाथ पुनः स्थापित होता रहा, वह भारत की सांस्कृतिक आत्मशक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत उदाहरण है।

8 से 11 जनवरी 2026 के बीच प्रारंभ हुए इस पर्व के माध्यम से दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पड़ावों को स्मरण किया गया। 1026 में सोमनाथ पर हुए प्रथम दर्ज आक्रमण के एक हजार वर्ष और स्वतंत्रता के बाद 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के पुनः उद्घाटन के 75 वर्ष। इस आयोजन का उद्देश्य सोमनाथ को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक स्मृति के प्रतीक के रूप में स्थापित करना है। 11 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम तक देशभर में यात्राएं, सांस्कृतिक आयोजन, संवाद, शैक्षिक कार्यक्रम और विभिन्न ज्योतिर्लिंगों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, जिलों और शिवालयों में समन्वित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जो श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं, सोमनाथ ने एक नए पुनर्जागरण का दौर देखा है। प्रशासनिक सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, धरोहर संरक्षण और सांस्कृतिक पहलों ने सोमनाथ को एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त किया है। पर्यावरणीय संतुलन और महिला-सशक्तिकरण आधारित सेवा पहलों के माध्यम से यह दिखाया गया है कि भारतीय सभ्यतागत मूल्य आधुनिक जिम्मेदारियों और समावेशिता के साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आधुनिक समाज को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति उन मूल्यों, परंपराओं और जिम्मेदारियों में है, जिन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता रहा है। इसी कारण आज सोमनाथ केवल पुनर्निर्मित मंदिर नहीं, बल्कि एक जीवंत तीर्थ है। इक्कीसवीं सदी में आगे बढ़ते भारत के लिए सोमनाथ एक महत्वपूर्ण संदेश देता है - कोई भी सभ्यता तब मजबूत रहती है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ी रहे, समय के साथ स्वयं को ढालती रहे और सभी को साथ लेकर चले। सोमनाथ की यह विरासत हमें निरंतर प्रेरित करती रहे- उद्देश्यपूर्ण निर्माण करने के लिए, संतुलित आचरण के लिए और अपनी पहचान के प्रति सजग रहते हुए आगे बढ़ने के लिए।



ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या वट सावित्री अमावस्या कहलाती है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वटवृक्ष तथा यमदेव की पूजा करती हैं। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक एवं पर्याय बन चुका है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री, दोनों का विशेष महत्व है। इस वर्ष यह पर्व 16 मई शनिवार को मनाया जाएगा।

# सौभाग्य और पतिव्रता का महापर्व वट सावित्री व्रत

उत्तर भारत में 'बरगदाही' के नाम से पुकारे जाने वाले सनातन संस्कृति के उत्कृष्ट सनातन जीवन मूल्यों के परिचायक इस व्रत से जुड़ी सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से प्रायः हर सनातनधर्मी भली-भांति परिचित हैं। वैदिक युग का वह अद्भुत घटनाक्रम आज भी पढ़ने-सुनने वाले दोनों को अभिभूत कर देता है। ऐसा विलक्षण उदाहरण किसी अन्य धर्म-संस्कृति में मिलना दुर्लभ है। कहते हैं कि महासती सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति का पुनर्जीवन हासिल किया था। तभी से वट वृक्ष हिन्दू धर्म में देववृक्ष के रूप में पूज्य हो गया।

तात्विक दृष्टि से विचार करें तो वट पूजन के इस महाव्रत में स्त्री शक्ति की प्रबल जिजीविषा की विजय के महाभाव के साथ हमारे जीवन में वृक्षों की महत्ता व पर्यावरण संरक्षण का पुनीत संदेश भी छुपा है। कथा के अनुसार सावित्री राजा अश्वपति की पुत्री थी, जिसे राजा ने बहुत कठिन तपस्या करने के उपरांत देवी सावित्री की कृपा से प्राप्त किया था। इसलिए राजा ने उनका नाम 'सावित्री' रखा था। सावित्री बहुत गुणवान और रूपवान थी, लेकिन उसके अनुरूप योग्य वर न मिलने के कारण सावित्री के पिता दुःखी रहा करते थे। इसलिए उन्होंने अपनी कन्या को स्वयं अपना वर तलाश करने भेज दिया और इस तलाश में एक दिन वन में सावित्री ने सत्यवान को देखा और उसके गुणों के कारण मन में ही उसे वर के रूप में वरण कर लिया। सत्यवान साल्व देश के राजा द्युमत्सेन के पुत्र थे, लेकिन उनका राज्य किसी ने छीन लिया था और काल के प्रभाव के कारण सत्यवान के माता- पिता अंधे हो गए थे।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

सत्यवान व सावित्री के विवाह से पूर्व ही नारद मुनि ने यह सत्य सावित्री को बता दिया था कि सत्यवान अल्पायु है, अतः वह उससे विवाह न करे। यह जानते हुए भी सावित्री ने सत्यवान से विवाह करने का निश्चय किया और देवर्षि नारद से कहा-भारतीय नारी जीवन में मात्र एक बार पति का वरण करती है, बारंबार नहीं। अतः मैंने एक बार ही सत्यवान का वरण किया है और यदि उसके लिए मुझे मृत्यु से भी लड़ना पड़े तो मैं यह करने को तैयार हूं। उसकी मृत्यु का समय निकट आने पर मृत्यु से तीन दिन पूर्व ही सावित्री ने अन्न-जल का त्याग कर दिया। मृत्यु वाले दिन जंगल में जब सत्यवान लकड़ी काटने के लिए गए तो सावित्री भी उनके साथ गई और जब मृत्यु का समय निकट आ गया तथा सत्यवान के प्राण हरने लिए यमराज आए तो सावित्री भी उनके साथ चलने लगी। यमराज के बहुत समझाने पर भी वह वापस लौटने को तैयार नहीं हुई। तब यमराज ने उससे सत्यवान के जीवन को छोड़कर अन्य कोई भी वर मांगने को कहा।

उस स्थिति में सावित्री ने अपने अंधे सास-ससुर की नेत्र ज्योति और ससुर का खोया हुआ राज्य मांग लिया, किंतु वापस लौटना स्वीकार न किया। उसकी अटल पतिभक्ति से प्रसन्न होकर यमराज ने जब पुनः उससे वर मांगने को कहा तो उसने सत्यवान के पुत्रों की मां बनने का बुद्धिमत्तापूर्ण वर मांगा, यमराज के तथास्तु कहते ही मृत्युपाश से मुक्त होकर वटवृक्ष के नीचे पड़ा हुआ सत्यवान का मृत शरीर जीवित हो उठा। तब से अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए इस व्रत की परंपरा आरंभ हो गई और इस व्रत में वटवृक्ष और यमदेव की पूजा का विधान बन गया। महर्षि श्री अरविंद ने भी इस कथा को मध्य में रखते हुए सावित्री महाकाव्य का रचना की है, जिसमें उन्होंने सावित्री की कथा को आध्यात्मिक जीवन की यात्रा व उसकी अनुभूतियों के रूप में पिरोया है। उसे सावित्री-साधना का आध्यात्मिक ग्रंथ भी कह सकते हैं।

**वटवृक्ष के कई दृष्टिकोण :** वटवृक्ष कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है, सबसे पहले यह वृक्ष अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है। दार्शनिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है, क्योंकि इसी वृक्ष के नीचे राजकुमार सिद्धार्थ ने बुद्धत्व को प्राप्त किया और भगवान बुद्ध कहलाए। बोध ज्ञान को प्राप्त करने के कारण इस अक्षय वटवृक्ष को बोधिवृक्ष भी कहते हैं, जो गया तीर्थ में स्थित है। इसी तरह वाराणसी में भी ऐसे वटवृक्ष हैं, जिन्हें अक्षयवट मानकर पूजा जाता है। वटवृक्ष वातावरण को शीतलता व शुद्धता प्रदान करता है और आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह अत्यंत लाभकारी है।

## पीपल के समान वट वृक्ष



शास्त्रों के अनुसार पीपल वृक्ष के समान वट वृक्ष यानी बरगद का वृक्ष भी विशेष महत्व रखता है। पुराणों के अनुसार-वटवृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। अतः ऐसा माना जाता है कि इसके नीचे बैठकर पूजन और व्रतकथा आदि सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह वृक्ष लंबे समय तक अक्षय रहता है, इसलिए इसे अक्षयवट भी कहते हैं। जैन और बौद्ध भी अक्षयवट को अत्यंत पवित्र मानते हैं। जैनों का मानना है कि उनके तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने अक्षयवट के नीचे बैठकर तपस्या की थी। प्रयाग में इस स्थान को ऋषभदेव तपस्थली या तपोवन के नाम से जाना जाता है। हमारी अरण्य संस्कृति में वृक्षों को जीवंत देवताओं की संज्ञा दी गई है।

वैदिक मनीषा कहती है कि हवा के झोंकों से झूमते घने छायादार वृक्ष और उनसे गले मिलती लताएं प्रकृति का श्रंगार ही नहीं, जीवन का अजस्र स्रोत भी हैं। हमारे देश की समग्र सभ्यता, संस्कृति, धर्म एवं अध्यात्म-दर्शन का विकास वनों में ही हुआ था। वैदिक भारत में लोग वनदेवी की नियमित उपासना किया करते थे। स्मृति ग्रथों में वन संपदा को नष्ट करने वालों के लिए कठोर दंड का विधान किया गया है। ज्ञात हो कि वृक्ष-वनस्पति हमें हरियाली और फल-फूल देने के साथ ही अपनी प्राणवायु से हमें जीवन और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान भी देते हैं। इनका न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में अमूल्य योगदान है, वरन ये ग्रह व वास्तुदोष भी दूर करते हैं। हमारे समूचे पर्यावरण की सेहत इन्हीं मूक देववाओं की कृपा पर टिकी है। इसीलिए तो वृक्ष-वनस्पति के प्रति गहरी श्रद्धा व लगाव भारतीय संस्कृति की अति पुरातन व संवेदनशील परंपरा रही है। अतः वट सावित्री व्रत के रूप में वटवृक्ष की पूजा का यह विधान भारतीय संस्कृति की गौरव-गरिमा का एक प्रतीक है और इसके द्वारा वृक्षों के औषधीय महत्व व उनके देवस्वरुप का भी ज्ञान होता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स ने 750 करोड़ रुपये जुटाने को दाखिल किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिये 750 करोड़ रुपये जुटाने का है। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, इस निर्गम में 750 करोड़ रुपये के नए शेयर और 57.10 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होगी। बेंगलुरु स्थित कंपनी 150 करोड़ रुपये तक का आईपीओ पूर्व निर्गम भी ला सकती है। इसके पूरा होने पर नए शेयर निर्गम का आकार उसी अनुपात में कम कर दिया जाएगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर महाराष्ट्र में लगाएगी नया संयंत्र

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर महाराष्ट्र में एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी जहां 2029 की पहली छमाही में उत्पादन शुरू किया जाएगा। कंपनी ने इस संयंत्र में निवेश की राशि का खुलासा नहीं किया। हालांकि, जापान की मीडिया की खबरों के अनुसार मूल कंपनी टोयोटा मोटर भारत में क्षमता विस्तार के लिए महाराष्ट्र में लगभग 300 अरब येन (करीब 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर) का निवेश करने की योजना बना रही है। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि नया वाहन विनिर्माण संयंत्र महाराष्ट्र के बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।

### सीआईएल की अप्रैल में कोयला नीलामी 6% घटकर 3.05 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अप्रैल में ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से 3.05 करोड़ टन (एमटी) कोयला पेश किया। यह मार्च में पेश 3.25 करोड़ टन के मुकाबले छह प्रतिशत कम है। यह गिरावट पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि में आई है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और ऊर्जा सुरक्षा के लिए बिजली संयंत्रों को कोयले का इस्तेमाल बढ़ाना पड़ा है।

### यूपीएल का लाभ 20 % बढ़कर 1294 करोड़

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन और फसल सुरक्षा क्षेत्र की कंपनी यूपीएल का मजबूत बिक्री के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 1,294 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,079 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। गुजरात की इस कंपनी की कुल आय मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 18,335 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले 15,573 करोड़ रुपये थी।

# सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा, प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित

## निफ्टी भी 360.30 अंक की गिरावट के साथ 23,815.85 पर हुआ बंद

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। अमेरिका और ईरान के शांति समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहने के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,370.79 अंक तक लुढ़क गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले बृहस्पतिवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है जबकि निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नये शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इससे पश्चिम एशिया में संकट दूर करने के लिए राजनयिक सफलता की उम्मीद फिलहाल कमजोर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मितव्ययिता की अपील ने विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की कीमतों और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रतिकूल प्रभाव से लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं, कार पूलिंग करने, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का अधिक उपयोग करने और घर से काम करने का सुझाव दिया।

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स शुक्रवार को 516.33 अंक टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 150.50 अंक गिरकर 24,176.15 अंक पर रहा था।



### मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 % बढ़कर 103.5 डॉलर प्रति बैरल पर

**नुकसान में रहे शेयर :-** टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा सात प्रतिशत की गिरावट आई। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, इटर्नल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

### मिडकैप 1.09 और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत गिरा

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.09 प्रतिशत की गिरावट आई।
- छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत के नुकसान में रहा।
- क्षेत्रवार उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 3.76 प्रतिशत, रियल एस्टेट (2.74 प्रतिशत), मध्यम-लघु निजी बैंकों का गुणवत्ता सूचकांक (2.60 प्रतिशत), बीएसई पीएसयू बैंक (2.28 प्रतिशत), उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुएं (2.14 प्रतिशत) और बिजली (2.13 प्रतिशत) में गिरावट दर्ज की गई।
- शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,110.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### मोदी के भाषण से दबाव में बाजार

वैश्विक तेल लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक तनाव बढ़ने की आशंका के बीच निवेशकों ने आक्रामक रूप से शेयरों की बिकवाली की। इससे सूचकांकों में गिरावट आई। कहा कि आज की इस गिरावट का तात्कालिक कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 10 मई का भाषण है, जिसे बाजार ने वृहद आर्थिक दबाव के संकेत के रूप में लिया है।

**मोदी की अपील से आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर संभव : जीजेसी**

# मांग घटाने से नहीं, स्वर्ण मौद्रीकरण योजना में सोने के उपयोग से होगा समाधान

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक वर्ष तक सोने की खरीद टालने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एक उद्योग संगठन ने सोमवार को यह आशंका जताई।

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रधानमंत्री की इस अपील के बाद दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम सोने की जिम्मेदारी से खपत करने संबंधी प्रधानमंत्री की अपील को समझते हैं। यह बढ़ते आयात और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव की व्यापक राष्ट्रीय चिंता को दर्शाती है। लेकिन भारत में पहले से ही हजारों टन सोना घरों में रखा हुआ है। ऐसे में समाधान केवल सोने की मांग घटाने में नहीं, बल्कि स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) के जरिये मौजूदा सोने के उपयोग में है।

रोकड़े ने कहा कि अतीत में इस तरह के मामलों में 'रिवेंज बाइंग' यानी प्रतिबंध के बाद अधिक खरीद की स्थिति भी देखी गई है, जिससे आगे चलकर सोने की मांग बढ़ सकती है।

जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने कहा कि सोने का भारतीय परिवारों से भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव है, लेकिन वर्तमान में आर्थिक स्थिरता के साथ मांग का संतुलन भी जरूरी है। एक मजबूत एवं पारदर्शी स्वर्ण मौद्रीकरण योजना दीर्घकालिक समाधान हो सकती है। इस योजना के जरिये घरों और लॉकर में रखे निष्क्रिय सोने को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाया जा सकता है। इससे आयात घटेगा, चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव कम होगा और वित्तीय प्रणाली मजबूत होगी।



- देश के घरों में रखा है हजारों टन सोना
- ऐसी अपील से रिवेंज बाइंग भी संभव

### ईरान के शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया, सोना 600 रुपये टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। इससे पश्चिम एशिया में फिर से संघर्ष शुरू होने का डर बढ़ गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चली गई हैं। देश की विदेशी मुद्रा को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अपील से भी सोने पर अतिरिक्त दबाव पड़ा, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल के लिए गैर-ज़रूरी सोने की खरीदारी टालने का आग्रह किया था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। यह शुक्रवार के बंद भाव 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है।

## प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर, विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी: वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के जल्द थमने के आसार नहीं दिखने की वजह से नागरिकों से विदेशी मुद्रा भंडार को बचाकर रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया गया है।



वैष्णव ने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए पश्चिम एशिया में संघर्षविराम अभी 'बहुत दूर' नजर आ रहा है। कहा कि हम बहुत अनिश्चितता वाले समय में हैं। हमारी किसी गलती के बगैर, हमारे पड़ोस में दो देशों के बीच चल रहे युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। मौजूदा स्थिति में यहां पर संघर्षविराम होना दूर लगता है।

एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों का पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया था। उन्होंने पेट्रोल-डीजल के समझदारी से इस्तेमाल और किसी भी तरह से विदेशी मुद्रा बचाने पर जोर दिया। वैष्णव ने कहा कि संकट की इस घड़ी में नागरिकों को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। हम नागरिकों के रूप में अपने जीवन और कामकाज में ऐसे उपाय पहचान सकते हैं, जिनसे विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। साथ ही हमें विदेशी मुद्रा अर्जित करने के प्रयास भी बढ़ाने चाहिए।

### मेले में देवेगौड़ा



**बेंगलुरु :** पूर्व प्रधानमंत्री और जडी (एस) प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा ने सोमवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कब्बन पार्क में आयोजित आम और कटहल मेले का दौरा किया।

## व्यापार वार्ता के अगले दौर पर अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद: अधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को उम्मीद है कि व्यापार वार्ता के अगले दौर के लिए अमेरिकी दल देश का दौरा करेगा। हालांकि, इसके लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय पक्ष ने अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल में वाशिंगटन का दौरा किया था। अब हमें अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद है। अप्रैल की बैठक के बाद दोनों पक्ष व्यापार वार्ता की गति को बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं।

### एफटीए का लाभ उठाए उद्योग जगत : वाणिज्य सचिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत को उन मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने और उनका उपयोग करने की आवश्यकता है, जिन्हें भारत अंतिम रूप दे रहा है। ये समझौते व्यापार और निवेश, दोनों के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं। सचिव ने कहा कि एफटीए का पूरी तरह से उपयोग करने और लाभ उठाने का देश का पिछला रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश की औद्योगिक नीति को उसकी व्यापार नीति का पूरक होना चाहिए, क्योंकि व्यापार इस बात पर भी निर्भर करता है कि भारत कैसे निवेश और उत्पादन करता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया और आसियान सहित कई देशों और समूहों के साथ व्यापार समझौते किए हैं।

## वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड मॉडल अपना रहीं आईटी कंपनियां: नैसकॉम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां एहतियाती प्रबंधन उपाय अपना रही हैं, जिनमें वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड व्यवस्था को बढ़ावा देना शामिल है। उद्योग संगठन नैसकॉम ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आईटी कंपनियों के संगठन नैसकॉम ने बयान में कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र पहले से ही हाइब्रिड मॉडल (घर एवं दफ्तर से काम की मिली-जुली व्यवस्था) के तहत काम करता रहा है और कंपनियां कर्मचारियों के पद से जुड़ी जरूरतों और ग्राहकों की मांग के आधार पर 'घर से काम' और दफ्तर से काम के बीच संतुलन बना रही हैं।

संगठन ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए कंपनियों ने अपने परिसरों में ऊर्जा प्रबंधन के विवेकपूर्ण उपाय अपनाए हैं। इसमें गैर-जरूरी खपत को कम करना, कुछ सुविधाओं को युक्तिसंगत बनाना और संभव होने पर दूरस्थ या हाइब्रिड कार्य व्यवस्था को सक्षम बनाना शामिल है, ताकि कुल ऊर्जा उपयोग और आवागमन को कम किया जा सके।

नैसकॉम ने मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य को 'लगातार विकसित होती स्थिति' बताते हुए कहा कि वह घटनाक्रम पर करीबी नजर रखे हुए है तथा उद्योग हितधारकों और सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है, ताकि इस स्थिति का ''समन्वित और जिम्मेदार'' तरीके से सामना किया जा सके। करीब 3,500 कंपनियों का संगठन नैसकॉम भारत के लगभग 315 अरब डॉलर के प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है।

नैसकॉम का यह बयान ऐसे समय आया है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पहले नागरिकों से पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया था।

## खरीफ बुवाई सत्र के लिए उर्वरक का भंडार पर्याप्त: सरकार


**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में उर्वरकों का भंडार 'पर्याप्त' है। आगामी खरीफ सत्र के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की उर्वरक सुरक्षा स्थिति संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित है। शर्मा ने कहा कि उर्वरक विभाग की ओर से यह बताया जाता है कि खरीफ 2026 के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुमाति आवश्यकता के मुकाबले भंडार 51 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि यह भंडार सामान्य स्तर (करीब 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है।

**निवेश की पाठशाला**

## सोने के लिए आरबीआई का गोल्डन 'मास्टर प्लान'

**कारोबार डेस्क**

क्या आपके घर के लॉकर में पड़ा सोना उपयोग में नहीं आ रहा है? अगर हां, तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आपके लिए एक ऐसा 'मास्टर प्लान' तैयार कर रहा है जिससे आपका वही सोना आपको घर बैठे नियमित आय दिलवा सकता है। हमारे के लिए सोना सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि एक इमोशन है, लेकिन रिजर्व बैंक आपकी भावनाओं को आपकी कमजोरी नहीं, बल्कि वह आपकी आर्थिक ताकत बनाना चाहता है। आइए, जानते हैं क्या है मास्टर प्लान...



### क्या है गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम?

- सरकार ने 15 सितंबर 2015 को इस योजना की शुरुआत की थी। इसका मकसद था कि देश में उपलब्ध सोना उपयोग में लाया जा सके और सोने के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिले। इसमें लोगों के पास मौजूद सोने को जमा करने की सुविधा दी गई थी, जिससे उस सोने का इस्तेमाल किसी प्रोडक्टिव काम में किया जा सके। लोगों ने बहुत कम दिलचस्पी दिखाई, क्योंकि इसके तहत बैंक उस सोने को पिघला देते थे, जो उनके पास पहुंचता था।

### आरबीआई का नया 'मास्टर प्लान'

- आरबीआई के अनुसार भारत के घरों में लगभग 20,000 टन से ज्यादा सोना जमा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा निष्प्रयोज्य सोने का भंडार है। रिजर्व बैंक चाहता है कि लोग इस सोने को बैंक में जमा करें और इससे कमाई करें।

**चुनौतियां :**

- **दादी-नानी के गहने:** गहनों के साथ लोगों की यादें जुड़ी होती हैं, वे उन्हें पिघलते हुए नहीं देख सकते।
- **टैक्स का डर :** कई लोगों के पास विरासत में मिला सोना है, जिसका कोई बिल या रिकॉर्ड नहीं है। बैंक जाते ही इनकम टैक्स विभाग उनसे रिकॉर्ड मांगेगा।

### अर्थ व्यवस्था को क्या फायदा?

- आरबीआई की इस स्कीम के पीछे एक बड़ा आर्थिक कारण है:
- **इंपोर्ट में कमी:** जब लोग बैंक में सोना जमा करेंगे, तो ज्वेलर्स को बाहर से आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- **रुपया होगा मजबूत:** हम सोना विदेशों से डॉलर में खरीदते हैं, जब सोना कम मंगाएंगे, तो डॉलर कम बाहर जाएगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इसका असर ये होगा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपया मजबूत होगा।
- **प्रोडक्टिव यूज:** लॉकर में पड़ा सोना देश की जीडीपी में योगदान नहीं देता, लेकिन बैंक में आने के बाद यह बाजार में सर्कुलेट होता है और इसकी गिनती अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।

### काम की बात

- अगर आपके पास सोने के सिक्के या बार हैं जिन्हें आप पहनते नहीं हैं, तो उन्हें लॉकर में बंद रखने के बजाय बैंक में जमा करना एक 'समझदारी भरा' फैसला हो सकता है। इससे आपको हर साल ब्याज मिलेगा और आप देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी योगदान दे सकेंगे। आरबीआई जल्द ही इस पर बड़े फैसले ले सकता है, जिससे यह स्कीम और भी आसान एवं लाभकारी हो जाएगी।



**योजना से परिवर्तन** | अब अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजे जाएंगे सत्तू के लड्डू, 700 महिलाओं को मिला रोजगार

# ओडीओपी से बलिया के सत्तू को मिली वैश्विक पहचान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना अब प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। बलिया का मशहूर चने का सत्तू अब अमेरिका, दुबई समेत कई खाड़ी देशों तक पहचान बना चुका है।

अब बलिया के सत्तू से तैयार होने वाले लड्डू को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इससे 700 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला है, जबकि किसानों को चने की फसल का बेहतर दाम मिल रहा है।

अमेजन, फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में भी यूपी का यह पारंपरिक उत्पाद लोगों की पसंद बन रहा है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले शहरी उपभोक्ताओं के बीच भी इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। निधि उद्योग की संस्थापक नीति अग्रवाल ने बताया कि बलिया के सत्तू से बनने वाले लड्डू को अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और ओडीओपी के कारण बलिया का यह पारंपरिक उत्पाद अब वैश्विक पहचान की ओर बढ़ रहा है।

व्यवस्थापक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सत्तू उत्पादन और पैकेजिंग के बढ़ते कारोबार से करीब सात सौ महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं द्वाबा क्षेत्र के किसानों का चना हाथोंहाथ खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि भृगु मंदिर क्षेत्र में सत्तू को प्रसाद के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है। इसी पहचान को ब्रांडिंग से जोड़ते हुए पहले आकर्षक पैकेजिंग तैयार की गई और फिर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर एफपीओ के माध्यम से किसानों और उत्पादकों को जोड़ा गया। वर्तमान में क्षेत्र में करीब साढ़े छह हजार हेक्टेयर में चने की खेती हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों को बलिया के सत्तू के पैकेट भिजवाए हैं, ताकि इस पारंपरिक उत्पाद को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिल सके।



### गांव से ग्लोबल मार्केट तक पहुंचा पारंपरिक स्वाद

कभी गांवों तक सीमित माना जाने वाला सत्तू अब ई-कॉमर्स और निर्यात के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहा है। ओडीओपी योजना के कारण स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग का नया मंच मिला है।

> ओडीओपी योजना के जरिए स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बलिया की सांस्कृतिक पहचान अब देश और दुनिया तक पहुंच रही है।
> –मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी, बलिया

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खाद्यतेल के आयात पर बढ़ती निर्भरता का बोझ नहीं उठा सकता भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्यतेल निकाय एसईए ने सोमवार को लोगों से खाद्यतेल का कम इस्तेमाल करने की प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्यतेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल की खपत को नियंत्रित करने को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का आर्थिक और रणनीतिक महत्व कहीं अधिक गहरा है।

### दिल्ली में 24 को आयोजित होगा जनजाति सांस्कृतिक समागम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यहां के लाल किला मैदान में 24 मई को जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। इस संबंध में सोमवार को यहां स्थित प्रेस क्लब में जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वक्ताओं ने सोमवार को कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारत में स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और सामुदायिक चेतना के प्रतीक रहे हैं। यह समागम एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय आयोजन के रूप में परिकल्पित है। इस कार्यक्रम में देशभर की 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति संभावित है।

### ईयू यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुश्री कोस ने कहा, "हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी।

# होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

## यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी

**लंदन, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेज़बानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी।

इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरमूध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक पूर्णतः रक्षात्मक मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती




का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा।

इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है। फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन बनाने की कोशिश में सबसे आगे हैं। साथ ही ये देश इस मिशन में वैश्विक भागीदारी का आह्वान भी करते रहे हैं।

### युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता : नेतन्याहू

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिये साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है।

# देश के लिए समस्या बन रहा तिजोरी में रखा सोना



भारतीय समाज में सोने को केवल आभूषण नहीं, बल्कि सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी तिजोरी में चमकता यह सोना देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी कर सकता है? भारत अपनी जरूरत का लगभग सारा सोना विदेशों से डॉलर चुकाकर खरीदता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हम भौतिक सोना खरीदने की अपनी होड़ को कम करें, तो न केवल हमारा रुपया मजबूत होगा, बल्कि वही पैसा देश के विकास कार्यों और बुनियादी ढांचे में लगकर नई नौकरियां पैदा कर सकता है। आइए समझते हैं कि कैसे हमारी सोने की कम खरीदारी, देश के लिए एक 'गोल्डन' अवसर बन सकती है।

### सोने की खरीद

#### डॉलर की बचत (विदेशी मुद्रा भंडार)

न्यूज डिकोडर

भारत में बहुत कम सोना पैदा होता है, हम लगभग पूरा सोना विदेशों से खरीदते हैं। इसे खरीदने के लिए भारत सरकार को अपना डॉलर खर्च करना पड़ता है। जब हम सोना कम खरीदते हैं, तो देश का डॉलर बचता है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत होती है।

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

#### गहनों की चमक भी मुनाफे की खनक भी

अगर आप सोने में निवेश करना चाहते हैं, तो इसे घर में रखने के बजाय 'गोल्ड बॉन्ड' खरीदना देश और आपके लिए ज्यादा फायदेमंद है। यह सरकार द्वारा जारी किया जाता है। इससे सोने की बढ़ती कीमत के साथ आपको हर साल 2.5% का निश्चित ब्याज मिलता है, जो फिजिकल गोल्ड पर नहीं मिलता। इसमें मिलावट का कोई डर नहीं है, क्योंकि यह डिजिटल फॉर्म में होता है। सुरक्षा की चिंता खत्म: न चोरी का डर, न लॉकर का खर्चा। 8 साल बाद मैच्योरिटी पर मिलने वाले मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता।

#### डेड इन्वेस्टमेंट' से 'स्मार्ट इन्वेस्टमेंट' की ओर

सोना खरीदकर घर की तिजोरी या लॉकर में रख देना 'मरी हुई पूंजी' की तरह है। वह पैसा अर्थव्यवस्था के चक्र से बाहर हो जाता है। अगर लोग सोने के बजाय बैंक, शेयर या सरकारी स्कीमों में पैसा लगाएं, तो वह पैसा उद्योगों और व्यापार में लगता है। इससे देश में फैक्ट्रियां खुलती हैं और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।

#### महंगाई पर लगाम

जब सरकार का डॉलर कम खर्च होता है और रुपया मजबूत रहता है, तो विदेशों से आने वाला कच्चा तेल (Petrol-Diesel) सस्ता पड़ता है। तेल सस्ता होने से ढुलाई कम होती है और फल-सब्जियों जैसी रोजमर्रा की चीजों की कीमतें नहीं बढ़तीं।

#### फैक्ट

2025 में भारत में कुल सोने की खपत 710.9 टन रही (जो 2024 के 802.8 टन से 11% कम थी)। ऊंची कीमतों के कारण गहनों की मांग में 24% की भारी गिरावट आई और यह सिमटकर 430.5 टन रह गई।

#### रुपये की मजबूती

जब हम बाहर से ज्यादा सामान (सोना) मंगाते हैं, तो भारतीय रुपये की वैल्यू गिरती है और डॉलर महंगा हो जाता है। सोना कम खरीदने से 'व्यापार घाटा' (Trade Deficit) कम होता है, जिससे रुपया स्थिर और मजबूत बना रहता है।

## गर्मी से राहत



सूरत के सार्थना नेचर पार्क (सार्थना चिड़ियाघर) में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए सफेद बत्तखें और हंस वहां बने जलाशयों में तैरते देखे जा सकते हैं। बढ़ते तापमान को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने जानवरों के लिए खास इंतजाम किए हैं। ● एजेंसी

### ट्रंप 13 से 15 तक चीन की यात्रा पर रहेंगे

**बीजिंग, एजेंसीः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर ट्रंप यह यात्रा कर रहे हैं। करीब नौ वर्षों में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन की यह पहली यात्रा है। ट्रंप की यह यात्रा अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट और ताइवान समेत कई मुद्दों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते तवाव के दौरान हो रही है। अमेरिकी प्रधान उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने रविवार को कहा कि ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे। ट्रंप शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे।

# यूएई से भारतीयों को निकालने की कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को खारिज किया

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को उस खबर को खारिज किया जिसमें दावा किया गया था कि फुजैराह बंदरगाह के माध्यम से भारतीय श्रमिकों की निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एक समझौते पर काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं है और फुजैराह या यूएई से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर यहां आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित मीडिया की एक खबर के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि आपने एक विशेष समाचार का उल्लेख किया। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आप विदेश मंत्रालय के फैक्टचेक को भी देखें क्योंकि हमने इस संबंध में पहले ही स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। ऐसी खबर का कोई आधार नहीं है। साथ ही, फुजैराह या संयुक्त अरब अमीरात से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है। इसलिए, कृपया हमारे द्वारा जारी किए गए स्पष्टीकरण को भी देखें।

इससे पहले दिन में विदेश मंत्रालय की फैक्ट-चेक टीम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस खबर को फर्जी खबर बताया। विदेश मंत्रालय की फैक्टचेक टीम ने अपनी पोस्ट में कहा कि फर्जी खबर! ऐसी किसी भी खबर का कोई आधार नहीं है। किसी भी प्रकार की निकासी की योजना नहीं बनाई जा रही है। कृपया ऐसे झूठे और निराधार दावों से सावधान रहें। प्रेसवार्ता के दौरान, जायसवाल से भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स सदस्य देशों और अन्य देशों के विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक के बारे में भी सवाल किया गया।

# क्रूज जहाज से निकाले गए तीन यात्री संक्रमित

**द हेग, एजेंसी**

### हंता वायरस



एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के प्रकोप के बाद सुरक्षित निकाले गए यात्रियों में से एक फ्रांसीसी महिला और दो अमेरिकी नागरिक संक्रमित पाए गए हैं या उनमें इसके लक्षण दिखे हैं। इस बीच, दुनिया भर के देशों ने अपने नागरिकों को वापस लाने और उन्हें पृथक-वास में रखने की कवायद तेज कर दी है। स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में एमवी होंडियस क्रूज जहाज के पहुंचने के बाद रविवार से यात्रियों को सैन्य और सरकारी विमानों से उनके देशों में वापस भेजने का सिलसिला शुरू हुआ।

टेनेरिफ में सोमवार को भी सुरक्षात्मक सूट और मास्क पहने कर्मियों की निगरानी में यात्रियों को जहाज से तट तक पहुंचाया गया। फ्रांस की स्वास्थ्य मंत्री स्टेफनी रिस्ट ने सोमवार को बताया कि क्रूज जहाज से रविवार को उतारकर विमान में पेरिस लाए गए पांच यात्रियों में से एक महिला संक्रमित पाई गई है और रात में अस्पताल में उसकी हालत बिगड़ गई। रिस्ट ने बताया कि महिला में पेरिस की उड़ान के दौरान ही लक्षण दिखने शुरू हो गए थे। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार देर रात बताया कि जहाज से सुरक्षित निकाले गए और नेब्रास्का भेजे गए 17 अमेरिकी यात्रियों में से एक व्यक्ति हंता वायरस से संक्रमित पाया गया है, हालांकि उसमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। एक अन्य यात्री में हल्के लक्षण पाए गए हैं।

यह विमान सोमवार सुबह अमेरिका पहुंचा। अमेरिकी यात्रियों को सबसे पहले यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर ले जाया जाएगा। यहां उन्हें संघीय पृथक-वास (क्वारंटीन) केंद्र में रखा जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं या नहीं और उनसे वायरस फैलने का खतरा कितना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इन यात्रियों की कड़ी निगरानी की सिफारिश की है। इससे पहले, स्पेनिश स्वास्थ्य मंत्रालय और 'एमवी होंडियस' क्रूज संचालक कंपनी 'ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स' के अधिकारियों ने कहा था कि जहाज पर सवार 140 से अधिक लोगों में से किसी में भी संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं। हंता वायरस के प्रकोप की शुरुआत से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और जहाज से पहले उतरे पांच अन्य लोग संक्रमित पाए गए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, "यह कोविड जैसी स्थिति नहीं है और आम जनता के लिए जोखिम कम है। इसलिए लोगों को डरने या घबराने की जरूरत नहीं है।

डब्लूएचओ की मुख्य महामारी विज्ञानी मारिया वान केरखोव ने सिफारिश की है कि यात्रियों के स्वदेश लौटने पर उनकी दैनिक स्वास्थ्य जांच की जाए। इस प्रकोप में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

### टर्किश एयरलाइंस के लैंडिंग गियर में आग लगी

**काठमांडू, एजेंसी।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के लैंडिंग गियर में आग लगने की घटना के बाद सोमवार सुबह नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 98 मिनट तक के लिए बंद रखा गया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार सुबह 6:34 बजे विमान के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगने के बाद हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिया गया था। स्थिति नियंत्रण में आने के बाद सुबह 8:12 बजे उड़ान सेवाएं फिर शुरू की गयीं।

अधिकारियों के अनुसार घटना के दौरान एयरलाइन का वाइड-बॉडी विमान टैक्सीवे ब्रावो पर फंस गया था। विमान का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा टैक्सीवे पर और 70 प्रतिशत रनवे पर होने के कारण सभी घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रोकना पड़ा। हवाईअड्डा कार्यालय के अनुसार विमान में चालक दल के 11 सदस्यों सहित कुल 288 लोग सवार थे।

# चुनाव आयोग जल्द शुरू करेगा तीसरा चरण

### मतदाता सूची पुनरीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का तीसरा और अंतिम चरण शुरू करने जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत शेष 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जाएगा, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता हैं। इससे पहले आयोग 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 60 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य पूरा कर चुका है।

आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों (मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा) सहित चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले साल जून में घोषित यह प्रक्रिया कई कारणों से विलंबित हुई है। हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के कारण इसे टाला गया था। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और बिहार में राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्रिया के खिलाफ शीर्ष अदालत में दलीलें पेश की थीं। पुनरीक्षण के दौरान बिहार में विदेशी नागरिकों (बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा) की पहचान के दावे किए गए थे, हालांकि आयोग ने बाद में ऐसे अयोग्य लोगों का कोई आधिकारिक साक्ष्य साझा नहीं किया। इस चरण के पूरा होते ही देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस अखिल भारतीय प्रक्रिया के दायरे में आ जाएंगे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको काम के दौरान ज्यादातर शांत रहना चाहिए। सहकर्मियों के व्यवहार को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**वृष** – आज नई परियोजनाओं को लेकर उत्सुकता जागेगी। परिस्थितियां पूरी तरह से आपके नियंत्रण में रहेंगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज कोई शुभ सूचना मिल सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** – आज गूढ़ ज्ञान अर्जित करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई की ओर एकाग्रचित्त रहेंगे। परिजनों की सुविधाओं का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। खर्चों में कमी आने से मन संतुष्ट रहेगा। समय पूरी तरह से आपके पक्ष में हैं।

**कन्या** – आज अपनी जॉब को लेकर थोड़े असंतुष्ट हो सकते हैं। आपसी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अटका हुआ धन वापस प्राप्त होगा।

**तुला** – आज आपको अपने काम पर बहुत ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। कड़वी बातों का प्रयोग न करें।

**वृश्चिक** – आज अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं। आपके सुझावों से लोगों को बहुत अच्छा लाभ होगा।

**धनु** – आज सभी कार्यों में विजय प्राप्त होगी। सुख-सुविधाओं का उपभोग करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को पहली प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कर लें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में आपके योगदान की प्रशंसा होगी। बॉस आपके कार्यों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ** – आज आवश्यक कार्यों को सुबह ही कर लेना उचित होगा। उच्च पद पर बैठे लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन** – आज प्रियजनों के व्यवहार से मन खिन्न होगा। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। पुराने कर्जों को लौटाने का दबाव रहेगा।

## सुप्रीम सवाल

### हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी

# विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति निंदनीय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। न्यायालय ने पर्यावरण के नाम पर विकास कार्यों को बाधित करने वाली याचिकाओं की निंदा करते हुए सवाल उठाया कि यदि हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाएं, जिसका स्वागत इन तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने किया हो। पीठ ने रेखांकित किया कि वर्तमान में दायर की जा रही कई याचिकाओं का प्राथमिक उद्देश्य केवल विकास की गति को रोकना प्रतीत होता है, जो देश के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। यह मामला गुजरात के पिपावाव बंदरगाह के विस्तार और आधुनिकीकरण से जुड़ा है। दरअसल, राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पश्चिमी क्षेत्र की पीठ ने पूर्व में बंदरगाह को दी गई पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी को रद्द करने की मांग वाली अपील खारिज कर दी थी। इसी आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ



ने पाया कि एनजीटी ने इस मामले में पहले ही बहुत विस्तृत और तकनीकी आदेश पारित किया है।


हालांकि, न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि अदालतों का सरोकार हमेशा से पर्यावरण की रक्षा करना रहा है और वे प्रकृति को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि की आलोचना करती हैं। लेकिन पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन होना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी कि वह एनजीटी के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर कर सकता है। इस याचिका में उसे विशेष रूप से यह स्पष्ट करना होगा कि क्या पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में उसकी ओर से उठाए गए बिंदुओं पर उचित विचार किया गया था। पीठ ने एनजीटी को निर्देश दिया कि यदि ऐसी कोई याचिका आती है, तो वह केवल इसी तकनीकी पहलू पर विचार करे।

### न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच दो महीने में हो पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एनआईए को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक अप्रैल को हुई हिंसा की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। इस हिंसा में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखा था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एनआईए को जांच पूरी करने के बाद सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय के समक्ष अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। पीठ ने पूछा, जांच की क्या स्थिति है? क्या यह पूरी हो चुकी है? एनआईए की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि एनआईए को जल्द से जल्द जांच पूरी करने दें, संभव हो तो दो महीने के भीतर। पीठ ने टिप्पणी की, आप अपना आरोप-पत्र दाखिल करें। कानून अपना काम करेगा। न्यायालय ने 24 अप्रैल को एनआईए को मामले की जांच पूरी होने पर आरोप-पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी। मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की 60 लाख से अधिक आपत्तियों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के लगभग 700 न्यायिक अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में तैनात किया गया था। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें एक अप्रैल की रात की भयावह घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया गया था, जब तीन महिलाओं सहित सात न्यायिक अधिकारियों और एक पांच वर्षीय बच्चे को भीड़ ने नौ घंटे से अधिक समय तक बिना भोजन-पानी के बंधक बनाकर रखा था।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 मई, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 14.52 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पूर्व भाद्रपद 13 मई 01.27 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

### सुडोकू - 146 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 |

### सुडोकू -147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | | | |
| | | | | | | 4 | | 3 |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 3 | | | 6 | | 1 | | | |
| 4 | 2 | | | | | | | 1 |
| | | | 4 | | 8 | | | |
| | | | | 7 | 9 | 2 | | |
| 8 | | 3 | | | | | | |
| | | | 8 | | 5 | | | |



> मैंने पहले भी कई बार अच्छी गेंदबाजी की है, विकेट भी लिए हैं। लेकिन मैंने सबसे अधिक मजा छक्का लगाकर लिया। मैं रोहित के ख़िलाफ़ पहले से सोचकर गेंदबाज़ी कर रहा था। रोहित आगे निकलकर खेल सकते हैं क्योंकि उन्होंने पहले मेरे ख़िलाफ़ ऐसा किया है।
> –भुवनेश्वर कुमार


# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार, 12 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

गुजरात टाइटंस
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पंजाब ने दिल्ली को दिया 211 रनों का लक्ष्य, प्रियांश-श्रेयस ने जड़े अर्धशतक

## आईपीएल-2026 : तालिका में फिर शीर्ष पर पहुंचने का प्रयास कर रही अय्यर की टीम



श्रेयस अय्यर।

**धर्मशाला, एजेंसी**

कप्तान श्रेयस अय्यर और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 210 रन बनाए। अय्यर ने 36 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 59 रन की पारी खेली जबकि प्रियांश ने 33 गेंद में छह छक्कों और दो चौकों से 56 रन बनाए।

अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की जबकि प्रियांश ने भी प्रभसिमरन सिंह (18) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दिल्ली की ओर से माधव तिवारी ने 40 जबकि मिचेल स्टार्क ने 57 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब किंग्स को प्रियांश और प्रभसिमरन सिंह (18) ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 72 रन जोड़कर तेज शुरुआत दिलाई। प्रियांश ने मिचेल स्टार्क पर दो छक्कों के साथ शुरुआत की जबकि प्रभसिमरन ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा जिससे पहले ओवर में 22 रन बने।

प्रियांश ने लुंगी एनगिडी पर दो छक्के मारे और मुकेश कुमार की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। उन्होंने आकिब नबी की गेंद पर एक रन के साथ 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन हालांकि इसके बाद मुकेश की गेंद को पुल करने की कोशिश में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर आकिब को कैच दे बैठे। कप्तान अय्यर ने आते ही आकिब की लगातार गेंदों पर दो चौके मारे और फिर एनगिडी पर भी छक्का जड़ा। माधव तिवारी ने प्रियांश को साहिल पारख के हाथों कैच कराके पंजाब को दूसरा झटका दिया। उन्होंने 33 गेंद की अपनी पारी में छह छक्के और दो चौके मारे। अय्यर और कोनोली ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। पंजाब के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ।

कोनोली ने स्टार्क पर चौके के साथ शुरुआत की जबकि अय्यर ने भी तिवारी पर चौका जड़ा। अय्यर ने एनगिडी जबकि कोनोली ने स्टार्क पर छक्का मारा। पंजाब ने 15 ओवर में दो विकेट पर 149 रन बनाए। कोनोली ने एनगिडी की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया। अय्यर ने तिवारी पर छक्के के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। कोनोली हालांकि तिवारी की गेंद डीप मिड विकेट पर डेविड मिलर को कैच दे बैठे। उन्होंने 27 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे। स्टार्क ने इसके बाद लगातार गेंदों पर मार्कस स्टोइनिस (01) और शशांक सिंह (00) को पवेलियन भेजा। सूर्यांश शेडगे ने स्टार्क पर दो छक्कों और एक चौके के साथ 19वें ओवर में टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

**पंजाब किंग्स**

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का पारख बो तिवारी | 56 |
| प्रभसिमरन सिंह का आकिब बो मुकेश | 18 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 59 |
| कूपन कोनोली का मिलर बो तिवारी | 38 |
| मार्कस स्टोइनिस का तिवारी बो स्टार्क | 01 |
| शशांक सिंह का अक्षर बो स्टार्क | 00 |
| सूर्यांश शेडगे नाबाद | 21 |

अतिरिक्त :17, विकेट पतन : 1-78, 2-97, 3-180, 4-187, 5-187 गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-57-2, आकिब 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-46-0, मुकेश 4-0-31-1, तिवारी 4-0-40-2

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 1.103 |
| 2. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 3. | गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.228 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 8. | दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-18 विकेट

## प्लेऑफ के लिए दावेदारी मजबूत करने उतरेंगे हैदराबाद और गुजरात

**मुकाबला आज**

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आईपीएल अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में निर्णायक कारक बन सकता है। सनराइजर्स ने सही समय पर अपनी लय हासिल कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में पर 33 रन की जीत में उसने अपनी बल्लेबाजी ताकत का शानदार नमूना पेश किया। जहां तक टाइटंस का सवाल है तो उसकी टीम बेहद संतुलित है। उसकी बल्लेबाजी कप्तान गिल और साई सुदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है और पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर बीच के ओवरों में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इससे उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने या बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफल रही है। टाइटंस की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है, जिसमें मोहम्मद सिराज और कैगिसो रबाडा की तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के साथ-साथ राशिद खान का की रुख बदलने वाली गेंदबाजी का शानदार संयोजन है।

**हाईलाइट**

### भारतीय गोल्फर युवराज संधू संयुक्त 31वें स्थान पर रहे

**बार्सिलोना।** भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू ने यहां खेले गए एस्ट्रेला डैम कैटालुन्या चैंपिनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 31वें स्थान पर रहे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में 68 का शानदार कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में क्रमशः 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद वह तालिका में नीचे फिसल गए थे। उन्होंने चौथे और अंतिम दौर में अच्छी वापसी करते हुए पांचवें, नौवें, 10वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि 12वें और 15वें होल पर बोगी की। उन्होंने 69 का कार्ड खेलकर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ अपना अभियान समाप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के युराव प्रीमलाल ने लगातार दूसरे दिन नौ अंडर 63 का बेहतरीन कार्ड खेलते हुए कुल 28 अंडर पार (70-64-63-63) के स्कोर के साथ 14 शॉट के बड़े अंतर से खिताब अपने नाम किया।

### आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। सोमवार को जारी बयान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज पांच अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है। भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं।

### आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन पर फ्लावर पर जुर्माना

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## लक्ष्य-सिंधु करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**थाईलैंड ओपन आज से**

**बैंकॉक, एजेंसी**



थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें मंगलवार से यहां शुरू हो रहे पांच लाख डॉलर ईनामी राशि के थाईलैंड ओपन में व्यक्तिगत प्रदर्शन पर होगी जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य कोहनी की चोट के कारण डेनमार्क में फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेल सके थे। वह पहले मैच में सिंगापुर के जैसन तेह जिया हेंग से खेलेंगे जबकि आयुष शेट्टी का सामना जापान के छठी वरीयता प्राप्त विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता कोडाइ नाराओका से होगा।

महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त सिंधु पहले दौर में चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग से खेलेंगी। मलेशिया में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को खिताब का सूखा खत्म करने के लिये प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता पर उन्हें मेहनत करनी होगी। श्रीकांत का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू से होगा।

तरुण मल्लेपल्ली का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। महिला वर्ग में उन्नति हुड्डा चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेगी जबकि देविका सिहाग की टक्कर जापान की नत्सुकी निदाइरा से और तन्वी शर्मा का सामना हिना अकेची से होगा।

## एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कोमल ने जीता कांस्य पदक

**गांधीनगर।** कोमल कोहर ने एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में एशियाई भारोत्तोलक के कई पारंपरिक दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए चीनी ताइपे ने पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर अपना दबदबा बनाया। हुआंग यी चेन ने 193 किग्रा (81 किग्रा और 112 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन फैंग वान लिंग ने 192 किग्रा के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता।

# बार्सिलोना ने फिर जीता ला लीगा खिताब

**बार्सिलोना, एजेंसी**



स्पेनिश ला लीगा चैंपियनशिप के साथ जश्न मनाती बार्सिलोना की टीम। एजेंसी

- **फाइनल में रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराया**
- **मार्कस रैशफोर्ड और फेरान टोरेस ने दागे गोल**

> मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगा। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल दिन था। इसकी शुरुआत मेरे पिता के निधन की खबर से हुई, लेकिन मेरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।
> **हांसी फ्लिक, बार्सिलोना के कोच**

**36** रिकॉर्ड खिताब जीते हैं रियाल मैड्रिड ने, लेकिन लगातार दूसरे साल मिली असफलता

**24** गोल किए हैं एमबाप्पे ने लीग में अभी सर्वाधिक

बार्सिलोना ने रविवार को कैंप नोउ में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 29वीं बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीता। मार्कस रैशफोर्ड के नौवें मिनट और फेरान टोरेस के 18वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की।

इससे उसने ला लिगा के तीन दौर के मैच शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अब बार्सिलोना की 35 मैच में 91 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक रविवार को खेले गए इस क्लासिको मैच में अपने पिता के निधन के बावजूद डगआउट में मौजूद थे। बार्सिलोना ने मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही उनके पिता के निधन की घोषणा की थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी और मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा। अगर यह मैच ड्रॉ भी हो जाता तो बार्सिलोना के लिए चार सत्र में अपना तीसरा लीग खिताब हासिल करने के लिए पर्याप्त होता।

रियाल मैड्रिड ने ला लिगा में रिकॉर्ड 36 खिताब जीते हैं लेकिन वह लगातार दूसरे साल को ही बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाया। बार्सिलोना ने मैच में शुरू से ही दबदबा बना दिया था। उसने शुरू में बढ़त हासिल करने के बाद रियाल मैड्रिड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उसकी रक्षापंक्ति में रियाल मैड्रिड के हमलों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई। रैशफोर्ड ने फ्री किक पर बार्सिलोना के लिए पहला गोल किया, जबकि टोरेस ने डैनी ओल्मो के पास पर पेनल्टी एरिया के अंदर से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया जो आखिर तक बरकरार रहा।

हांसी फ्लिक ने कहा यह टीम परिवार की तरह है और उन्होंने आज अपना सब कुछ झोंक दिया और मुझे उन पर बहुत गर्व है। इस स्टेडियम में रियाल मैड्रिड के खिलाफ क्लासिको में ला लिगा का खिताब जीतना अद्भुत है। रियाल मैड्रिड को काइलिन एमबाप्पे की कमी खली जो चोटिल हैं।

# सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा

**नवाबगंज, गोंडा**



- **फ्री-स्टाइल में जीते 8 स्वर्ण पदक नंदिनी नगर महाविद्यालय में चल रही प्रतियोगिता**

**अमृत विचार :** नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित ओपन नेशनल सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में रविवार को हुए फ्री-स्टाइल शैली के मुकाबलों में हरियाणा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा।

हरियाणा ने कुल 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर टीम चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं दिल्ली ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। सेना (एसएससीबी) ने 1 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। टीम रैंकिंग में हरियाणा ने 235 अंक अर्जित किए। दिल्ली की टीम 88 अंकों के साथ दूसरे तथा सेना 60 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। फ्री-स्टाइल शैली के सभी विजेता पहलवानों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को ग्रीको रोमन शैली की कुश्ती देर रात तक जारी रही। अर्जुन अवार्ड धारी अंतर्राष्ट्रीय नामी पहलवान दीपक पुनिया ने 97 किलो भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता।

**डब्ल्यूएफआई**

**प्रतिबंध के बावजूद राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी, महासंघ के मुताबिक जवाब अधूरा है, नहीं ले सकतीं भाग**

# गोंडा पहुंचीं विनेश फोगाट, कहा-भागीदारी के काबिल हूं

**नंदिनीनगर, गोंडा**



जवाब देने पहुंचीं भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट और डब्ल्यूएफआई के बीच विवाद एक बार फिर गहरा गया है। महासंघ द्वारा घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर रोक लगाए जाने के बावजूद विनेश राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गोंडा पहुंच गई हैं।

अयोध्या पहुंचने पर विनेश ने कहा कि वह प्रभु श्रीराम की नगरी में दर्शन करने आई हैं और इसके बाद नंदिनी नगर में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेंगी। उन्होंने कहा जो होगा देखा जाएगा। दरअसल, हाल ही में डब्ल्यूएफआई ने विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। महासंघ ने स्पष्ट किया था कि वह जून 2026 तक किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पात्र नहीं हैं। इस प्रतिबंध में गोंडा में 10 से 12 मई तक आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल है। डब्ल्यूएफआई का कहना है कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ी को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होती है और इस अवधि में एंटी डोपिंग जांच के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। महासंघ के अनुसार विनेश ने इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया। हालांकि विनेश ने महासंघ को दिए अपने जवाब में दावा किया है कि यह नियम उन पर लागू नहीं होता, क्योंकि वह जून 2025 में ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू को अपनी वापसी की जानकारी दे चुकी थीं। उन्होंने कहा कि वापसी से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली गई थीं। महासंघ ने 15 पन्नों के नोटिस में यह भी आरोप लगाया था कि विनेश के व्यवहार से भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि 2024 समर ओलंपिक में फाइनल मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद विनेश ने संन्यास की घोषणा की थी।

### कुश्ती महासंघ राहत देने के मूड में नहीं

डब्ल्यूएफआई सूत्रों का कहना है कि विनेश ने केवल पात्रता संबंधी बिंदुओं पर जवाब दिया है, जबकि अनुशासनहीनता के आरोपों का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। विवाद के बीच डब्ल्यूएफआई ने यह भी साफ किया कि टूर्नामेंट के चयन मानदंड किसी एक खिलाड़ी को रोकने के लिए नहीं बदले गए हैं।

### दावा : वाडा ने पाक-साफ करार दिया

गोंडा। पहलवान विनेश फोगाट ने सोमवार को अपने पात्रता संबंधी विवाद पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) दोनों ने उन्हें एक जनवरी 2026 से फिर से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी है।